हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • गुरूवार • 20 नवंबर 2025 • वर्ष 10 • अंक 196 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## आदर्श डिजिटल गांव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं एनआईटी जैसे संस्थान: राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थान देश में आदर्श डिजिटल गांवों के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। ये संस्थान सरल तकनीकी समाधान विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित कर सकते हैं, लोगों को डिजिटल कौशल सिखा सकते हैं और उद्योगों के सहयोग से गांवों में बेहतर सुविधाओं के विकास को गति दे सकते हैं। राष्ट्रपति बुधवार को एनआईटी दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीक को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है और इसके माध्यम से अनगिनत अवसरों के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों तक तेज इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि हर नागरिक को समान अवसर मिल सके।



राष्ट्रपति मुर्मु ने एनआईटी दिल्ली की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने बताया कि एनआईटी दिल्ली आधुनिक बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक उत्कृष्टता, बहु-विषयक शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह संस्थान नवाचार, उद्योगों के साथ सहयोग और कौशल आधारित सीखने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि एनआईटी दिल्ली ने छात्रों और शिक्षकों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए स्टार्ट-अप केंद्र स्थापित किया है। यह केंद्र नवीन विचारों को दिशा देने, संसाधन उपलब्ध कराने और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद कर रहा है। इसके अलावा, संस्थान में एक इनक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है, जो छात्रों के नवाचारों को व्यवहारिक व्यवसाय मॉडल में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास स्वरोजगार को बढ़ावा देंगे और छात्रों को सशक्त बनाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, जिसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ समावेशी विकास, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी प्रगति भी शामिल है। उन्होंने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, सुगम्य भारत अभियान और उन्नत भारत अभियान जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनभागीदारी से भारत अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करेगा। छात्रों को लगातार सीखते रहने, शोध में अग्रसर रहने और नवाचार को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सच्ची प्रगति का पैमाना समाज पर सकारात्मक प्रभाव है। चाहे छात्र सतत ऊर्जा प्रणालियां विकसित करें, सुलभ तकनीक बनाएं या ग्रामीण व वंचित समुदायों के लिए समाधान तैयार करें, उनके कार्यों से असमानताओं में कमी लाने और लोगों के जीवन में आशा जगाने का प्रयास होना चाहिए। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि एनआईटी दिल्ली के विद्यार्थी अपने योगदान से संस्थान और देश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## संक्षिप्त

### आत्महत्या इस्लाम में हराम और निर्दोष लोगों की हत्या करना बहुत बड़ा पाप

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली में बम धमाका करने वाला आतंकी



उमर फिदायीन हमलों को मजहब का सबसे अच्छा काम मनता था। उमर के फोन से निकले एक वीडियो में वह इसे इस्लाम में जायज ठहराने की कोशिश करता नजर आया। अब एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने आतंकी के कुतर्कों का जवाब देते हुए कहा कि इस तरह की कायराना हरकत इस्लाम में हराम है। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के अलावा कुछ नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में लाल किले के पास कार में धमाका करके मासूम लोगों की जान लेने वाले आतंकी का मोबाइल फोन कश्मीर से बरामद किया गया है।

### सोने का भाव 1,22,700 रुपए तक पहुंचा, चांदी में भी उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** सोने-चांदी के वायदा भाव कारोबार में तेजी देखने



को मिल रही है। दोनों के भाव बुधवार को तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,22,700 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,55,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट159 रुपये की तेजी के साथ 1,22,799 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,22,640 रुपये था। इस समय यह 59 रुपये की तेजी के साथ 1,22,690 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### नोएडा में फर्जी रॉ अधिकारी गिरफ्तार




**एजेंसी, नोएडा ।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने आज तड़के एक फर्जी रॉ अधिकारी को गिरफ्तार किया है। यह कहीं पर खुद को रॉ अधिकारी तो कहीं पर खुद को आर्मी का मेजर बताकर रहता था। इसने खुद को रॉ अधिकारी बताकर एक महिला जज से शादी की है। पत्नी बिहार के छपरा में तैनात हैं। आरोपित एक कंपनी बनाकर उसमें फर्जी तरीके से हैवी ट्रांजैक्शन करके, कंपनी के वर्थ को बढ़ाकर उसका शेयर मार्केट में जारी कर लोगों से ठगी करने की योजना बना रहा था। कंपनी से संबंधित दस्तावेज भी एसटीएफ ने बरामद किया है।

## नीतीश कुमार जेडीयू तो सम्राट चौधरी बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए

▪ आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नीतीश, पीएम मोदी होंगे समारोह में शामिल

**एजेंसी, पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को पटना में बीजेपी और जदयू की अहम बैठकें हुई। जेडीयू ने बुधवार को सीएम हाउस में हुई बैठक में नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुन लिया। इसके साथ ही बीजेपी की ओर से बुधवार सुबह पटना स्थित पार्टी कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया, जबकि विजय सिन्हा को विधानमंडल दल का उपनेता चुना। नीतीश कुमार के गुरुवार सुबह 11:30 बजे गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के मुताबिक इस समारोह में पीएम मोदी समेत कई



वरिष्ठ नेता और कई राज्यों के सीएम भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को कुल 202 सीटें मिली हैं। बीजेपी ने 89 सीटों पर जीत हासिल की है। दूसरे नंबर पर नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटें मिली हैं। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति (आर) का स्ट्राइक रेट भी बेहतर रहा। पार्टी ने 19 पर जीत दर्ज की है, जो एनडीए में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी और पूरे बिहार में चौथे नंबर की पार्टी रही। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा को पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटों पर जीत हासिल हुई है।

### शपथ आज : 50 मिनट के शुभ मुहूर्त में बनेगी बिहार की नई सरकार

**एजेंसी, पटना :** बिहार में नई सरकार के गठन की तैयारी करीब-करीब पूरी हो चुकी है और नीतीश कुमार गांधी मैदान में 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। बताया जाता है कि एनडीए के नेताओं को ज्योतिषियों से जो समय दिया गया है वह गुरुवार (20 नवंबर) को 11:00 बजे से लेकर 11:50 तक है, यानी कि इस दौरान 50 मिनट का शुभ मुहूर्त है जिसमें नीतीश कुमार अपने मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ शपथ लेंगे। नीतीश के शपथ ग्रहण समारोह से में डेढ़ से 2 लाख लोगों के आने की भी संभावना है। बता दें कि शपथ ग्रहण समारोह पटना के गांधी मैदान में होने जा रहा है जिसके भव्य आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। नीतीश कुमार गांधी मैदान पटना में 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेता समारोह में शामिल होंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्री आएंगे। नीतीश सरकार गठन की कवायद के बीच आज बीजेपी और जेडीयू के विधायकों की अलग-अलग मीटिंग में विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। इसके बाद एनडीए के सारे विधायकों की बैठक होगी जिसमें नीतीश कुमार को नेता चुना जाने की औपचारिकता पूरी कर ली जाएगी।

## अगस्त 2027 में दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन, दो घंट में तय करेगी 500 किमी का सफर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

दुनिया के विकसित देशों में बुलेट ट्रेन दौड़ रही हैं। भारत जैसे तेजी से विकास की ओर दौड़ रहे देश में भी पहली बुलेट ट्रेन जल्द दौड़ने को तैयार है। इस मामले की जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत की पहली हाई स्पीड बुलेट ट्रेन अगस्त 2027 में दौड़ेगी। इस दौरान भारत की पहली बुलेट ट्रेन गुजरात के सूरत से लेकर वलसाड़ तक के बीच 100 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

बता दें केंद्र में बीजेपी की नरेंद्र मोदी सरकार बनने के बाद इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का ऐलान किया था। अब धीरे-धीरे यह योजना अपने अंजाम की तरफ पहुंच रही है। रेल भवन में अपने संबोधन में रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर का काम तेजी से चल रहा है। वैष्णव ने बताया कि यह रूट पूरे 508 किलोमीटर का है, जिसे 2029 तक पूरी तरह से तैयार कर लिया जाएगा। इस रूट के तैयार होने के बाद अहमदाबाद से मुंबई पहुंचने में मात्रा 1 घंटा 58 मिनट का समय लगेगा। बुलेट ट्रेन को लेकर जानकारी देते हुए वैष्णव ने बताया



कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेगी। इस दौरान अहमदाबाद से मुंबई के बीच 4 स्टेशनों पर स्टॉपेज के बावजूद 508 किलोमीटर का सफर 1 घंटा, 58 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस दौरान जब ये ट्रेन 12 स्टेशनों पर रुकेगी तो यात्रा पूरी होने में कुल 2 घंटा 17 मिनट लगेगा। बुलेट ट्रेन की जानकारी देने के दौरान जब अश्विनी वैष्णव से पूछा गया कि इस रूट पर जापान की शिंकानसेन ट्रेन चलेगी या देश में बनी हाई स्पीड ट्रेन चलेगी, उन्होंने इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वैष्णव ने संकेत दिया कि भारतीय परिस्थितियों में शिंकानसेन मॉडल ही सबसे उपयुक्त माना जा रहा है।

## शिखर सम्मेलन में शामिल होने से पहले जयशंकर ने राष्ट्रपति पुतिन से की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस की यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकत की। इस मौके पर कई बिंदुओं पर पर चर्चा की गई। इस दौरान जयशंकर ने पुतिन को आगामी वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन की तैयारियों से अवगत कराया।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज मास्को में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करके सम्मानित महसूस किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन पहुंचाया। उन्हें आगामी वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन



की तैयारियों से अवगत कराया। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। हमारे संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए उनके दृष्टिकोण और मार्गदर्शन की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं। इससे पहले उन्होंने सोमवार को मास्को में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात के बाद कहा कि लावरोव से मिलकर खुशी हुई। व्यापार और निवेश, ऊर्जा, गतिशीलता, कृषि, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित हमारी द्विपक्षीय साझेदारी पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। इसके अलावा, एस। जयशंकर ने रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठकें कीं। उन्होंने प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंकों से भी बातचीत की। इस दौरान क्षेत्रीय, वैश्विक और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी: एसआईआर का करेगी विरोध, रामलीला मैदान में होगी विशाल रैली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भले ही कांग्रेस को बिहार में करारी हार मिली है लेकिन वो चुनौतियों से टकराने से पीछे नहीं हट रही है। लगातार संघर्ष कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। कांग्रेस ने फैसला किया है कि दिसंबर में दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। यह फैसला इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में लिया गया। जहां कांग्रेस ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग



पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एसआईआर में निशाना बनाकर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं और चुनाव आयोग ने जैसी नीति बिहार में अपनाई, वही बाकी राज्यों में भी दोहराई जाएगी। पवन खेड़ा ने याद दिलाया कि कांग्रेस बिहार चुनाव के पहले से ही एसआईआर को लेकर सवाल उठा रही है और बिहार में वोटर अधिकार यात्रा भी निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के बारे में सुप्रीम कोर्ट के पांच आदेश आए और पांचों ही चुनाव आयोग के खिलाफ रहे, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की बदनीयती को स्पष्ट रूप से देखा। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देशभर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया, जिसमें पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर वोटर का अधिकार छीना जाएगा तो हम सब आवाज उठाएंगे और यह हमारा कर्तव्य है। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया वाले 12 राज्यों से संबंधित सीडब्ल्यूसी सदस्यों, प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं, महासचिवों, प्रभारियों और प्रभारी सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक के उपरांत कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में रामलीला मैदान में एसआईआर के खिलाफ विशाल रैली कर चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का पर्दाफाश किया जाएगा।

## अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह: बटन दबाने के 10 सेकंड बाद ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा

**एजेंसी, अयोध्या**

प्रभू श्रीराम की नगरी अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तैयारी का जायजा लेने अयोध्या पहुंचें और उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। अब 25 नवंबर को दोपहर 11:55 से लेकर 12:10 के बीच शुभ मुहूर्त (अभिजीत मुहूर्त) पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना करेंगे। खास बात यह है कि बटन दबाने के 10 सेकंड के बाद ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। पीएम मोदी राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज की स्थापना कर



देश और विदेश के राम भक्तों को राम मंदिर पूरा होने का संदेश देंगे। अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है। कई बार सेना के बड़े अधिकारियों ने इस पर रिहर्सल भी किया है। इसके अलावा अयोध्या में सभी चौक चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। जहां इसका लाइव प्रसारण होगा तो देश दनिया में बैठे राम भक्त दूरदर्शन के माध्यम से इस पूरे कार्यक्रम को अपने घरों में देख सकते हैं। ऐसी तैयारी राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से की जा रही है। राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि 25 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ प्रमुख मोहन भागवत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इस दिन अयोध्या पहुंचेंगे और इस मौके पर 6000 विशिष्ट मेहमान भी सम्मिलित होंगे ध्वजारोहण कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पूर्णता का संदेश देंगे। केसरिया रंग का खास ध्वज राम मंदिर में पहुंच भी गया है। जिस पर भगवान सूर्य, ऊं और कोबिदार वृक्ष अंकित है। यह सभी चिन्ह सूर्यवंश का प्रतीक माना जाता हैं। ध्वज फहराते ही मठ मंदिर के साथ संपूर्ण सनातनी के घरों में घंट घड़ियाल की ध्वनि भी सुनाई देगी। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है। इसी स्तंभ पर 22 फुट लंबी और 11 फुट चौड़ी केसरिया कलर की ध्वज की स्थापना की जाएगी।

## झारखंड : मुख्यमंत्री का पलामू दौरा 21 को, डीसी-एसपी ने स्थल का लिया जायजा

**एजेंसी, पलामू**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 नवम्बर को पलामू दौरे पर आयेंगे। जिले के नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड क्षेत्र के महावीर मोड़ पर आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। कई बड़ी योजनाओं के आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। परिसंपत्ति का वितरण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के पलामू परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त समीरा एस व एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को नीलाम्बर-पीतांबरपुर में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सभी पदाधिकारी को कई निर्देश दिये। संभावित कार्यक्रम स्थल में विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चस्त-दरुस्त रखने का



निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए ईमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए। चाक-चौबंद व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दिन कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए पदाधिकारी उप विकास आयुक्त के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सूची सौंपना सुनिश्चित करें। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता सहित अन्य जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं सभी बीडीओ-सीओ वर्चुअल मोड से जुड़े रहे। इधर, टेंट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले भी भाग ले चुके हैं। पलामू के इलाके में 2023 के बाद से सीएम पांच से अधिक बार दौरा कर चुके हैं और कई बड़ी योजनाओं की घोषणा कर चके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बाल अधिकार सप्ताह का सफल आयोजन

**नवादा।** नवादा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 14.11.2025 से 20.11.2025 तक पर्यवेक्षण गृह, नवादा में "बाल अधिकार सप्ताह" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवधि में पर्यवेक्षण गृह के बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में आज दिनांक 19.11.2025 को प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल आए प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा सुश्री शिल्पी सोनीराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्ठ–सह–विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), विशेष न्यायाधीश (उत्पाद) प्रथम एवं द्वितीय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नवम्, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नवादा, मुसिफ नवादा श्री प्रतीक सागर, प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्याय परिषद श्री देवव्रत कुमार तथा प्रोबेशन न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा श्रीमती सौम्या सागर उपस्थित रहीं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा मिल सके।

### ठंढ बढ़ते ही लोगों की बढ़ी परेशानी




**नारदीगंज( नवादा)।** मौसम बदलने से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। ठंड की दस्तक से आम जीवन भी अस्त व्यस्त होने लगा है। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। ठंडी हवाओं की झोंका भी धीरे धीरे चल रही है। दैनिक कार्य भी प्रभावित होने लगा है। खासकर गरीब तबके के लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी व निजी क्लिनिक में मरीजों की बढ़ रही है। इस ठंड में नवजात शिशुओं के अलावा बुजुर्गों को अधिक परेशानी बढ़ी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औसतन आउटडोर में प्रतिदिन 200 से 250 मरीज इलाज के लिए आ रहें हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.नवीन कुमार कहते हैं कि बड़े बुजुर्गों में रक्तचाप, पेट की बीमारी, लकवा आदि से सम्बंधित बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। वही नवजात शिशुओं में सर्दी,खांसी, निमोनिया, एलर्जी आदि रोग से ग्रसित होकर पहुंचते हैं। इसके लिए समुचित इलाज के साथ आवश्यक निर्देश भी दिया जा रहा है। तापमान में गिरावट रही है। ऐसे में सजग व सर्तक रहना है। इस केंद्र दवा भंडारण कक्ष में 250 प्रकार की दवाइयां है। मरीजों के लिए पर्याप्त सुविधाओं हैं। फार्मासिस्ट संजीव कुमार कहते हैं कि सर्प बिच्छू की दवाई है। जिसमे दवा भंडारण कक्ष में सर्प काटने पर इलाज के लिए 20 भायल औऱ आउटडोर में 10 भायल दवाई है।

### चेचक की सुचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची आजादपुर गावं

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड के डोहरा पंचायत के आजादनगर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। बताया गया इस गांव एक पखवाड़े पहले कई बच्चों को चेचक रोग हो गया था। फिलहाल अभी सभी स्वस्थ्य हैं। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के जिला फील्ड मुनेटर सुकेश कुमार और विपिन कुमार गांव पहुंचे। इसके अलावा लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार और आशुतोष कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने बताया सभी चेचक पीड़ित बच्चों का ब्लड सैम्पल लिया गया है। यह सैम्पल लेने के बाद जांच के लिए पटना भेजा जाएगा।

### श्रद्धा पुर्वक मनाई गयी पूर्व पीएम की जयंती

**नारदीगंज (नवादा)** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की जयंती बुधवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह,कामता प्रसाद सिंह,सियाशरण दास,दशरथ प्रसाद ,रामशरण सिंह,रामधनी सिंह समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

### फाइलेरिया प्रसार दर की पहचान के लिए जिले में होगी नाइट ब्लड सर्वे की शुरुआतः सीएस

**मोतिहारी।** जिले के सभी 27 प्रखंडो में फाइलेरिया रोग के प्रसार दर का पता लगाने के लिए नाइट ब्लड सर्वे (रात्रि रक्तपट्ट संग्रह) का जल्द ही आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में एक रैंडम (अस्थाई) और एक सेंटिनल (स्थाई) साईट बनाया गया है। इसको लेकर जिले के चिरैया, मधुबन, संग्रामपुर, चकिया प्रखंडों के सीएचओ, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी और रोगी हित धारक मंच के सदस्य लोगों को जागरूक करने में लग गए है। इस सम्बन्ध में सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया की फाइलेरिया के प्रसार दर की पहचान के लिए जिले में नाइट ब्लड सर्वे की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। इससे फाइलेरिया प्रसार का सही आंकड़ा उपलब्ध हो पाएगा, जिससे सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवाओं के एडमिनिस्ट्रेशन में आसानी होगी। एनबीएस के बाद जिन प्रखंडों का प्रसार दर एक या उससे अधिक आएगा वहां दस फ़रवरी से आशा, स्वास्थ्य कर्मियों, एवं रोगी हित धारक मंच के सहयोग से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## स्वच्छता एवं सुविधाओं में तत्काल सुधार का दिया निर्देश

निज संवाददाता। नवादा

नवादा जिला पदाधिकारी,नवादा रवि प्रकाश ने सदर अस्पताल, नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर की स्वच्छता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न वार्डों की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल परिसर में जल जमाव के कारण कचरा इकट्ठा हो गया था। इस पर जिलाधिकारी ने नाले का शीघ्र निर्माण कर जल जमाव की समस्या दूर करने तथा परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर में अतिरिक्त चापाकल स्थापित करने तथा खुले में गिर रहे पानी के लिए सोख्ता निर्माण कर उसे ढकने का निर्देश दिया, ताकि मच्छरों के प्रकोप की संभावना को रोका जा सके।उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि अस्पताल के



सभी प्रकार के कचरे, विशेष रूप से ह्यूमन टिश्यू सहित बायो-मेडिकल वेस्ट को किसी भी स्थिति में खुले में न रखा जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से एजेंसी के द्वारा उसका निस्तारण किया जाये ।

फैब्रिकेटेड वार्ड के निरीक्षण के दौरान सरिता देवी, निवासी लक्ष्मीपुर (पकड़ी बरमा) ने शिकायत की कि वार्ड की सफाई अच्छे से नहीं होती है। इस पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर जीविका के माध्यम से साफ़ सफाई एवं चादर धुलाई प्रारंभ करने का निदेश DPM जीविका को दिया ।जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में पहुँचकर मरीजों से उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।शौचालय निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शौचालय का शीघ्र मरम्मती कर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विशेषकर महिला मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में जहाँ-जहाँ प्रकाश व्यवस्था की कमी है, वहाँ नई लाइट लगाने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है तथा स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, अस्पताल उपाधीक्षक, डीपीएम, अस्पताल प्रबंधक सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# मोतनाजे में कार्य प्रगति कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



निज संवाददाता। नवादा

जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा आज मोतनाजे में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-2 पार्ट-1 के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दों पर मौजा मधुबन एवं मौजा मोतनाजे के ग्रामीणों से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वास हेतु उपयुक्त जमीन चिह्नित करने का निर्देश नवादा एवं नारदीगंज के अंचल अधिकारियों को दिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजना से जुड़े सभी कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। गंगाजल आपूर्ति योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सुनिश्चित होगा।

# मनरेगा कार्यों की गहन समीक्षा, ई-केवाईसी को 30 नवंबर तक शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश

निज संवाददाता। नवादा

उप विकास आयुक्त,नवादा प्रियंका रानी की अध्यक्षता में आज महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभागीय निर्देशानुसार यह रेखांकित किया गया कि सभी सक्रिय मजदूरों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है, ताकि मजदूरी का भुगतान आधार-आधारित प्रणाली से सुगमता पूर्वक किया जा सके। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में अब तक केवल 11.8 प्रतिशत सक्रिय मजदूरों का ही ई-केवाईसी किया गया है। उप विकास आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए 30 नवम्बर 2025 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन पंचायत रोजगार सेवकों द्वारा निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रतिदिन ई-केवाईसी प्रगति का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।



इसके अतिरिक्त, जलदूत ऐप के माध्यम से पोस्ट मानसून वाटर लेवल सर्वे को दो दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने तथा एरिया ऑफिसर निरीक्षण ऐप के माध्यम से सभी योजनाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।मानव दिवस सृजन की समीक्षा में उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं महिलाओं की क्रमशः 30 प्रतिशत एवं 60 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, चल रही योजनाओं में मजदूरों की उपस्थिति नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (NMMS) के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कुल व्यय का कम से कम 60 प्रतिशत ऐसे कार्यों पर खर्च करने पर बल दिया।जिले में मनरेगा अंतर्गत निर्मित खेल मैदानों के उचित प्रबंधन तथा अपूर्ण खेल मैदानों को शीघ्र पूर्ण कराने का भी निर्देश सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में निदेशक (NEP) श्री रवि जी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(मनरेगा) श्री बिकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता मनरेगा तथा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टोल प्लाजा पर स्कॉर्पियो पर सवार रहे लोगों ने कर्मियों के साथ की मारपीट व छिनतई,प्राथमिकी दर्ज

## तीन कर्मी घायल,पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर मंगलवार की देर शाम एक स्कॉर्पियो पर सवार रहे लोगों द्वारा टोल टैक्स नहीं देने को लेकर उपजे विवाद में कर्मियों के साथ जमकर मारपीट हुई।इस मारपीट में तीन टोल कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए,जिसे सहकर्मी की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करवाया गया।साथ ही स्कॉर्पियो में सवार रहे तीन उपद्रवियों को टोल कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा पर बीते मंगलवार को रजौली से नवादा की ओर जा रही ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो संख्या जेएच02एभी5889 वीआईपी लेन से जाने का प्रयास किया।टोलकर्मियों द्वारा स्कॉर्पियो चालक को फास्टैग वाले लेन से जाने को कहा गया।इसी को लेकर स्कॉर्पियो में सवार रहे चार लोग भड़क गए और टोलकर्मियों से मारपीट करने लगे।इस मारपीट में तीन टोलकर्मी विनय सिंह,नीतीश कुमार व अभिषेक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया।इस दौरान एक टोलकर्मी का मोबाइल भी तोड़ दिया गया और एक सोने की अंगूठी भी छीन लिया गया।हल्ला होने पर टोल प्लाजा के कर्मी एकजुट होकर स्कॉर्पियो में सवार रहे तीन लोगों को पकड़ लिया गया,जबकि एक व्यक्ति स्कॉर्पियो लेकर बेरीकेडिंग तोड़कर भागने में सफल रहा।थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर टोल प्लाजा मैनेजर सुमित कुमार चौधरी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।



थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

गिरफ्तार लोगों की पहचान नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी गांव निवासी रामवृक्ष यादव के पुत्र राजा कुमार व बिंद थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी वोधी यादव के पुत्र जय कुमार एवं पटना जिले के घोसबरी थाना क्षेत्र के पैजना गांव निवासी तारु प्रसाद यादव के पुत्र ऋषिकेश राज के रूप में हुई है।गिरफ्तार लोगों के शराब पीए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि तीनों गिरफ्तार लोगों के अलावे एक अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।तीनों गिरफ्तार लोगों को बुधवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन के लिए दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया

निज संवाददाता। नवादा

आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन को सुनिश्चित करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा विभिन्न विभागों के साथ दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा सुश्री शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में यह बैठकें संपन्न हुईं।

पहली बैठक में माप-तौल विभाग एवं पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवादा न्यायमंडल के विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय योग्य माप-तौल संबंधी वादों की समीक्षा की गई। सचिव श्री पाण्डेय ने निर्देश दिया कि सभी सुलहनीय वादों के पक्षकारों को शीघ्र नोटिस निर्गत करते हुए उनकी अद्यतन सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाए, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में इन मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक



कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ग्राम कचहरी के स्तर पर लंबित सुलहनीय वादों की सूची भी तत्काल कार्यालय में दाखिल करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के सहायक राकेश कुमार उपस्थित थे।

दूसरी बैठक वन विभाग, श्रम विभाग एवं खनन विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई, जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में वन, श्रम एवं खनन से संबंधित लंबित सुलहनीय योग्य वादों के अधिक से अधिक निष्पादन पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी सुलहनीय मामलों के पक्षकारों को नोटिस निर्गत करते हुए लंबित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा को उपलब्ध कराएं, ताकि इन वादों के निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस बैठक में वन विभाग के रेंजर, जिला खनन पदाधिकारी, श्रम विभाग की ओर से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के सहायक राजेश कुमार उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायमंडल के सभी सुलहनीय वादों का अधिकतम निष्पादन हो तथा आम जनता को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

# जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त, 20 से 30 नवंबर तक होगा घरों का सर्वे

निज संवाददाता। रजौली

प्रखंड क्षेत्र में जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण के तहत प्रखंड सभागार में पर्यवेक्षकों एवं मध्य विद्यालय रजौली में प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया है।सभी लोगों को प्रशिक्षकों की मदद से पहली बार होने वाली डिजिटल जनगणना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया है।इसका नेतृत्व कर रहे बीडीओ संजीव झा ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत बिहार के तीन प्रखंडों में पूर्व परीक्षण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है,जिसमें रजौली भी शामिल है।प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जानी है।प्रशिक्षकों की मदद से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना के महत्व और इसकी सटीकता पर विशेष बल दिया गया है।साथ ही सभी को प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को पूर्व परीक्षण हेतु आधिकारिक निर्देश पुस्तिका उपलब्ध कराई गई है तथा भारत की इस अभूतपूर्व डिजिटल जनगणना पहल पर व्यापक जानकारी भी प्रदान की गई।प्रशिक्षण का मुख्य फोकस



प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक एवं प्रशिक्षक

मकान सूचीकरण संबंधी मूल अवधारणाओं पर रहा।प्रशिक्षकों को मकान-सूचीकरण अनुसूची भरने की प्रक्रिया तथा पहली बार उपयोग किए जाने वाली एचएलओ मोबाइल ऐप के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि यह एक पूर्णतः डिजिटल प्रक्रिया है,जिसमें हाउसलिस्टिंग ब्लॉक्स मैप तैयार करने के लिए एचएलबी वेव क्रिएटर का उपयोग,डिजिटल लेआउट मैप (डीएलएम) ऐप द्वारा संरचनाओं का जियो टैगिंग कर लेआउट मैप तैयार करना, और अंततः एचएलओ ऐप के माध्यम से सीधे घरों का विवरण अंकित करना शामिल है।बीडीओ ने कहा कि प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद प्रगणक एवं प्रशिक्षक 20 से 30 नवंबर तक फील्ड में रहकर सूचनाओं को संग्रह करेंगे और मोबाइल ऐप के माध्यम से सारा डाटा अपलोड करेंगे।

# डॉ. डी.एन. मिश्रा को मिला 'बेहतर शिक्षाविद' अवार्ड - कानूनी शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान का मिला सम्मान

निज संवाददाता। नवादा

नवादा विधि महाविद्यालय (Law College Nawada) के प्राचार्य एवं मगध विश्वविद्यालय विधि विभाग के प्रतिष्ठित शिक्षाविद डॉ. डी.एन. मिश्रा को झारखंड सरकार की ओर से 'बेहतर शिक्षाविद' (Best Academic Excellence Award) से सम्मानित किया गया है। रांची में आयोजित एक भव्य समारोह में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री चंद्र किशोर सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में उपस्थित शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विधि छात्र-छात्राओं ने डॉ. मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल की, बल्कि पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कार मिलने



की खबर से नवादा जिले में खुशी की लहर है और बुद्धिजीवी समाज ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

नवादा विधि महाविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सिविल कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. साकेत बिहारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डॉ. मिश्रा ने कानूनी शिक्षा के स्तर को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने कहा— "डॉ. डी.एन. मिश्रा ने अपने अथक परिश्रम और दूरदर्शी सोच के बल पर नवादा जैसे छोटे जिले में भी विधि महाविद्यालय की स्थापना और संचालन को सफल बनाया। आज यहां एलएलएम तक की शिक्षा उपलब्ध होना उनके प्रयासों का ही परिणाम है। वे निश्चित रूप से बधाई और सम्मान के पात्र हैं।"

वहीं, कॉलेज प्रबंधन से जुड़े संतोष कुमार ने बताया कि जल्द ही नवादा विधि महाविद्यालय परिवार की ओर से एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें डॉ. मिश्रा का औपचारिक स्वागत और सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों के बीच डॉ. मिश्रा एक प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित हैं और उनकी उपलब्धि से कॉलेज के गौरव में और वृद्धि हुई है।

डॉ. मिश्रा को सम्मान मिलने पर स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों एवं पूर्व छात्रों ने भी खुशी व्यक्त की है। उनका कहना है कि ऐसे सम्मान से जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और शिक्षा जगत में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नवादा के शिक्षाविदों ने आशा व्यक्त की है कि डॉ. मिश्रा आगे भी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और युवा पीढ़ी को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने का कार्य जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सावधान : स्टेशनों पर गंदगी फैलाने पर, भरना होगा जुर्माना




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठाया जाता है । सभी स्टेशनों पर नियमित आधार पर साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है। पिछले माह दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर मशीनीकृत और मैन्युअल रात्रि धुलाई के लिए 14.10.2025 से 30.10.2025 तक 15 दिनों का एक विशेष अभियान चलाया गया था। रेल प्रशासन यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है। इतना कुछ के बाद भी कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हैं । इसे रोकने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है । इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर माह तक 2864 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 05 लाख 84 हजार रूपये वसूल किये गये ।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के भुगतान में लापरवाही बरतने वाले आवास सहायक से मांगा गया स्पष्टीकरण



**केसरिया, पू.च।** बीडीओ कुमुद कुमार ने बुधवार को अपने कक्ष में प्रखंड क्षेत्र के आवास सहायकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 तक के प्रधानमंत्री आवास योजना के भुगतान व इससे संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें कई आवास सहायकों के द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया। इस योजना के लाभुकों को द्वितीय किश्त के भुगतान में लापरवाही बरतने के आरोप में रामपुर खजुरिया के आवास सहायक विवेक कुमार सिंह, कढ़ान के आवास सहायक धर्मेंद्र कुमार व पश्चिमी सुन्दरापुर के आवास सहायक अजय चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं तृतीय किस्त के भुगतान में रामपुर खजुरिया, गोंढी कुशहर व ताजपुर पटखौलिया पंचायत भी नीचले पायदान पर है। इसको लेकर संबंधित पंचायत के आवास सहायक से भी कारणपृच्छा की मांग की गई। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि दो वित्तीय वर्ष में 7115 लक्ष्य के विरुद्ध 7008 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें 6659 लाभुकों को प्रथम किश्त, 2786 लाभुकों को द्वितीय किश्त व 772 लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि का भुगतान किया जा चुका है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय किश्त से वंचित शेष लाभुकों को भुगतना करने की प्रक्रिया की जा रही है। बीडीओ ने संबंधित सभी आवास सहायकों के लक्ष्य को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने को निदेशित किया। बैठक में आवास पर्यवेक्षक श्रीकांत कुमार, आवास सहायक प्रवीण कुमार, रतन कुमार, धनंजय कुमार, रूपम कुमारी, उदयशंकर कुमार, कार्यपालक सहायक रूपेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### सुन्दरापुर वृत्ति टोला में हो रहे रुद्र चंडी महायज्ञ के आठवें दिन हुआ महाआरती



**केसरिया।** प्रखंड के सुन्दरापुर वृत्ति टोला में चल रहे श्री श्री 1008 श्री रूद्र चंडी महायज्ञ के आठवें दिन बुधवार को विद्वान पंडितों द्वारा आचार्य पंडित संजय कुमार पांडेय के आचार्यत्व में पूजन, महा अभिषेक, हवन और महाआरती विधिवत संपन्न हुई। वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा वेद-मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में पंडित चंद्रभूषण मिश्रा, प्रकाश कुमार भारद्वाज, रंजन मिश्रा, नितेश मिश्रा, गोविंद पाठक, राजू मिश्रा, संजय मिश्रा, ऋतुराज पाठक, कन्हैया मिश्रा सहित कई विद्वान ब्राह्मणों ने यज्ञ-विधि में सहभागिता निभाई। आयोजक नागेंद्र सिंह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे और पूजन-अनुष्ठान में आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति 20 नवंबर 2025 को महाभंडारे के साथ की जाएगी।

# लालू यादव के करीबी एकाउंटेंट अमित कात्याल दूसरी बार गिरफ्तार

निज संवाददाता। पटना




पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेहद करीबी माने जाने वाले चार्टर्ड एकाउंटेंट अमित कात्याल पर एक बार फिर कार्रवाई हुई है। प्रवर्तन निदेशालय ने आर्थिक फर्जीवाड़े के एक बड़े मामले में अमित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने 300 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले का मामला दर्ज किया था, जिसे बाद में ED ने अपने हाथ में ले लिया। जांच के दौरान फर्जीवाड़े के पुख्ता सबूत मिलने के बाद गिरफ्तारी की गई है।

अमित कात्याल M/s एंगल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी रियल एस्टेट कंपनी का प्रमोटर-डायरेक्टर है। पिछले साल भी उसकी लगभग 56 लाख की संपत्ति जब्त की गई थी। एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार अमित का लालू प्रसाद के परिवार से लंबे समय से निकट संबंध रहा है, खासकर लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से। दिल्ली में जिस कोठी पर तेजस्वी अक्सर ठहरते हैं, उसका कनेक्शन भी अमित से जुड़ता है।

अमित का नाम पहले से ही लैंड फॉर जॉब मामले में सामने आ चुका है। इसी वजह से ED ने पिछले साल उसे गिरफ्तार करते हुए गुरुग्राम स्थित मेसर्स क्रिश रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड की 56 लाख की संपत्ति कुर्क की थी। इससे पहले 18 अक्टूबर को उसके दो ठिकानों पर छापेमारी में 35 लाख नगद के साथ कई संपत्ति संबंधी दस्तावेज मिले थे। अगले ही दिन एजेंसी ने उसके भाई राजेश कात्याल को भी गिरफ्तार कर लिया था और कोर्ट ने उसे सात दिन की रिमांड पर ED को सौंप दिया था।

हरियाणा में दोनों भाइयों के कई ठिकानों पर हुई छापेमारियों में एजेंसी ने 200 करोड़ रुपए के विदेशी निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद करने का दावा किया था। दोनों रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं और मनी लॉन्ड्रिंग का यह पूरा मामला गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरणों से जुड़ा है। जांच में यह भी सामने आया कि राजेश कात्याल ने शेल कंपनियों के जरिए पैसे को विदेशों में भेजा। वहीं अमित कात्याल पर सैकड़ों निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और लगभग 400 करोड़ रुपए बाहर भेजने का आरोप है।

## किऊल जंक्शन रेलवे स्टेशन में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



निज संवाददाता। लखीसराय

किऊल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक गंभीर हादसा होने से बच गया। स्टेशन परिसर स्थित आरएमएस (रेलवे मेल सर्विस) मेल ऑफिस में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई। संयोग से जिस समय आग भड़की, उस समय ऑफिस पूरी तरह खाली था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के बाद थोड़ी ही देर में पूरे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैल गई कि मेल ऑफिस में रखा कंप्यूटर सेट, सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर और जरूरी डाक सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और बड़ी मुश्किल से इसे स्टेशन के अन्य हिस्सों में फैलने से रोका जा सका।

घटना के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुट गए हैं। आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। इस हादसे ने किऊल जंक्शन समेत कई स्टेशनों पर अग्नि सुरक्षा मानकों और उपलब्ध उपकरणों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पूर्णिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

निज संवाददाता। पूर्णिया



पूर्णिया के बड़हरा कोठी क्षेत्र में चन्द्रही पुल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान धमदाहा थाना क्षेत्र के नेहरू चौक कोरियानी टोला निवासी 22 वर्षीय आशुतोष कुमार के रूप में की गई है। आशुतोष संतोष शर्मा का बेटा था और बड़हरा कोठी के जियो शोरूम में काम करता था। पिता संतोष शर्मा ने बताया कि आशुतोष रोजाना की तरह घर से काम पर गया था। लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और आशुतोष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। भीड़ बढ़ती देख वाहन चालक वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग पहुंचे और आशुतोष को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चन्द्रही पुल के पास अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण शाम और रात के समय दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई बार प्रशासन को आवेदन देकर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। परिजनों में घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शहादत दिवस के रूप में मनाई गई, इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती

निज संवाददाता। सहरसा



सहरसा में बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय एवं समाहरणालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती शहादत दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति की एक प्रभावशाली और दृढ़ नेता थीं। 'आयरन लेडी' के रूप में प्रसिद्ध इंदिरा गांधी ने देश की एकता और मजबूती के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होंने पाकिस्तान विभाजन और बांग्लादेश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कृषि और तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखकर उन्होंने देश को नई दिशा दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इंदिरा गांधी ने अदम्य साहस दिखाया और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। युवा पीढ़ी को उनके त्याग और दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए।

समारोह में एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैसर कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि राम सागर पांडेय, मोहम्मद नईम उद्दीन, कुमार हीरा प्रभाकर, पंकज कुमार सिंह, प्रशांत यादव, डॉ. फीरोज, शोभाकांत झा, प्रतिभा सिंह डोली, सलमा खातून, दिवाकांत गिरी, बैद्यनाथ झा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नितीश कुमार और अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने भी इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पटना का गांधी मैदान और बिहार के शपथ ग्रहण समारोहों का ऐतिहासिक महत्व

निज संवाददाता। पटना



गांधी मैदान पटना का वह स्थल है, जिसने बिहार की राजनीति, सामाजिक आंदोलनों और सत्ता परिवर्तन के अनगिनत अध्यायों को अपनी धरती पर उभरते देखा है। यह मैदान सिर्फ एक भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक चेतना और लोकतांत्रिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक माना जाता है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक शासन व्यवस्था तक, इस मैदान ने अनेक ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं को जन्म दिया है, जिनका प्रभाव आज भी महसूस किया जाता है। गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोहों की एक महत्वपूर्ण परंपरा भी रही है। बिहार की सत्ता का नया अध्याय शुरू होने का गवाह यह मैदान कई बार बन चुका है। खास तौर पर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री के रूप में अपनी नई पारी की शुरुआत यहीं से की, जिसने इस मैदान के महत्व को और मजबूत किया।

गांधी मैदान में अब तक कुल चार बार नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ है। इनमें तीन बार नीतीश कुमार ने और एक बार लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री पद की शपथ यहीं से ली। नीतीश कुमार ने वर्ष 2005, 2010 और 2015 में गांधी मैदान से अपनी सरकार की शुरुआत की, जबकि लालू प्रसाद ने वर्ष 1990 में इसी ऐतिहासिक मैदान से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर सत्ता संभाली।

गांधी मैदान की पहचान शपथ ग्रहण तक सीमित नहीं है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय महात्मा गांधी के कई कार्यक्रमों का केंद्र यही मैदान रहा। इसके बाद जेपी आंदोलन के दौरान यह जगह निर्णायक भूमिका में उभरी। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन ने इसी मैदान से वह ताकत पाई, जिसने बिहार ही नहीं, पूरे देश की राजनीति को नई दिशा दी। समय के साथ गांधी मैदान लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, सत्ता परिवर्तन और जनएकता का प्रतीक बन गया।

## आग से दो बीघे की धान फसल जलकर राख

निज संवाददाता। मसौढ़ी

प्रखंड क्षेत्र के नूरा पंचायत नहवा गांव में मंगलवार की देर रात एक खलिहान में आग लग गयी. जिसके कारण लाखों रुपए का धान जलकर राख हो गया. बताया गया कि नहवा गांव निवासी स्व रामबालक पासवान का पुत्र कामता पासवान उर्फ गुरुचरण गांव के किसानों का खेत पट्टा पर लेकर खेती करता है.इस वर्ष दो बीघा जमीन मे धान का फसल लगाया था. खेत से फसल काटकर खलिहान में जमा किया था. मंगलवार की देर रात आग लगने से सब जलकर राख हो गया. पीड़ित कामता पासवान उर्फ गुरुचरण ने बताया कि नौ नवंबर को खेत से धान काटकर खलिहान में रखा ही था.मंगलवार की रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा धान की पुंज में आग लगी दी गई.जिसमें लगभग दो बीघा जमीन का धान का फसल जलकर राख हो गया।

## कोहरे का असर: तीन महीने तक कई प्रमुख ट्रेनें रद्द समस्तीपुर रेल मंडल ने जारी की नई सूची

निज संवाददाता। समस्तीपुर



बिहार में कोहरे का असर अब रेल परिचालन पर गहराई से दिखने लगा है। आने वाले दिनों में नहीं, बल्कि अगले करीब तीन महीनों तक कई महत्वपूर्ण ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं कुछ ट्रेनों के परिचालन दिनों में कटौती की गई है। समस्तीपुर रेल मंडल ने इसकी विस्तृत सूची जारी कर दी है और यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील की है। समस्तीपुर रेल डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक कोहरे की वजह से कई ट्रेनों को रद्द या सीमित दिनों में चलाने का निर्णय लिया गया है। इस कदम के पीछे यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करना मुख्य लक्ष्य है।

कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से हादसों की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए रेल मंडल ने पहले से ही आवश्यक कदम उठाए हैं। जिन ट्रेनों को पूरी तरह से रद्द किया गया है, उनमें प्रयागराज जंक्शन से मुजफ्फरपुर और मुजफ्फरपुर से प्रयागराज जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं, जो 01 दिसंबर से लेकर 25 फरवरी तक नहीं चलेंगी। इसके अलावा पूर्णिया कोर्ट से अमृतसर जाने वाली जनसेवा एक्सप्रेस और अमृतसर से पूर्णिया कोर्ट लौटने वाली ट्रेन भी दो से तीन महीने तक बंद रहेगी। डिब्रूगढ़ से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें भी रद्द की गई हैं।कुछ ट्रेनों को पूरी तरह रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों के परिचालन के दिनों में बदलाव किया गया है। ग्वालियर–बरौनी एक्सप्रेस को हर सोमवार और गुरुवार को स्थगित किया गया है, जबकि बरौनी–ग्वालियर एक्सप्रेस मंगलवार और शुक्रवार को नहीं चलेगी। न्यू जलपाईगुड़ी–नई दिल्ली और नई दिल्ली–न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस हफ्ते में एक-एक दिन रद्द रहेगी। डिब्रूगढ़–लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस और लालगढ़–डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस भी सप्ताह के निर्धारित दिनों में स्थगित की गई हैं।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: 144 एवं 145, दिनांक 14.11.2025 (सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 144–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में गैंग हट के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,02,79,350.47, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 145– एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मालदा में सभी कार्यालयों में सुधार एवं मरम्मत कार्यों के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,09,865.09, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.12.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना और कागजात देखें।
MLD-237/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**ई–खुली निविदा सूचना सं.: एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/25–26/14 दिनांक: 14.11.2025** मंडल रेल प्रबन्धक (सिग्नल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 08.12.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। **ई–निविदा सं.:** एस&टी/सोन./ई–खुली निविदा/25–26/14 **कार्य का नाम (मद सं. सहित):** सोनपुर मंडल: सुरक्षित कार्य वातावरण के लिए परिचालन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए परिचालन कर्मचारियों के लिए उनके तकनीकी कौशल को बढ़ाने, विभिन्न निरीक्षण मॉड्यूल के पर्यवेक्षण और ऑनलाइन निगरानी के लिए विभिन्न परिचालन सहायता का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू. में):** 1,75,83,635.88 **बयाने की राशि (रू. में):** 2,38,000.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00 **समापन अवधि:** एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 14.11.2025 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल सिगनल एवं दूरसचांर इंजीनियर**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
पीआर/1298/एसईई/टी/मं.सि. एवं दू.इं./25–26/48

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**संख्या–एम०सी०–237–13_वीएसएस, दि० 15/11/2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लू०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैः–
**1, कार्य का नाम, लोकेशन के साथ :**कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली की स्थापना और कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्यस्थल:** दानापुर डिविजीन, **2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू 56,61,77,620.05/– (रूपये छप्पन करोड़ इकसठ लाख सतहत्तर हजार छह सौ बीस एवं पांच पैसे मात्र)।, **3. अग्रधन राशि (रूपया में) :** रू 29,80,900/– (रूपये उनतीस लाख अस्सी हजार नौ सौ मात्र), **4. बोली पूर्व (निविदा) सम्मेलन तिथि समय:** 21.11.2025 को एक प्री–बिड मीटिंग निर्धारित है। निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि कृप्या अपने प्रश्न 20.11.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक ईमेल आईडी: srdmednr@gmail.com पर भेजें और प्रस्तुत प्रश्नों पर चर्चा के लिए 21.11.2025 को सीनियर डीएमई (सी एण्ड डब्लू)/दानापुर डीआरएम कार्यालय दानापुर में प्राधिकरण पत्र के साथ व्यक्तिगत/ऑनलाइन उपस्थित हों। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 16.12.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी।, **6. वेव साईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS website: www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक),**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**
पीआर/1306/डीएनआर/एमईसीएच/टी/25–26/56

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# जिला पदाधिकारी रोहतास को छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। सासाराम (रोहतास)







नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी अवाड्र्स के भव्य वितरण समारोह में रोहतास जिले को जल संरक्षण एवं जनसहभागिता के उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में जिला पदाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह को यह सम्मान प्रदान किया गया।

रोहतास जिले के जल संरक्षण मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। जिला प्रशासन द्वारा संचालित- जल संरक्षण,वर्षा जल संचयन,जल संरचनाओं के पुनर्जीवन, जनभागीदारी आधारित जल प्रबंधन, ग्रामीण स्तर पर जल बचाओ अभियान, माइक्रो वाटरशेड विकास कार्य जैसी पहलों को राष्ट्रीय मंच पर विशेष प्रशंसा मिली जिसके कारण जिला पदाधिकारी उदिता सिंह को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

रोहतास जिले ने बीते वर्षों में जनसहयोग से कई प्रभावी मॉडल तैयार किए, जिनसे न केवल भू-जल स्तर में सुधार हुआ, बल्कि जल संसाधनों के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में सशक्त परिणाम सामने आए। सम्मान ग्रहण करने के बाद जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार रोहतास जिले के प्रत्येक नागरिक, जल संरक्षण स्वयंसेवकों, सरकारी विभागों एवं प्रशासनिक टीम की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले में जल प्रबंधन की ये पहल आने वाले वर्षों में और भी मजबूत होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी कार्य निपटा लें

**दिनारा /रोहतास**। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा क्षेत्र अंतर्गत 132 केवी डेहरी से कोचस ट्रांसमिशन लाइन का रिकॉन्डक्टिंग का कार्य होने के कारण 11 केवी इंदौर फीडर का विद्युत आपूर्ति 20 से 22 नवंबर को 10 बजे से 16 यानी (04) बजे तक बंद रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी कार्य निपटा लेंगे।

### थाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। स्थानीय थाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सरोज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कांड संख्या 729/25 से जुड़ा है,जिसमें मारपीट करने का आरोप दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त सरोज सिंह बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर हाल्ट का निवासी बताया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक हुए घायल

**राजपुर**। प्रखंड के अमाडी शखरा पथ में बुधवार को दोपहर सड़क दुर्घटना में दो युवक बुरी तरह घायल हो गये.घायल युवक राजपुर निवासी राजू प्रसाद गुप्ता का बीस वर्षीय बेटा पवन कुमार एवं शाखरा टोला निवासी अरविंद सिंह यादव का कक्षा नौ में पढाई कर रहा बेटा छीतिज कुमार बताया जाता है.थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने बताया कि राजपुर निवासी पवन आपाची बाईक से अपने दोस्त शाखरा गांव निवासी छीतिज कुमार को छोड़ने शाखरा टोला गांव जा रहा था .तभी विपरीत दिशा से आ रहे मलांव गांव के समीप एक बालु लदे ट्रैक्टर के चकमा से आपस में टकरा गये.जिसकी सुचना लोगों ने पुलिस को दी.घायल को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.वहीं बाईक व ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया. सीएचसी में ईलाज कर रहे चिकित्सक राकेश कुमार ने बताया कि पवन कुमार को माथा समेत अन्य कई जगह गम्भीर चोट लगी है.नाजुक हालत देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया.

### पैसे के विवाद में लाठी-डंडे चले, चार लोग घायल

**नोखा,रोहतास**। रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र के सरियांव गांव में पैसे के विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक परिवार ने अपनी मां की मृत्यु पर गांव में भोज का आयोजन किया था। इसी दौरान गांव के कुछ लोग बकाया पैसे की मांग करने लगे। परिवार ने अगले दिन पैसे देने की बात कही, लेकिन आरोप है कि मांग करने वाले लोग भड़क गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में घर के सदस्य समेत जो भी बीच-बचाव करने पहुंचा, उसे भी पीटा गया। घायलों में फुलवंतो देवी सहित चार लोग शामिल हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ितों ने नोखा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सासाराम एसडीपीओ-2 कुमार वैभव ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों का बयान दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### आरपीएफ़ और जीआरपी सासाराम स्टेशन पर अलर्ट



**सासाराम**। सासाराम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ़ और जीआरपी अलर्ट मुद्रा में है और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु सासाराम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार और जीआरपी निरीक्षक सुमन कुमार के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी व स्टाफ तथा राजकीय रेल थाना के अधिकारी व स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से स्टेशन पर एवम ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें सभी प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया,फुट ओवरब्रिज,वेटिंग हॉल,पार्किंग एरिया में गहन चेकिंग किया गया। इस दौरान सभी जगह किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई। सभी जगह स्थिति सामान्य है।

### चेनारी के नरैना पैक्स में 24 नवंबर को मतदान, चुनाव की तैयारी पूरी




**डेहरी ऑन सोन, रोहतास**। रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड स्थित नरैना पैक्स में अध्यक्ष और सदस्यों के चुनाव के लिए 24 नवंबर को मतदान होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि प्रशासन ने मतदान से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस बार चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 2009, दिनांक 20 जून 2025 के तहत नरैना पैक्स का चुनाव कार्यक्रम पूर्व में अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। मतदाता सूची की पुनः जांच के बाद प्राधिकार के आदेश संख्या 2909, दिनांक 24 अक्टूबर 2025 के आधार पर निर्वाचन कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। निर्वाचन पदाधिकारी ने इसी क्रम में संशोधित कार्यक्रम का प्रकाशन किया है। इसके अनुसार, नरैना पैक्स में 24 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद तुरंत मतगणना शुरू की जाएगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। प्रशासन ने मतदान केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा, मतदाता पर्ची और संबंधित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू बनाने के लिए पूरी टीम तैनात है।

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर शांतिपूर्ण पदयात्रा आयोजित

**मोतिहारी**। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अधिकारी संगठन द्वारा झांसी की वीरांगना लक्ष्मीबाई और भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर एक शांतिपूर्ण पदयात्रा आयोजित की गई। पदयात्रा की शुरुआत गांधी संग्रहालय से हुई और यह शहीद स्मारक बंजरिया पंडाल गांधी में संपन्न हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों के अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि देना और गांधीवादी सिद्धांतों को समाज के बीच प्रसारित करना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज की।इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोर पांडेय ने की।

# ग्रामीण बैंक के सामने गली में जल जमाव से परेशानी



निज संवाददाता। राजपुर

प्रखंड मुख्यालय राजपुर नोखा रोड ग्रामीण बैंक के सामने वार्ड संख्या ग्यारह स्थित गली में जल जमाव एवं कीचड रहने से परेशानी हो रही है.प्रतिदिन सैकडों लोग उक्त गंदगी से गुजरने के लिए मजबूर हैं.बगल में कन्या प्राथमिक स्कूल अवस्थित है.जिसमें पढाई के लिए सैकडों छात्राएं उक्त कीचड से होकर गुजरती हैं.कीचड के सामने वाले भवन में कोचिंग संस्थान चलाया जाता है.जहां क्लास करने सैकड़ो छात्र छात्राएं पहुंचती हैं.उक्त रास्त में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,थाना एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय समेत अन्य सभी सरकारी कार्यालय स्थित है.बावजूद भी प्रशासन मुक दर्शक बना हुआ है.

जल जमाव जगह स्थित मकान मालिक सुनिल सिंह, महेन्द्र चौधरी,अभय सिंह मास्टर साहब,रामजी चौधरी उर्फ मुखिया समेत अन्य ने बताया कि नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला पानी जल जमाव का कारण है.समस्या विगत कई वर्ष से बना हुआ है.नाली निर्माण के लिए पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख एवं बीडीओ से विगत कई वर्ष से गुहार लगाया जा रहा है.विकास राशि का अभाव दिखाते हुए आश्वासन प्रदान करने की नीति अपनाई जा रही है. मामले में पंचायत के मुखिया रंजू देवी एवं उनके समाजसेवी पति सतीश कुमार सिंह ने बताया कि विकास राशि मिलते हीं नाली का निर्माण करवा दिया जाएगा.

# पीएम किसान सम्मान निधि का ऑनलाइन प्रसारण

निज संवाददाता। बिक्रमगंज /रोहतास






कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के धनगाई फार्म पर पीएम किसान सम्मान निधि का ऑनलाइन प्रसारण 350 महिला एवं पुरुष कृषकों के समक्ष किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु के कोयम्बटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की गई। इस किस्त में पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे 2,000 ट्रांसफर किए जाने की घोषणा हुई। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले के 40 किसान एवं रोहतास जिले के बिक्रमगंज,संझौली एवं काराकाट प्रखंड के 360 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान डॉ आर के जलज द्वारा किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सरसों की खेती के लिए अग्रिम पंक्ति समूह परियोजना के तहत बीज मुहैया करा रही है। जिसको गांव में सामूहिक स्तर पर लगाया जा सकता है। खाद एवं बीज बिक्री केंद्र की स्थापना हेतु डिप्लोमा सर्टिफिकेट की पढ़ाई केंद्र के द्वारा फरवरी 2026 से कराई जाएगी।जिसमें किसान 28000 रुपया फीस देकर नामांकन करा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ रामाकांत सिंह मृदा वैज्ञानिक ने महिला एवं पुरुष किसानों को प्राकृतिक खेती के प्लाट को दिखाया और इसमें लगने वाले सभी अवयव को बनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 एकड़ क्षेत्र में धान की खेती प्राकृतिक तरीके से करने के उपरांत कम से कम 5 से 6000 की बचत कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का आभासी अभिभाषण महिला एवं पुरुष कृषकों ने सुना। उन्होंने अपने वक्तव्य में किसानों के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे सभी प्रयासों की चर्चा की। केंद्र द्वारा चलाए जा रहे किसानोंपयोगी कार्यक्रमों की जानकारी किसानों को दी।

उपस्थित किसानों ने लाइव टेलीकास्ट को ध्यान पूर्वक सुना और किसानों को दी जा रही आर्थिक सहायता की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में जीविका समूह की महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी। जिन्हें संबोधित करते हुए उद्यान वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र अब उन्हें सब्जी के बीज एवं पौधे भी मुहैया कराएंगे। उन्होंने पपीता की खेती करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। शिमला मिर्च के पौधे अब केंद्र द्वारा जीविका दीदी को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए पौधों के निर्माण एवं सब्जी पौधशाला की उन्नत प्रभेद की जानकारी प्रशिक्षण के उपरांत जीविका दीदी को उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य कर्मी एचपी शर्मा, प्रवीण कुमार,राकेश कुमार,नवीन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सीमेंट लदा ट्रक पलटा, डिवाइडर से टकराने से हुआ हादसा

निज संवाददाता। रोहतास



रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। केरपा टोल टैक्स के पास रोहतास–डेहरी मुख्य एनएच पर एक सीमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जोरदार टकराया और उसके बाद सड़क पर ही पलट गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक में लदे सीमेंट के सैकड़ों पैकेट सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। इससे मुख्य सड़क पर कुछ देर तक आवागमन भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे गिरे पैकेटों को देखने के लिए भीड़ लगा दी।

जानकारी के अनुसार, ट्रक बंजारी स्थित एक फैक्ट्री से सीमेंट लादकर डेहरी की ओर जा रहा था। बताया गया कि अचानक चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया, जिसके बाद ट्रक डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक और खलासी किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

घटना की सूचना मिलते ही अमझोर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ट्रक मालिक को सूचना दे दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, जो राहत की बात है। पुलिस ने सड़क से सीमेंट के पैकेट हटवाकर यातायात को भी सामान्य कराया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग लगातार इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों और अनियंत्रित ट्रकों पर लगाम लगाने की मांग कर रहे हैं।

# बी.डी.सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से शिक्षा सम्मान के तहत पांचवीं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का किया गया आयोजन

निज संवाददाता। काराकाट /रोहतास




काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल (गोड़ारी) में बी.डी.सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से शिक्षा सम्मान के तहत पांचवीं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.संजीत सिंह और पूर्व मुखिया व वर्तमान पैक्स अध्यक्ष मिथलेश सिंह थे। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को कुल 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह आयोजन हर वर्ष नवंबर माह में स्वर्गीय बंशीधर सिंह की पुण्यतिथि पर किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्व.बंशीधर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय बंशीधर सिंह गरीब व मेधावी छात्रों के सच्चे सहयोगी थे। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए और विद्यालय के पुस्तकालय के लिए मूल्यवान किताबें भी दान कीं।

मुख्य अतिथि मिथलेश सिंह ने कहा कि इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और उत्साह की भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे शिक्षा में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बुढ़वल गांव के सुजीत कुमार और गोड़ारी नगर की नंदनी कुमारी को 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति और ट्रस्ट का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार की ओर से संजीव कुमार,विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विवेक कुमार, विभाष कुमार,रंजीत कुमार,कुमार रवि,मो.एकराम,द्रौपदी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में स्व.बंशीधर सिंह के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ठंड का असर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों, युवाओं और विशेषकर वृद्ध जनों पर पड़ता है : डॉ अरुण कुमार

निज संवाददाता। बिक्रमगंज /रोहतास



ठंड को देखते हुए रीता मेमोरियल अस्पताल सह एसबीडी पब्लिक स्कूल बिक्रमगंज के निदेशक डॉ.अरुण कुमार ने आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ठंड का असर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों, युवाओं और विशेषकर वृद्ध जनों पर पड़ता है,इसलिए इस मौसम में लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि ठंड में शरीर का तापमान तेजी से गिरता है,जिससे प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ती है और सामान्य सर्दी- जुकाम से लेकर निमोनिया व अन्य मौसमी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सर्दी में बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है। यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी बीमारी का रूप ले सकती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि छोटे बच्चों को ठंड से पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए। गर्म कपड़ों,टोपी,मोजे और दस्तानों का उपयोग अनिवार्य बताया। साथ ही स्कूल जाने वाले बच्चों को सुबह की ठंडी हवाओं से बचाने की सलाह दी। वृद्धों को लेकर डॉक्टर अरुण ने कहा कि उम्र के साथ शरीर की गर्मी नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में उन्हें अधिक ठंड लगने और सांस संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि वृद्ध जनों को सुबह- शाम घर से बाहर निकलने से बचाएं। यदि आवश्यक हो तो गरम कपड़ों के साथ मास्क और मफलर का इस्तेमाल जरूर करें। युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि ठंड में अक्सर युवा लापरवाही बरतते हैं,जो सही नहीं है। कम कपड़े पहनना,ठंडे पेय पदार्थों का सेवन और देर रात बाहर रहना बीमारी को दावत देता है। डॉ. अरुण ने यह भी बताया कि पौष्टिक खाद्य पदार्थ जैसे गुड़,चना,सूखे मेवे,हरी सब्जियां और गर्म पेय पदार्थ का सेवन प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि हल्की धूप सेंकना और नियमित व्यायाम इस मौसम में बेहद लाभकारी है। अंत में उन्होंने कहा कि यह समय सतर्क रहने का है। थोड़ी-सी सावधानी आपके परिवार को गंभीर बीमारियों से बचा सकती है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह जरूर लें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# नालंदा में 10 रुपए किलो भिंडी नहीं देने पर मर्डर

## घर में घुस कर की फायरिंग, लाठी-डंडे से सिर पर किया हमला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में 10 रुपए किलो भिंडी नहीं देने पर एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। इलाज के क्रम में 6 महीने बाद इसकी मौत हुई है। मामला चेरो ओपी अंतर्गत नेमचंन बाग गांव का है। मृतक की पहचान नेमचंन बाग गांव के रहने वाले स्व. बंगाली मांझी के बेटे चनिरक मांझी (58) के रूप में की गई है। घटना 19 मई को हुई थी। मृतक के छोटे भाई मल्लू मांझी ने बताया कि वह गांव में ही 19 मई की सुबह भिंडी बेच रहे थे। इसी बीच गांव के ही अनिल केवट, सोनू केवट,अखिलेश यादव, बवन केवट आए और उन लोगों ने कहा कि भिंडी 20 रुपए किलो नहीं बल्कि 10 रुपए किलो दे दो।

10 रुपए किलो भिंडी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि 10 रुपए किलो भिंडी नहीं देने पर मारेंगे। इसके बाद वे लोग लौट गए और फोन कर लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को बुला लिया और घर पर आकर पहले फायरिंग की और घर में मौजूद भाई चनिरक मांझी के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर तोड़ दिए और लाठी-डंडे के वार से सिर में गंभीर चोट लग गई। वो बेहोश हो गए थे।

**नालंदा से पीएमसीएच किया था रेफर:** घायल अवस्था में इलाज के लिए पहले कल्याण विगहा, इसके बाद बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल और फिर मॉडल अस्पताल के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां से इनका इलाज चल रहा था। देर रात घर में ही इनकी मौत हो गई।

चेरो ओपी प्रभारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि 6 महीना पहले दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इलाज के क्रम में अधेड़ की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। पूर्व में ही मारपीट के मामले में आरोपितों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया था। दोनों तरफ से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। संबधित धाराओं के तहत पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय प्रतिभाओं को तराशने की दिशा में बड़ा कदम, खेल अकादमी में शुरू होगी डे बोर्डिंग स्कीम



**नालंदा।** राजगीर की अंतरराष्ट्रीय स्तरीय खेल अकादमी अब स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। जल्द ही यहां डे बोर्डिंग स्कीम शुरू की जाएगी, जिसके तहत नालंदा और राजगीर के खिलाड़ी दिन के समय अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल राजगीर को खिलाड़ियों की नर्सरी बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। राज्य खेल अकादमी के सहायक निदेशक मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत राजगीर में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में सरकारी और निजी स्कूलों के वे छात्र भाग ले सकेंगे, जो खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। अकादमी के अनुभवी कोच इन छात्रों का परीक्षण करेंगे और उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विशेष बात यह है कि छात्र अपनी रुचि के अनुसार खेल का चयन कर सकते हैं। एक छात्र चाहे तो एक से अधिक खेलों में भी अपनी प्रतिभा परख सकता है। चयनित खिलाड़ियों को अकादमी के विशेषज्ञ कोच व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारेंगे।

**क्षेत्र में एक्सीलेंस खिलाड़ियों की कमी:** मिथलेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि राजगीर में स्थित खेल अकादमी अंतरराष्ट्रीय मानकों की है। एक ही परिसर में 24 विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में यहां एक्सीलेंस स्तर के खिलाड़ियों का ही नामांकन लिया जाता है, लेकिन स्थानीय क्षेत्र में ऐसे खिलाड़ियों की कमी देखी गई है। इसी कमी को दूर करने और नई पीढ़ी के खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से यह योजना लाई जा रही है।

**स्कूलों के साथ समन्वय की रणनीति:** अकादमी प्रशासन विभिन्न विद्यालयों को पत्र भेजकर कैंप की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा। जिन विद्यालयों में खेल के लिए पर्याप्त मैदान हैं, वहां स्कूल परिसर में ही शिविर आयोजित किए जाएंगे। जहां मैदान की सुविधा नहीं है, उन स्कूलों के छात्रों को अन्य विद्यालयों में आयोजित कैंप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**एकलव्य केंद्रों से जुड़ाव:** चयनित खिलाड़ियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण अकादमी के कोचों द्वारा दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें राज्य भर में फैले 64 एकलव्य प्रशिक्षण केंद्रों में विशेष ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। यहां खिलाड़ियों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार विशिष्ट खेलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। कल्याण बिगहा में शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि राजगीर के एकलव्य केंद्र में पुरुष एवं महिला हॉकी, हैंडबॉल और भारोत्तोलन की विशेष ट्रेनिंग उपलब्ध है।

### राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे दिव्यांग खिलाड़ी, जनवरी में खेले जाएंगे मैच



**नालंदा।** नालंदा के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का सुनहरा अवसर आया है। जनवरी 2026 में उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए जिले के खिलाड़ी अभी से कड़ी मेहनत में जुट गए हैं। नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एवं प्रशिक्षक कुंदन कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 23वीं सीनियर, 18वीं जूनियर एवं द्वितीय सब जूनियर राष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन 15 से 18 जनवरी 2026 तक COER यूनिवर्सिटी, रुड़की (उत्तराखंड) में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता देश भर के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अपनी शक्ति और क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

**अक्टूबर से शुरू होगा राष्ट्रीय खेलों का सिलसिला:** आगामी खेल सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 के बीच किया जाएगा। इस दौरान देश के विभिन्न शहरों में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। ऐसे में नालंदा के खिलाड़ियों के सामने अपनी तैयारी को चरम पर पहुंचाने की चुनौती है।

**प्रशिक्षण और अनुशासन पर जोर:** नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी, हरनौत से जारी संयुक्त सूचना पत्र में सभी दिव्यांग खिलाड़ियों से विशेष अपील की गई है कि वे अपनी नियमित अभ्यास दिनचर्या को और अधिक गंभीरता से अपनाएं। प्रशिक्षक कुंदन कुमार पांडे का कहना है कि केवल खेल का अभ्यास ही नहीं, बल्कि अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, तकनीकी कौशल, मानसिक संतुलन और सहनशक्ति के विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास, कठोर परिश्रम और समर्पण से ही संभव है। हमारे खिलाड़ियों में क्षमता की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस सही दिशा में निरंतर प्रयास की।

**कोच के निर्देशों का पालन जरूरी:** एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों से अपेक्षा जताई है कि वे प्रतिदिन समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित हों और अपने कोच तथा एसोसिएशन के निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। यही अनुशासन और नियमितता उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।

## अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण: आग लगने पर घबराएं नहीं, उपाय करें-सच्चिदानंद शाही



निज संवाददाता। गुरुआ, गयाजी

गुरुआ प्रखंड के चिलोर पंचायत स्थित उत्क्रमित हाईस्कूल शेरपुर में बुधवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं को आग बुझाने का विशेष प्रशिक्षण दिया। पूरे कार्यक्रम की निगरानी विद्यालय के प्राचार्य सच्चिदानंद शाही ने की। प्रशिक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर से रिसाव के बाद लगने वाली आग को बुझाने के आसान और प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसे जानकर छात्र काफी उत्साहित दिखे। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने बताया कि सिलेंडर में रिसाव से आग लगने पर सीधे पानी नहीं डालना चाहिए। पानी डालने से आग और फैल सकती है। ऐसे समय में सबसे पहले सिलेंडर की ऑक्सीजन सप्लाई को रोकना जरूरी होता है। इसके लिए बाल्टी, मोटा कपड़ा या कोई भारी वस्तु सिलेंडर पर डालकर उसे ढंक दिया जाए, जिससे ऑक्सीजन रोकते ही आग स्वतः समाप्त हो जाती है। विद्यालय के प्राचार्य सच्चिदानंद शाही ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि घरेलू रसोई गैस में आग लगना घबराने की नहीं, बल्कि समझदारी से काम लेने की स्थिति होती है। सही समय पर सही तरीका अपनाने से हादसे को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों को न केवल जानकारी देते हैं बल्कि उन्हें संकट की घड़ी में संतुलित रहने की सीख भी प्रदान करते हैं। विद्यालय परिसर में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और आम जनजीवन में आग से बचाव के व्यावहारिक उपायों की समझ विकसित करना था।

## गाड़ियों की चेकिंग में कार से पिस्टल बरामद,आईटीबीपी का जवान गिरफ्तार

निज संवाददाता। गयाजी



पटना–गया राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर बुधवार को बेलागंज थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की। महाबोधी कॉलेज के पास तेज रफ्तार में आ रही एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर पुलिस ने तलाशी ली, जिसमें से देसी पिस्टल बरामद हुई। मौके से एक युवक को गिरफ्तार भी किया गया। तलाशी के दौरान सामने आया कि कार चला रहा युवक आईटीबीपी का जवान है। उसकी पहचान प्रमोद कुमार के रूप में हुई, जो गयाजी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हथियार बरामद होने के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि जवान के पास देसी पिस्टल मिलने के बाद यह आशंका गहराई है कि वह किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल होने की फिराक में था या किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से हाईवे पर निकला था। पूछताछ के दौरान उसके जवाब संदिग्ध पाए गए। पुलिस ने मौके पर ही हथियार जब्त कर आरोपी को थाने ले गई। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसके नेटवर्क, मोबाइल लोकेशन, पुराने रिकॉर्ड और संपर्कों की गहन जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियार उसके पास क्यों था और वह कहां जा रहा था। गिरफ्तार जवान को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बेलागंज पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है और जांच के बाद कुछ बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं।

## गया में सड़क हादसे में युवक की मौत, तीरमा पुल का तीखा मोड़ बना मौत का गड्ढा

निज संवाददाता। फतेहपुर, गयाजी



रंजीत कुमार की फोटो।

फतेहपुर–वजीरगंज सड़क मार्ग पर मंगलवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। फतेहपुर थाना क्षेत्र के तीरमा पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिर गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक 22 वर्षीय रंजीत कुमार चरोखरी पंचायत के पूर्णाडिह गांव का रहने वाला था। वह अपने दो दोस्तों के साथ तरमा गांव से लौट रहा था। तीरमा नहर के पास बने तीखे मोड़ पर उनकी बाइक फिसलकर लगभग 15 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तीनों को बाहर निकालकर तुरंत सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गया रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही रंजीत ने दम तोड़ दिया। घायल अंदीप कुमार और विनेश कुमार का इलाज जारी है। बुधवार को रंजीत का अंतिम संस्कार गांव में कर दिया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तीरमा पुल का तीखा मोड़ और संकीर्ण पुल पिछले कई वर्षों से 'डेथ पॉइंट' बना हुआ है। हर साल यहां 10–12 बाइक सवार अपनी जान गंवा देते हैं। पिछले एक दशक में करीब 100 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है और कई लोग अपंग हुए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि सड़क चौड़ीकरण के बावजूद पुल पर रेलिंग नहीं लगाई गई है और मोड़ पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। कई बार जिला प्रशासन और सड़क निर्माण विभाग को जानकारी दी गई, फिर भी समस्या जस की तस बनी है। मृतक रंजीत के पिता रामस्वरूप यादव ने बताया कि हादसे की सूचना किसी ने रंजीत के मोबाइल से ही दी थी। जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तब उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी। वहीं फतेहपुर थाना प्रभारी रामकृपाल यादव ने कहा कि पुलिस को हादसे की सूचना नहीं मिली थी।

## गयाजी में रुई धुनाई मशीन ने ली युवक की जान, कमरे का भयावह दृश्य देख लोग कांप उठे

निज संवाददाता। फतेहपुर

गयाजी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक ऐसा हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। पहाड़पुर–फतेहपुर मुख्य मार्ग स्थित मोरहे के पास रजाई बनाने की दुकान में रुई धुनाई मशीन दुर्घटना का कारण बनी और हादसे में 35 वर्षीय गोल्डन मंसूरी की दर्दनाक मौत हो गई।

गोल्डन मंसूरी रूपिन गांव का रहने वाला था और मोरहे में रजाई सिलाई–धुनाई की छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार शाम रोज की तरह वह मशीन चलाकर काम कर रहा था, तभी अचानक उसका कपड़ा मशीन में फंस गया। कपड़ा फंसते ही तेज़ी से घूमती मशीन ने उसे भीतर की ओर खींच लिया। कुछ ही सेकेंड में पूरी घटना हो गई और गोल्डन की मौके पर ही मौत हो गई।



गोल्डन मंसूरी की फाइल फोटो।

दुकान के बाहर उसका बेटा मौजूद था, जिसे अंदर की गतिविधियों का अंदाजा नहीं था। काफी देर बाद जब पिता बाहर नहीं आए, तो वह अंदर गया। कमरे का दृश्य देखकर वह डर से कांप उठा। कमरे में खून फैला था और मशीन के पास पिता का निर्जीव शरीर पड़ा था। बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े आए, लेकिन अंदर का दृश्य देखकर कोई भी अधिक देर तक नहीं रुक सका।

ग्रामीणों ने मशीन बंद करने के बाद पुलिस को सूचना दी। फतेहपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बताया गया कि कमरे में फैले अवशेषों को एकत्र करने में पुलिस और ग्रामीणों को आधे घंटे से अधिक समय लगा। पूरे गांव में इस घटना की चर्चा रातभर होती रही और ग्रामीणों के चेहरे पर दहशत साफ झलकती रही।

घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य होने के कारण गोल्डन की मौत ने परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। गांव में मातम पसरा है और परिजन निरंतर रो-रोकर यही कह रहे हैं कि अब घर का सहारा छिन गया। घटना के बाद स्थानीय लोग दुकानों और मशीनों में सुरक्षा उपायों की कमी पर चिंता जताने लगे हैं। फतेहपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि यह स्पष्ट रूप से एक दुर्घटना है, लेकिन जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नालंदा में बेंच-डेस्क खरीदारी में बड़ा गड़बड़झाला

## 57 स्कूलों से डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला उपयोगिता प्रमाणपत्र




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के शिक्षा विभाग में एक बार फिर वित्तीय अनियमितता के गंभीर मामले सामने आए हैं। 57 सरकारी विद्यालयों में बेंच-डेस्क खरीदारी के नाम पर भेजी गई करोड़ों रुपये की राशि के उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी इन विद्यालयों के प्राचार्यों ने जिला शिक्षा कार्यालय में उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं कराया है, जिससे बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी की आशंका जताई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लेखा योजना के तहत विद्यालयों में छात्रों के लिए बेंच-डेस्क की खरीदारी हेतु राशि आवंटित की गई थी। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना था। लेकिन अब तक इन 57 विद्यालयों के प्राचार्यों ने न तो खरीदारी का पूरा ब्योरा दिया है और न ही खर्च की गई राशि का हिसाब-किताब जिला शिक्षा कार्यालय को सौंपा है।

विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, बिहारशरीफ अनुमंडल के 22 विद्यालय, हिलसा अनुमंडल के 26 विद्यालय और राजगीर अनुमंडल के 9 विद्यालय इस सूची में शामिल हैं। यह मामला चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि नालंदा जिले में पहले भी बेंच-डेस्क घोटाले जैसे बड़े भ्रष्टाचार के मामले सामने आ चुके हैं।

**समग्र शिक्षा डीपीओ ने लिया संज्ञान:** मामले की गंभीरता को देखते हुए समग्र शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) मो. शाहनवाज ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी 57 विद्यालयों के प्राचार्यों को 19 नवंबर को जिला शिक्षा कार्यालय में बैठक के लिए बुलाया है। प्राचार्यों को बेंच-डेस्क खरीदारी से संबंधित सभी दस्तावेज और बिल-वाउचर लेकर आने का निर्देश दिया गया है। डीपीओ शाहनवाज ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि 19 नवंबर तक उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं किया गया तो संबंधित प्राचार्यों का वेतन रोक दिया जाएगा और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

**कई बार बैठक हुई, पर नहीं निकला समाधान:** विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब इस मसले पर बैठक बुलाई गई है। इससे पहले भी कई बार ऐसी बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। कई प्राचार्य बैठक में उपस्थित ही नहीं होते हैं, जबकि कुछ दस्तावेज जमा करने में टाल-मटोल करते रहते हैं।

## मैट्रिक-इंटर की सेंटअप परीक्षा शुरू

निज संवाददाता। गुरुआ, गयाजी



गया जिले के गुरुआ प्रखंड में बुधवार से मैट्रिक और इंटर की सेंटअप परीक्षा औपचारिक रूप से शुरू हो गई। परीक्षा की शुरुआत के साथ ही प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों में सुबह से ही छात्रों-शिक्षकों की आवाजाही तेज रही और पूरे कैंपस में परीक्षा का माहौल साफ दिखा। इस परीक्षा में उत्क्रमित हाईस्कूल शेरपुर, आरएनवाई इंटर कॉलेज चेरकी, भरौंधा, सगाही और प्लस टू प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कन्या उच्च विद्यालय शामिल हैं। सभी विद्यालयों में परीक्षा को सुरक्षा मानकों और बोर्ड निर्देशों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। परीक्षा सभी छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य है, इसलिए उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर विद्यालयों ने विशेष तैयारी की है।

आरएनवाई इंटर कॉलेज चेरकी के प्राचार्य अमृतंजय कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय में मैट्रिक के दो सौ और इंटर के 380 विद्यार्थी नामांकित हैं। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण सेंटअप परीक्षा बैचवार ली जा रही है, ताकि भीड़भाड़ न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह दिख रहा है और व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। उत्क्रमित हाईस्कूल शेरपुर के प्राचार्य सच्चिदानंद शाही और प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कन्या उच्च विद्यालय की प्राचार्य पूनम देवी ने बताया कि उनके विद्यालयों में परीक्षा निर्धारित समय से पूर्व तैयारी के साथ शुरू की गई। दोनों विद्यालयों में सौ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हुई, जिससे छात्रों की गंभीरता और जागरूकता साफ दिखाई देती है।

## जीटी रोड चौड़ीकरण को चंडीस्थान बाजार में अधिग्रहण का काम शुरू

निज संवाददाता। आमस, गयाजी



गयाजी जिले के आमस प्रखंड में जीटी रोड चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। करीब पचास प्रतिशत रोड का निर्माण हो भी चुका है। प्रखंड के कुछ बाजारों में बनाना बाकी है। मुआवजे को लेकर लंबे समय से चली आ रही विवाद खत्म होने के बाद इन बाजारों में भी जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो गया है। एनएचएआई व रोड निर्माण में लगी अशोक कंपनी के अधिकारी कर्मी बुधवार को चंडीस्थान बाजार के दिन भर जमीन अधिग्रहण का काम किया। एनएचएआई अमीन संजय कुमार चौरसिया ने बताया कि बाजार के लगभग सभी भूस्वामियों को जमीन व प्रतिष्ठानों का मुआवजा मिल चुका है। मापी के बाद इन्हें जल्द कंट्रक्शन तोड़ने व प्रतिष्ठान हटाने को कहा गया है। इसके लिए इन्हें सप्ताह भर का समय दिया गया है। इससे पूर्व मेकिंग के जरिय भी सूचना दी गई थी। इसके बाद कंपनी के अधिकारी कर्मी अपनी ओर से मशीन लगाकर हटाने का काम शुरू करेंगे। इसके अलावा बुधौल, ताराडीह, हमजापुर आदि जीटी रोड के किनारे आने वाले बाजारों की भी मापी की जाएगी और भूमि अधिग्रहण कर रोड निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। बता दें कि इन बाजारों के भूस्वामी उचित मुआवजे को लेकर सालों से लड़ाई लड़ते आ रहे थे। मौके पर एनएचएआई इंसिडेंट मैनेजर अरविंद कुमार, साइड इंजीनियर युवराज कपूर, टीम लीडर संजय द्विवेदी, सुनील सिंह, प्रेमचंद मिश्रा, विवेक कुमार, रंजित सिंह आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम को लेकर एकदिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम

**अररिया।** अररिया समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आईसीडीएस ज़िला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी की अध्यक्षता में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ शामिल हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना था। अधिकारियों को पोश एक्ट के प्रावधानों, शिकायत दर्ज होने की प्रक्रिया तथा महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि अधिनियम के तहत प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जो यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जांच करती है। शिकायत दर्ज करने की समय-सीमा 3 महीने निर्धारित है तथा जांच की पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा जाता है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को शी बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने एवं रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी समझाई गई, ताकि पीड़ित महिलाओं को सरल और सुरक्षित माध्यम उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ, आईसीडीएस के अधिकारी एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

### बुनियाद केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मान समारोह

**अररिया।** जिले के फारबिसगंज बुनियाद केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को लेकर बुधवार को अनुमंडल स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन भारत माता मंदिर के निर्माता 90 वर्षीय जनार्दन प्रसाद की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में हरिपुर वृद्धजन संघ से सदानंद मेहता अपने सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुनियाद केंद्र से जुड़े चयनित विद्यालयों में आयोजित लेखन,चित्रांकन एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आलोक दुग्गड़ द्वारा अत्यंत प्रेरक उद्बोधन दिया गया, जिसने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया।सक्षम के जिला प्रबंधक नवीन कुमार नवीन द्वारा वृद्धजनों के लिए संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सक्षम टीम से लेखापाल पुष्कर पुष्प, केंद्र प्रबंधक प्रभारी राजेश कुमार, करुण कुमार, सीनियर फिजियो तरन्नुम निगार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 152 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ फारबिसगंज के दो युवक नेपाल में गिरफ्तार

**अररिया।** नेपाल विराटनगर की नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने फारबिसगंज के दो युवकों को 152 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।मंगलवार की देर रात विराटनगर बस स्टैंड के पास से दोनों युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवकों में फारबिसगंज भागकोहलिया के 28 मो. मोजाहित और पलासी के 20 वर्षीय राजकुमार दास है।मोरंग जिला पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इससे पहले विराटनगर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने विराटनगर के ही दो नेपाली युवकों को भी ब्राउन शुगर के पास गिरफ्तार किया।दोनों युवक मोटरसाइकिल संख्या 14 पीए 4587 पर थे और संदिग्ध अवस्था में एक दूसरे से बातचीत कर रहे थे। सब इंस्पेक्टर प्रकाश चंद्र अधिकारी के नेतृत्व में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने जब दोनों संदिग्ध युवकों की तलाश ली तो इनके पास से 140.18 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। गिरफ्तार युवक विराटनगर वार्ड संख्या 16 के रहने वाले 16 वर्षीय अजय कुमार राउत और विराटनगर 8 के रहने वाले 28 वर्षीय अजय कुमार मुखिया है।ब्राउन शुगर अजय कुमार मुखिया से बरामद किया गया है।नेपाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और मोरंग जिला पुलिस गिरफ्तार दो भारतीय सहित चारों से मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुटी है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस ने लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों के पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिल,चार सौ ग्राम गांजा,1.37 ग्राम स्मैक,एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन,स्मैक पैक करने वाला प्लास्टिक आदि बरामद किया है।गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों में तीन सुपौल जिला और एक अररिया जिला का है।एसपी अंजनी कुमार द्वारा फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में गठित फारबिसगंज,नरपतगंज थाना और डीआईयू की टीम ने यह कामयाबी हासिल की।जानकारी बुधवार शाम एसपी कार्यालय से दी गई। लगातार सार्वजनिक स्थानों से हो रहे मोटरसाइकिल चोरी की घटना को लेकर गठित छापेमारी दल द्वारा तकनीकी अनुसन्धान एवं सीसीटीवी फुटेज के साथ सूचना संकलन किया गया। जिसमें यह बात समाने आया कि इसमें एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। इसी क्रम में गिरोह के दो सदस्य सुपौल जिला के छातापुर वार्ड संख्या 8 के रहने वाले 19 वर्षीय मो.साहिल पिता मो.सफलेउद्दीन और सुपौल जिला के छातापुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर प्रतापनगर वार्ड संख्या 2 के मो.गुलराज उर्फ अरबाज पिता साबिर बाइक चोरी करने फारबिसगंज पहुंचे।लेकिन पुलिस ने साहिल को बाइक चोरी करते रंगेहाथ मौके पर ही पकड़ लिया,जबकि गुलराज उर्फ अरबाज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया जिसे बाद में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल ने पकड़ा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार एक की मौत, दूसरा बुरी तरह घायल

**अररिया।** फारबिसगंज-रानीगंज मुख्य मार्ग में सैफगंज के पास बुधवार की दोपहर करीबन एक बजे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज लाया गया, जहां ऑन-ड्यूटी चिकित्सक डॉ. सिद्धांत कुमार ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। मृतक 23 वर्षीय राजा कुमार नरपतगंज के फतेहपुर वार्ड संख्या 15 निवासी सुबोध ठाकुर का बेटा था। वह दो भाई एवं एक बहन में सबसे छोटा था। परिजनों ने बताया कि राजा पिठौरा में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता था। वहीं घायल युवक सुशांत सिंह फतेहपुर वार्ड संख्या 10 निवासी शैलेंद्र सिंह का बेटा है।जिसका इलाज जारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से फारबिसगंज से कटिहार जा रहे थे। जैसे ही सैफगंज के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। आमने-सामने की भिड़ंत में राजा कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही फतेहपुर पिठौरा से बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंचे, जहां मातम का माहौल छा गया। फारबिसगंज थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर के कारण यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है तथा चालक को हिरासत में ले लिया है। वही गंभीर रूप से घायल को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। लाश को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गई है।

# कहलगांव में एयर स्ट्रिप बनाएगा अडाणी पावर लिमिटेड

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के पीरपैंती थर्मल पावर प्लांट के निर्माण में जुटी अडाणी पावर लिमिटेड ने जिला प्रशासन से हवाई पट्टी के लिए जमीन की मांग की है। इस संबंध में अडाणी पावर लिमिटेड की ओर से एक चिट्ठी लिखी गई है, जिसमें जिला प्रशासन से करीब 100 मीटर चौड़ी और 2000 मीटर लंबाई वाले आकार की जमीन की डिमांड की गई है। कंपनी के पत्र को लेकर भागलपुर के डीएम नवल किशोर चौधरी ने कहलगांव के एसडीओ को निर्देश दिए हैं। अडाणी पावर लिमिटेड की ओर से जो चिट्ठी जिला प्रशासन को लिखी गई है। कहा गया है कि हमारी कंपनी पीरपैंती प्रखंड में 800 मेगावाट की 3 पावर प्लांट की यूनिट का निर्माण कर रही है। कंपनी के अधिकारियों कर्मचारियों को कठिन रास्तों से होकर साइट पर जाना पड़ता है, जिससे परेशानी होती है। कंपनी की ओर से चिट्ठी में बताया गया है कि जहां निर्माणकार्य चल रहा है, वहां कोई हवाई पट्टी भी नहीं है, ऐसे में कंपनी एक जमीन का टुकड़ा चाह रही है, जिस पर एयर स्ट्रिप बनाया जा सके।



**कहलगांव और पीरपैंती के बीच जमीन को हवाई पट्टी के लिए ग्रुप ने किया चिह्नित:** जानकारी के अनुसार, अडाणी पावर लिमिटेड ने हवाई पट्टी के लिए जिस जमीन की पहचान की है, वह कहलगांव और पीरपैंती के बीच स्थित है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर अभी इसके सर्वे और रिपोर्ट तैयार होने में समय लगेगा, लेकिन कंपनी ने राज्य सरकार से भी औपचारिक अनुमति प्रक्रिया शुरू कर दी है। बता दें कि अडाणी ग्रुप इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश कर रहा है, जिसके चलते तेज आवाजाही और उच्चस्तरीय तकनीकी टीमों की लगातार आवक-जावक को देखते हुए एक समर्पित एयर स्ट्रिप की जरूरत महसूस की गई।

**अडाणी पावर प्लांट की तैयारियों ने पकड़ा जोर:** इधर, पीरपैंती में प्रस्तावित अडाणी पावर प्लांट को लेकर भी तैयारियां तेजी पकड़ने लगी हैं। कंपनी की ओर से लगभग 800 मेगावाट क्षमता के इस पावर प्लांट के लिए तकनीकी टीमों का आना-जाना शुरू हो चुका है। प्रशासनिक स्तर पर जमीन चिह्नित करने, आवश्यक अनुमतियों और पर्यावरणीय मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है। बताया जाता है कि आगामी महीनों में इस परियोजना के लिए कई महत्वपूर्ण औपचारिक कार्रवाइयां पूरी कर ली जाएंगी। स्थानीय स्तर पर लोग इसे रोजगार और विकास के बड़े अवसर के रूप में देख रहे हैं। कहलगांव में हवाई अड्डे के निर्माण और पीरपैंती में पावर प्लांट लगने से हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के रास्ते खुलेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़क, ऊर्जा, आवाजाही और औद्योगिक आधारभूत संरचना के विस्तार की भी संभावनाएं बढ़ेंगी। जिला प्रशासन ने फिलहाल कंपनी के भूमि संबंधी प्रस्ताव को संज्ञान में लेकर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगले चरण में राजस्व विभाग और तकनीकी टीम द्वारा जमीन का विस्तृत सर्वे किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## नशा मुक्ति दिवस पर नशा मुक्त जिला निर्माण का दिलाया गया शपथ



निज संवाददाता। अररिया

अररिया समाहरणालय अररिया स्थित डीआरडीए सभागार में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी की अध्यक्षता में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईसीडीएस से जुड़ी सभी महिला पर्यवेक्षिकाएँ, प्रखंड समन्वयक एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में नशामुक्ति अभियान को सशक्त बनाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में बढ़ते नशे के दुष्प्रभाव, पारिवारिक विघटन, महिलाओं और बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव तथा नशा मुक्त वातावरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत सभी उपस्थित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षिकाओं द्वारा सामूहिक रूप से नशामुक्ति शपथ ली गई, जिसमें नशामुक्त अररिया निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया। एसीडीएस डीपीओ कविता कुमारी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें, महिलाओं एवं किशोरियों को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराएँ और समुदाय को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करें।

## अचानक धंसी क्लास रूम की जमीन

निज संवाददाता। बेगूसराय



बेगूसराय में आज एक स्कूल का फर्श धंसने से 6-7 बच्चे चोटिल हो गए। जिनका इलाज सरकारी अस्पतालों में कराया गया है। घटना साहेबपुर कमाल प्रखंड मुख्यालय स्थित रेलवे मध्य विद्यालय की है। घटना को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) ने जांच के आदेश दिए हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज रेलवे मध्य विद्यालय साहेबपुर कमाल में प्रार्थना के बाद सभी बच्चे अपने-अपने क्लासरूम में गए थे। इसी दौरान सप्तम वर्ग में क्लास रूम का कोना अचानक घंस गया। बच्चे और शिक्षक जब तक कुछ समझ पाते, 6-7 बच्चे करीब ढाई से 3 फीट के गड्ढे में नीचे गिर गए।

**गांव के लोग बोले- गलत तरीके से निर्माण के कारण धंसी जमीन:** आनन-फानन में सभी बच्चों को निकाला गया और उन्हें साहेबपुर कमाल पीएचसी में भेजा गया। इधर, हल्ला होते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने विद्यालय के निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। लोगों ने कहा है कि गलत तरीके से निर्माण किए जाने के कारण फर्श धंसा है। बताया जा रहा है कि करीब 10 वर्ष पहले स्कूल बिल्डिंग का निर्माण रेलवे कैंपस में ही गड्ढे में किया गया था। फर्श मजबूत नहीं रहने के कारण धीरे-धीरे यह नीचे से धंसता चला गया, अंदर से मिट्टी धंस जाने के बाद आज अचानक फर्श सहित धंस गया। हालांकि बड़ी घटना नहीं हुई। डीईओ बोले- चूहा के बिल या किसी अन्य कारण से फर्श धंसने की आशंका डीईओ मनोज कुमार ने बताया कि एक क्लास रूम के कोना में दो से ढाई फीट धंसा है। जिसमें गिरने से बच्चे चोटिल हुए हैं, सभी इलाज कराकर अपने घर चले गए हैं।

## 20000 की आबादी घर-बाजार जाने के लिए नाव पर आश्रित

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर शहर के ठीक पीछे बसे शंकरपुर दियारा समेत 7 गांव के लोग मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे हैं। करीब 20 हजार आबादी वाले इस इलाके में गंगा नदी पार कर शहर पहुंचना चुनौती जैसी है। भागलपुर यूनिवर्सिटी के समानांतर बहने वाली गंगा इस क्षेत्र को पूरी तरह कटाव और बाढ़ की मार के बीच अलग-थलग कर देती है। इन गांवों के लिए आवाजाही का एकमात्र सहारा नाव है, जो रोज़ाना हजारों लोगों को शहर तक लाती-ले जाती हैं। लेकिन नाव का यह सफर न तो सुरक्षित है और न ही सुविधाजनक। गांव के सरपंच दिनेश ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों और स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ती है। रात में प्रसव पीड़ा या आपात स्थिति आने पर नाव वाले नदी में उतरने से कतराते हैं। कई बार इलाज के अभाव में नहीं, बल्कि समय पर नाव नहीं मिलने से लोगों की जान तक चली गई है। दियारा का पूरा इलाका बाढ़ग्रस्त रहता है और हर साल लगभग 25 हजार से अधिक लोग बाढ़ की मार झेलते हैं।

**गांव के लोग चंदा नहीं जुटा पाए तो नहीं बना चचरी पुल:** ग्रामीण अमरजीत बताते हैं कि चचरी पुल ही उनका सहारा था, जिसे हर साल ग्रामीण चंदा जुटाकर बनवाते थे। लेकिन इस साल पर्याप्त राशि नहीं जुट सकी, जिसकी वजह से अभी तक चचरी पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। इस कारण स्कूली बच्चों से लेकर महिलाओं तक सभी को नाव का इंतजार करते घंटों बिताने पड़ रहे हैं।

**ग्रामीण बोले- प्रशासन ने 3 साल पहले वादा किया था, लेकिन हीं बना पुल:** ग्रामीणों मिथलेश ने बताया कि जिला प्रशासन ने इस क्षेत्र में पक्का पुल बनाने का वादा किया था। लेकिन 3 साल बीतने के बाद भी न तो काम शुरू हुआ और न ही कोई पहल नजर आती है। हालात इतने बदतर हैं कि करीब पांच हजार लोग प्रतिदिन शहर आने-जाने को मजबूर हैं, वह भी ऐसे सफर से जो हर दिन किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लिए होता है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अविलंब पहल कर स्थायी पुल निर्माण की दिशा में कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी को रोका जा सके।

## राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबॉल प्रतियोगिता

निज संवाददाता। बेगूसराय




बिहार सरकार के खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बेगूसराय जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में बेगूसराय में चल रहा राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबॉल बालक-14 खेल प्रतियोगिता तीसरे दिन भी जारी है। जिला खेल पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने सभी खिलाड़ियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिसमें आज पहला मैच सारण और पटना के बीच खेला गया, दोनों टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रहा। दूसरा मैच भागलपुर बनाम पूर्णिया प्रमंडल के बीच खेला गया जो बराबरी पर रहा। दोनों ही टीमों ने एक भी गोल नहीं किया। इसके बाद पहला सेमी फाइनल मैच मुंगेर बनाम भागलपुर प्रमंडल के बीच खेला गया। मुंगेर की टीम ने भागलपुर प्रमंडल को ट्राय ब्रेकर में 3-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

**गुरुवार को अंडर 14 में मुंगेर बनाम कोशी प्रमंडल का फाइनल:** दूसरा सेमी फाइनल मैच सारण बनाम कोशी प्रमंडल के बीच खेला गया। जिसमे सारण की टीम को 2-0 से कोशी प्रमंडल ने हराकर फाइनल में अपनी जगह बना लिया। चौथे दिन गुरुवार को राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबॉल बालक-14 खेल प्रतियोगिता का फाइनल मुंगेर बनाम कोशी प्रमंडल के बीच खेला जाएगा। आयोजन में जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, अरविंद, कन्हैया, मणिकांत चिरंजीवी, राजेश रौशन, शशिकांत, दीपक, अमित, बबलू, चंदन एवं राम पुनीत आदि महत्वपूर्ण भूमिका में लगे हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि युवा प्रतिभाओं को ओलिंपिक तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ बिहार सरकार के द्वारा हमेशा खेल प्रतियोगिता का आयोजन पूरे राज्य में कराया जाता है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पूरे बिहार से खेल प्रतिभाओं को खोज कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना है।

**'खेल और खिलाड़ियों के विकास के लेकर केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध':** केंद्र सरकार और बिहार सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। खेल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल से शारीरिक और मानसिक बल मिलता है, समाज में एकजुटता का संदेश आता है। खेल के क्षेत्र में भी आज सुनहरा भविष्य है, खिलाड़ियों को नौकरियां मिल रही हैं। बेगूसराय में लगातार राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल खेलने के लिए प्रेरित करें। बेगूसराय खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है, खेल हमें जीवन में अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। खिलाड़ियों, टीम प्रभारी और प्रशिक्षकों के लिए आवासन, खान-पान और उनके सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है, जिसके लिए विभिन्न कोषांग का गठन किया गया है।

## मैथिली विवाह के गीत गूंज रहे

निज संवाददाता। बेगूसराय



माता सीता के मायके मिथिला में एक बार फिर हर घर में मैथिली विवाह गीत गूंजने लगे हैं। अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन होने वाले जानकी विवाह महोत्सव के लिए तैयारी की जा रही है। । बेगूसराय में इस साल 24 नवंबर को राम जानकी विवाह महोत्सव होना है। यह दिन भले ही सीता और राम के विवाह का हो, लेकिन मिथिला में लोग राम विवाह नहीं, जानकी विवाह महोत्सव मनाते हैं। पूरे देश में मिथिलांचल का ही दो जगह एक जनकपुर और दूसरा बेगूसराय का बीहट है, जहां कि वैदिक रीति और संकीर्तन के साथ विवाह महोत्सव मनाया जाता है। दोनों जगह पर इस महोत्सव में शामिल होने के लिए ना केवल दूर-दूर से लोग आते हैं, बल्कि मिथिला के पाहुन (दामाद) श्रीराम और उनके भाई लक्ष्मण के स्वरूप भी अयोध्या से आते हैं। विवाह पंचमी को लेकर मिथिला के प्रवेश द्वार बीहट स्थित विश्वनाथ मंदिर में तैयारी अंतिम चरण में है।

**16 दिसम्बर को मटकोर की रस्म:** 23 नवंबर को देव निमंत्रण, मंडपाच्छादन, जागरण व 16 दिसम्बर को मटकोर की रस्म और भातृभोज होगा। 24 नवंबर की सुबह हल्दी, दोपहर में नहछू और शाम में बारात नगर भ्रमण के बाद रात में वैदिक विधि-विधान से शादी होगी। 25 नवंबर की दोपहर रामकलेवा (56 भोग ज्योनार) व शाम में संगीत समारोह होगा। 26 नवंबर को शाम में संगीत और रात में चौथ-चौथारी के साथ महोत्सव का समापन होगा। सबसे बड़ी बात है कि यहां ना सिर्फ विवाह का महोत्सव मनाया जाता है। बल्कि वैष्णव माधुर्य भक्ति के परिचायक विश्वनाथ मंदिर बीहट में बेटी की शादी की तरह मिथिला परंपरा के अनुसार सभी रस्म निभाए जाते हैं।

**दामाद की तरह राम को करती विदा:** अवध (अयोध्या) से आए श्रीराम के स्वरूप दूल्हा से मिथिलांचल की बेटियां हास-परिहास करती है। विवाह की रस्म पूरा होने के बाद सम्मान के साथ उन्हें दामाद की तरह अवधपुरी अयोध्या के लिए विदा किया जाता है। विवाह महोत्सव में राजा जनक की भूमिका निभाने वाले विश्वनाथ मंदिर के पीठासीन आचार्य राजकिशोर शरण निभाते हैं। उन्होंने बताया कि लोक उत्सव और लोक पर्व की जागृत परंपरा के वाहक मिथिला के हर घर में श्रीराम जानकी की पूजा होती है। विश्वनाथ मंदिर में प्रत्येक दिन रामार्चन के माध्यम रस्में निभाई जाती है। प्रत्येक महीने के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की पंचमी को भगवान श्रीराम का विवाहोत्सव होता है। लेकिन प्रत्येक साल अगहन शुक्ल पक्ष की पंचमी को श्रीजानकी विवाह महोत्सव का आयोजन होता रहा है। श्रीसिय रनिवास में महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। अयोध्या से 14 साल से कम उम्र के रामस्वरूप दूल्हा आएंगे। जिस तरह से पौराणिक काल में अपने गुरु के संग सीता के स्वयंवर में आए श्रीराम का सभी रस्म मिथिला में किया गया था, उसी प्रकार से यहां भी रामस्वरूप आए बालक का सभी रस्में पूरे विधि विधान से किया जाएगा। विश्वनाथ मंदिर का श्रीजानकी विवाह महोत्सव सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को बढ़ाने के साथ ही वैष्णव माधुर्य भक्ति का परिचायक भी है। लोग यहां परब्रह्म की अराधना दासभक्ति से करते हैं। ब्रह्म का ब्रह्मत्व खोकर शक्ति में समर्पित हो जाना और शक्ति के हाथों का खिलौना बने रहना ही मिथिला की वैष्णव मार्धुय भक्ति का मर्म है।

**भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने कभी किया था शिरकत:** इस विवाह महोत्सव में विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, उनके पौत्र इलील्लाह खान, दरभंगा घराना के गायक बिदुर मल्लिक, रमेश मल्लिक, संगीत मल्लिक समेत देश के कई ख्यातिप्राप्त शास्त्रीय संगीत गायक और वादक सहित अन्य विधा के कलाकार शिरकत कर चुके हैं। फिलहाल धूमधाम से विवाह उत्सव की तैयारी की जा रही है। निमंत्रण कार्ड वितरित किए जा रहे हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की गई है।

## बाइक हटाने को कहने पर तलवार, लाठी-डंडों से हमला

निज संवाददाता। बांका



बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के कामदेवपुर गांव में बुधवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर 2 पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में महिलाओं सहित कुल तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल किया रेफर:** घायलों को अमरपुर रेफरल अस्पताल में डॉ. पंकज कुमार ने प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए आठ घायलों सीताराम सिंह, गोपाल सिंह, राहुल कुमार, राजेंद्र सिंह, विवेक सिंह, रवि सिंह, सरिता देवी और रेखा देवी को मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया है। प्रथम पक्ष के घायल विजय सिंह ने बताया कि बुधवार को उनके घर तिलक समारोह था। इसी दौरान विवेक सिंह ने अपने घर के पास स्थित मंदिर परिसर में अपनी बाइक खड़ी कर दी थी। बाइक हटाने को कहने पर विवेक सिंह और उनके परिजनों ने तलवार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हल्ला सुनकर घर के अन्य सदस्य पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस पक्ष के घायलों में सीताराम सिंह, विजय सिंह, राहुल सिंह, गोपाल सिंह, गुंजन देवी और पिंकी देवी शामिल हैं।

**जमीन की मापी को लेकर चल रहा विवाद, न्यायालय में मामला:** दूसरे पक्ष के घायल विवेक सिंह के अनुसार, उनके बीच जमीन की मापी को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है, जो न्यायालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह बबलू सिंह ने उनसे बाइक हटाने को कहा। जब उन्होंने थोड़ी देर में हटाने की बात कही, तो बबलू सिंह आक्रोशित हो गए और बाइक पर लाठी-डंडों से प्रहार करने लगे। इसका विरोध करने पर विपक्षी पक्ष ने उन्हें, उनकी पत्नी और परिवार की अन्य महिलाओं सहित कई सदस्यों को पीटकर घायल कर दिया।

**दोनों पक्षों ने थाने में किया लिखित आवेदन, न्याय की गुहार:** दूसरे पक्ष के घायलों में विवेक सिंह, राजेंद्र सिंह, कंचन देवी, विकास सिंह, सरिता देवी, रीना देवी और मीना देवी के नाम शामिल हैं। दोनों पक्षों ने अमरपुर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि आवेदनों के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बड़ी चूक की वजह से दिल्ली के बाद कश्मीर में हुआ बम धमाका

हाल ही में दिल्ली में लाल किला के पास हुए बड़े धमाके और उसमें कई लोगों की मौत के सदमे से लोग निकले भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की रात अचानक हुए विस्फोट में नौ लोगों की जान चली गई। गौरतलब है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी तंत्र के खुलासे के बाद कुछ लोगों की गिरफ्तारी के साथ-साथ भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किए गए थे। उन्हीं को जम्मू-कश्मीर के नौगाम स्थित एक थाने में ले जाया गया था, ताकि विस्फोटकों का गहन परीक्षण कराया जा सके।इतना संवेदनशील विस्फोटक किसी तरह नौगाम थाने तक तो पहुंच गया, लेकिन उसके बाद शायद जरूरी सावधानी सुनिश्चित नहीं की जा सकी। यह त्रासद विडंबना रही कि थाना परिसर में ही विस्फोटकों की जांच के क्रम में एक बड़ा धमाका हो गया, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और बत्तीस लोग बुरी तरह घायल हो गए। धमाके के असर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि एक ओर परिसर में थाने को बड़ी क्षति पहुंची, वहीं आसपास के घरों को भी भारी नुकसान हुआ। नौगाम के थाना परिसर में हुए विस्फोट के असर को देखते हुए शुरूआत में इसके कोई आतंकी हमला होने की आशंका जताई गई, लेकिन बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस और फिर गृह मंत्रालय की ओर से भी स्पष्ट किया गया कि यह कोई आतंकी हमले जैसी घटना नहीं थी और महज एक हादसा था। खबरों के मुताबिक, जब्त विस्फोटकों को फोरेंसिक जांच के लिए उसमें से नमूना निकालने की कोशिश तथा अन्य प्रक्रिया चल रही थी कि धोखे से उसमें विस्फोट हो गया। अगर इस विस्फोट का आतंकी हमले से कोई ताल्लुक नहीं था, तो यह एक राहत की बात हो सकती है, लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इतनी बड़ी तादाद में जो विस्फोटक पदार्थ और रसायनों का जखीरा जमा किया गया था, उन्हें एक आतंकी तंत्र के खुलासे के दौरान ही जब्त किया गया था। थाना परिसर में गलती से हुए धमाके में जितने बड़े पैमाने पर क्षति हुई, लोग हताहत हुए, उसे देखते हुए इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि अगर योजनाबद्ध तरीके से आतंकियों ने इन विस्फोटकों के सहारे दिल्ली या अन्य किसी जगह पर वारदात को अंजाम दिया होता, तो जानमाल के नुकसान का दायरा कितना बड़ा हो सकता था। मामूली असावधानी का नतीजा क्या हो सकता है, यह सामने है।

*इस चुनाव ने केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं की है, बल्कि यह तय किया है कि अब बिहार की जनता अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ेगी। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा तो होती रही है, लेकिन इन जटिल से जटिलतर होती समस्याओं से बाहर निकलने के रास्ते दिखाई नहीं दिये। बिहार की जनता का मोदी के प्रति एक नये तरह का विश्वास जागा है। पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले इसलिये भी बने हैं कि इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं।*

## बिहार में बड़बोली राजनीति की हार, सुशासन की नई सुबह

**(ललित गर्ग)**

इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक एवं अनूठी जीत ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रणनीति और उनकी जनस्वीकार्यता आज भी भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती है। यह जीत सिर्फ एक गठबंधन की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के भविष्य की नई रूपरेखा का संकेत है। नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और उभरते हुए युवा सितारे चिराग पासवान के प्रभावी प्रदर्शन ने मिलकर इस चुनाव को एनडीए के पक्ष में एक मिसाल बना दिया। एनडीए की जीत के पीछे उनके 10 प्रमुख वादे हैं जिनमें पंचामृत गारंटी, रोजगार सृजन, मुफ्त शिक्षा, महिलाओं के लिए योजनाएं, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। इस बार के चुनाव इसलिये भी ख़ास रहे क्योंकि 1951 के बाद बिहार में इस बार सबसे ज्यादा वोट पड़े। इस बार बिहार में 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि पिछले विधानसभा चुनाव से 9.6 प्रतिशत ज्यादा है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं का मतदान 8.15 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इस बार के मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.98 प्रतिशत रही और महिलाओं की 71.78 प्रतिशत। बिहार में 3.51 करोड़ महिला वोटर हैं और 3.93 करोड़ पुरुष वोटर और कुल मतदाताओं की तादाद 7.45 करोड़ है। बिहार विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 200 सीटों के आंकड़े को पार कर रहा है, इस जनादेश में महिला मतदाताओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि एकतरफा बिहार की महिलाओं का विश्वास जीत गया है, एनडीए विजयी हुआ है, बिहार विजयी हुआ है और महागठबंधन का बड़बोलापन हारा है। महागठबंधन की करारी हार अपने आप में कई सवाल छोड़ती है। चुनावी रैलियों में भीड़ जरूर इकट्ठी हुई, भाषणों में तीखे हमले भी हुए, लेकिन विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में विफल रहा। नेतृत्व की अस्पष्टता, रणनीति की कमी, और विकास तथा सुशासन पर ठोस विजन की गैर-हाजिरी ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि सत्ता परिवर्तन से स्थिरता नहीं, बल्कि अनिश्चितता बढ़ सकती है। महागठबंधन बार-बार सामाजिक न्याय और पुराने नारों की दुहाई देता रहा, लेकिन आज का बिहार उन नारों से अधिक उम्मीदें रखता है- रोज़गार, सुरक्षा, कानून व्यवस्था और बुनियादी सेवाओं की निरंतरता। इन मुद्दों पर विपक्ष का स्पष्ट और भरोसेमंद खाका सामने नहीं आ सका। यही कारण है कि उसके नेताओं की बड़बोली बयानबाज़ी जनता पर असर नहीं डाल सकी, बल्कि कई जगह उलटा असर दिखा गई। इसके विपरीत एनडीए ने अपने चुनाव अभियान को 'स्थिरता .विकास' के सूत्र में पिरोया। मोदी की राष्ट्व्यापी स्वीकार्यता, केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां-योजनाएं और नीतीश कुमार की सुशासन-छवि ने बिहार के मतदाता को यह भरोसा दिया कि यह गठबंधन अनुभव, विश्वास, विकास और नीतिगत दृढ़ता का सही मिश्रण है। नीतीश कुमार भले कई राजनीतिक मोड़ों के लिए आलोचित हुए हों, लेकिन जनता के मन में उनकी छवि एक ऐसे प्रशासक की बनी हुई है, जो लंबे समय से बिहार को कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, सड़क-निर्माण और शिक्षा सुधार जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का प्रयास करता रहा है। इस छवि का लाभ एनडीए को व्यापक रूप से मिला। भाजपा की संगठनात्मक मशीनरी ने बूथ तक प्रभावी और लक्षित पहुंच बनाई, जिससे मतदाताओं में यह भरोसा मजबूत हुआ कि केंद्र व राज्य का समन्वय विकास की गति को और तेज करेगा। इन चुनावों का एक बड़ा आकर्षण चिराग पासवान का उभार रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे किसी के 'मोहरा' नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णायक खिलाड़ी हैं। उनके आक्रामक और आत्मविश्वासी अभियान ने युवा और दलित वर्ग में नई ऊर्जा जगाई। एनडीए के भीतर उनकी भूमिका महज सांकेतिक नहीं थी, बल्कि वास्तविक जनाधार और असर से भरपूर रही। सीटों पर उनकी उल्लेखनीय पकड़ ने यह संदेश दिया कि वे आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित कर सकते हैं। यह भी सच है कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता नीतीश कुमार के लिए संतुलन साधने की चुनौती भी बन सकती है, लेकिन यदि गठबंधन समन्वय बनाए रखता है, तो बिहार को इससे मजबूत नेतृत्व का लाभ मिल सकता है। अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार किस दिशा में आगे बढ़ेगा। जनता की अपेक्षाएँ बहुत ऊँची हैं-सुरक्षित समाज, संवेदनशील प्रशासन, भ्रष्टाचार पर अंकुश और विकास की तेज रफ्तार। कानून-व्यवस्था बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। लोग चाहते हैं कि अपराध-नियंत्रण में सुधार हो, पुलिस प्रशासन आधुनिक और जवाबदेह बने, और न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। एनडीए के पास केंद्र और राज्य दोनों के संसाधन और राजनीतिक सामर्थ्य है, इसलिए उससे उम्मीद यह है कि वह 'सुशासन का दूसरा अध्याय' लिखने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। भाजपा न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, बल्कि जेडीयू के बगैर भी वह एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ जादुई आंकड़े को पार करती नजर आ रही है। ऐसे में नीतीश कुमार के लिए भाजपा के साथ किसी तरह का बिहार में बार्गेनिंग करना आसान नहीं रह गया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से यह बार-बार दोहराया गया है कि चुनाव के बाद भी परिणाम चाहे जो भी आएं, गठबंधन के चेहरे नीतीश कुमार ही बने रहेंगे। जेडीयू की ओर से भी यह बात दोहराई गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। फिलहाल इस पूरे चुनाव में महिला वोटर्स गेम चेंजर बताई जा रही हैं और ऐसा हुआ बिहार चुनाव से पहले महिला रोजगार योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे जाने से। वहीं चुनाव में महागठबंधन को बड़ा झटका लगा है। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों में बिहार का मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील दिखाई दिया हैं। वह जानता है कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता, विकास, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही।

### जघन्य अपराधों में बढ़ी नाबालिगों की संलिप्तता

पिछले कुछ वर्षों के दौरान जघन्य अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता बढ़ी है। दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक आटो चालक की हत्या के आरोप में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी से देश में पलती-बढ़ती एक चिंताजनक प्रवृत्ति और उसकी दिशा को समझा जा सकता है। अभी किसी भी स्तर पर इस बात की चिंता नहीं दिखती है कि बेरोजगार युवाओं या विद्यालय न जाने वाले किशोरों के भविष्य को संवारने लिए क्या किया जाए। उनके बीच से जो किशोर आपराधिक प्रवृत्ति की ओर कदम बढ़ा दे रहे हैं, उन्हें लेकर हमारी नीति क्या हो। यहां तक कि हम बच्चों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों से लैस नहीं कर रहे। दूसरी ओर, समाज में अनेक तरह की बनती विपरीत स्थितियां किशोरों को अपराध के गर्त में धकेल रही हैं। राजधानी में वह आटो चालक महज अपनी रोजी-रोटी कमाने निकला था। मगर कुछ शातिर लड़के योजनाबद्ध तरीके से उसे सुनसान जगह ले गए और उससे लूटपाट की कोशिश करने लगे। जब आटो चालक ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पकड़े जाने पर इन आरोपियों ने यह बात कबूली है कि वे नशे के आदी हैं और इसके लिए पैसे जुटाने के इरादे से उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। समझा जा सकता है कि अपराध के दलदल में धंसते कुछ किशोर किस तरह खतरनाक हो रहे हैं। दिल्ली में हुई यह ताजा घटना एक उदाहरण भर है। यह दुखद ही है कि पढ़ने-लिखने की उम्र में कई किशोर हथियार लेकर सड़कों पर चल रहे हैं और आए दिन लूटपाट से लेकर हत्या तक के जघन्य अपराध में लिप्त पाए जा रहे हैं।

## नैरेटिव का विकल्प खोजे बिना कैसे हो उद्धार

**(उमेश चतुर्वेदी)**

पिछली बार के चुनावों में महागठबंधन को सबसे ज्यादा ताकत अंग प्रदेश और भोजपुर से मिली थी। शाहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस और माले के साथ महागठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 22 सीटों में से पिछली बार एनडीए को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार उसका प्रदर्शन करीब सात गुना बेहतर हुआ है। चाणक्य की धरती के मतदाताओं ने आधुनिक राजनीति के कौटिल्यों को भी हैरत में डाल दिया है। एनडीए की जीत की उम्मीद एक्जिट पोल कर तो रहे थे, लेकिन उन्हें भी इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। एनडीए की भारी जीत और तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन की करारी हार ने कई राजनीतिक संदेश दिए। समाजवादी गठबंधन के लिए कांग्रेस का साथ पत्थर बांध कर तैरने जैसा हो गया है। जिस भी समाजवादी गठबंधन ने कांग्रेस का हाथ थामा, वह राजनीति के समंदर में डूब गया। इसके पहले उदाहरण बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में यूपी के लड़के के नारे के साथ राहुल गांधी का साथ लेकर अखिलेश चुनावी वैतरणी पार करने उतरे थे, लेकिन भाजपा की लहर में वे डूब गए। 2022 में भी कांग्रेस उनके लिए पतवार नहीं बन सकी। इस बार तेजस्वी के लिए कांग्रेस सहारा नहीं बन पाई। चुनाव नतीजों कुछ वैसे ही हैं, जैसे हम तो डूबे ही सनम, तुझे भी ले डूबेंगे। विपक्षी गठबंधन को अब सोचना होगा कि कांग्रेस का हाथ वह कब और कितना पकड़े कि उसकी सियासी नैया पार लग सके, डूबे नहीं। बिहार के चुनाव नतीजों ने यह भी संदेश दिया है कि राजनीतिक भंवर में अति आत्मविश्वास सामने से आ रही लहरों के मुकाबले का साहस दें, चाहे न दें, उनकी तासीर और ताकत का अंदाजा नहीं लगने देती। तेजस्वी के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। अति आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। तेजस्वी का अपने शपथ ग्रहण की तारीख तय करना और उसे अति उत्साही अंदाज में लोगों के बीच रखना, एक वर्ग को भले ही अच्छा लगा हो, आम वोटरों को पसंद नहीं आया। रही-सही कसर उनके अति उत्साही नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल ने पूरा कर दिया। बिहार की स्थानीय शब्दावली में यह मनोबल नहीं, मनबढ़ होना था। इसने सत्ताधारी एनडीए के जंगलराज के नैरेटिव को उस पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद पहुंचाई, जो जंगलराज के बाद नीतीश के सुशासन राज में पैदा हुई है। जिस तरह स्थानीय चैनलों, यू ट्यूबरों और चुनावी माहौल में कुकुरमुत्तों की तरह कथित मीडिया चैनलों के कैमरों के सामने अठारह-बीस साल वाली लड़कियों तक ने तेजस्वी राज में एक खास वर्ग और जाति से डर की आशंका जताई, उससे साफ हो गया था कि बिहार का चुनावी नजारा क्या रहने जा रहा है। बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष जिस तरह जंगल राज की भयावह तस्वीरें लोगों के सामने रख रहे थे, उसने भी भावी नतीजों की जानकारी दे दी थी। मीडिया के एक वर्ग ने एनडीए के नैरेटिक के बरक्स तेजस्वी की अगुआई वाले महागठबंधन का बचाव करने की कोशिशकी। तेजस्वी को उससे अलग दिखाने की कोशिशें भी कम नहीं हुईं। ऐसा करते वक्त तेजस्वी के रणनीतिकार, कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाला बौद्धिक वर्ग भूल गया कि एक बड़ा वर्ग अब भी सक्रिय है, जिसने जंगलराज को देखा है। जैसे-जैसे तेजस्वी के नए विजन को पेश करने की कोशिश की गई।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5918

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5917

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन परेशानियों से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। अपनी कुशलता के दम पर आप कारोबार में आ रही परेशानियों पर काबू पा लेंगे। आज के दिन विरोधियों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको छोटे मोटे कार्यों के लिए इन लोगों पर भरोसा करना पड़ेगा।

### वृष
आज लंबे समय के बाद फुर्सत के पल मिलेंगे। इस दौरान आपको अपने व्यक्तिगत जीवन पर सोच विचार करने का मौका मिलेगा। आने वाले दिनों में मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि वस्त्र और आभूषण आदि पहने से ही तैयार कर लें। अपने काम को बढ़ाने के लिए संपर्क और गठजोड़ भी करने पड़ सकते हैं।

### कर्क
आज के दिन भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा होता दिखेगा। अपने कामकाज के अलावा आपको रोमांस और मन की इच्छाओं का भी ध्यान रखना पड़ेगा। कभी कभी ज्यादा परिश्रम करने से आप बोर हो सकते हैं। ऐसे में मनोरंजन आपके लिए बेहतर विकल्प साबित होगा।

### सिंह
आज आपको अपने मन पर पूरा ही नियंत्रण रखना पड़ेगा। किसी साथी या पड़ोसी के द्वारा कही गई बात पर आप अचानक ही भड़क सकते है, लेकिन ध्यान रखें कि झगड़ा मोल लेने के बाद सुलह सफाई करने की भी गुंजाइश रखनी चाहिए। अपनी कुशलता के दम पर आप कारोबार में आ रही परेशानियों पर काबू पा लेंगे।

### मिथुन
आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई से सामना हो सकता है। एक साथ कई प्रकार के काम हाथ में ले लेने से आपको परेशानी हो सकती है। आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल देने वाला रहेगा। इस दौरान आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना होगा।

### कन्या
आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज के दिन आपको ढेर सारे कार्यों को करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। इस दौरान आपके लिए यात्रा के भी योग बन रहे हैं। अपने काम को बढ़ाने के लिए संपर्क और गठजोड़ भी करने पड़ सकते हैं।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहना होगा। स्वास्थ्य पर भी आपको ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में लापरवाही न करें और जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें। कार्यक्षेत्र में विवाद या तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। आर्थिक संतुलन बनाए रखने के लिए योजनाबद्ध ढंग से खर्च करें।

### वृश्चिक
आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। हाल ही में आपके जीवन में कई परिवर्तन आए हैं, जिनका असर अब भी महसूस हो रहा है। प्रेम से संबंधित किसी प्रकार के निर्णय में अस्थिरता आ सकती है। ऐसे में चीज़ों से बचने का मन भी हो सकता है। धैर्य और समझदारी से काम लें। समय के साथ कार्य करने से आपको सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
आज आपके जीवन में नफरत और प्रेम का लेखा जोखा बराबर रहता है। आपमें से कई लोग ऐसे हैं जिनको इन दिनों अपने गृहस्थ जीवन को संवारने में काफी मेहनत करनी पड़ रही है। कुछ लोग अपने प्रेम संबंधों को विवाह में तब्दील करने की कोशिश भी कर सकते हैं। यह यात्रा भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

### कुंभ
आज के दिन आप अपने करियर दाम्पत्य जीवन तथा माता पिता सहित संतान और परिवार के सदस्यों पर अधिक केन्द्रित हो सकते हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का पुरस्कार भी मिल सकता है। घर में आपका माहौल बहुत शान्त है और यह सब आगे चलकर आपके लिए कुछ ऐसी खुशियां ला सकता है।

### धनु
आज दिन आर्थिक मामलों में मिश्रित रहने वाला है। आपने अब तक जीवन में करियर से ज्यादा प्रेम, रोमांस और भाग्य पर भरोसा किया है, लेकिन अब समय है कि आप अपने कौशल और मेहनत पर ध्यान दें। यदि शुरुआत से ही आप अपने काम में अधिक गंभीर होते, तो शायद परिवार का पूरा सहयोग भी सहज ही मिल जाता। वर्तमान परिस्थितियों में प्रियजनों का नाराज़ होना भी संभव है।

### मीन
आज आप अपने कार्यक्षेत्र में इस समय अच्छी ख्याति और यश बटोर सकते हैं। अगर गंभीर होकर अपने कार्य में तत्पर हैं तो उन्नति की उच्च सीमा तक भी जा सकते हैं। समय का सहयोग अगर मिलता रहा और आपकी इच्छा शक्ति इसी तरह से कायम रही तो वह समय भी दूर नहीं होगा।

### वर्ग पहेली 5918



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. पश्चिम एशिया में स्थित एक देश जिसमें महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है (5)
5. यह प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जो ओशिआनिया महाद्वीप में स्थित है (2)
7. जो वस्तु जल में उत्पन्न हो (3)
8. सुगंधित होना, महकना (4)
10. दमन करने वाला, अत्याचारी (5)
12. रक्तवाहिनी नली, नस (2)
15. यह मध्यप्रदेश प्रांत का नगर है जो विध्यं पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
16. कचहरी, न्यायालय (4)
17. शक्तिशाली होना या बड़प्पन की धाक (2)
18. गिनती, अदद, संख्या (3)
19. मूल तथ्य, आंतरिक तथ्य (3)
20. चढ़ावा, पूर्वकर्म फल (2)
21. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
22. यह थाइलैंड देश का पुराना नाम है (2)

**ऊपर से नीचे**
1. अभिव्यक्ति, प्रकटन, प्रकाशन (4)
2. पंच तत्वों में से एक, वारि, आब (2)
3. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
4. तल्लीनता (3)
5. उजरत या पारिश्रमिक शुल्क लेकर सेवा देना (3)
6. एक बांग्लादेशी गायिका उन्होंने बांग्लोदश, भारत और पाकिस्तान की फिल्मी दुनिया में 1960 से 1985 तक बहुत गाये गाए है (2)
9. आवास स्वामी, भवन पति (5)
11. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)
13. निर्धन, कंगाल, धनहीन (5)
16. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
17. पुरानी फिल्मों के इस संगीतकार का बेटा अभिनेता निर्माता व निर्देशक तथा पोता एक प्रसिद्ध एक्टर है (3)
18. धुलाई, सफाई (2)
19. वचन, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

### वर्ग पहेली 5917 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | | ना | ज |
| ग | | ब | हा | र | | लं | ब |
| व | क्र | | स | म | झ | दा | र |
| त | | मी | न | | ड़ | | द |
| गी | ज | र | | | प | रा | स्त |
| ता | ज | | न | | | ज | |
| | मे | ह | दी | ह | स | न | |
| से | ण्ट | | म | द | न | | सा |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी की छत पर चढ़ दौड़ने लगा युवक, थमे ट्रेन के पहिए

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर खड़ी कंटेनर मालगाड़ी की छत पर एक युवक चढ़ गया। ऊपर चढ़ कर वह एक कंटेनर से दूसरे के बीच दौड़ने लगा। उसे देखकर यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्लेटफॉर्म से फुट ओवरब्रिज तक यात्रियों की भीड़ एकत्रित हो गई। ऊपर चढ़ा युवक नीचे छलांग लगाने की कोशिश करने लगे। उसे देख कर यात्री चिल्लाने लगे ।शोर सुन कर आरपीएफ पहुंची और उसे नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। कैरेज एंड वैगन विभाग के कर्मचारी सीढ़ी लेकर पहुंचे। उन्हें देखते ही ऊपर चढ़ा युवक कभी लात-घूंसे चलाने लगा तो कभी ओवरहेड तार को छूने को दौड़ने लगा ।ओवरहेड तार को स्पर्श कर लेने से उसकी जान जा सकती थी। इस वजह से विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। काफी देर तक धक्का-मुक्की के बाद उसे नीचे उतारा गया। इस घटना के कारण अमृतसर से सियालदह जानेवाली जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को धनबाद स्टेशन पर काफी देर तक रोका गया। रेस्क्यू किया गया युवक नशे में धुत बताया गया।

### गिरिडीह के महेशमुंडा चौक पर बालू लदा ट्रक पलटा, बैंक ऑफ इंडिया के पास चार दुकानें क्षतिग्रस्त

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के महेशमुंडा चौक पर मंगलवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। जामताड़ा मेन रोड पर बालू से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक तीखे मोड़ पर पहुंचते ही बेकाबू होकर पलट गया। ट्रक सीधा सड़क किनारे स्थित दुकानों पर चढ़ गया, जिससे वहां अफरातफरी मच गई। हादसा इतना जोरदार था कि दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी और लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक अत्यधिक गति से चौक की ओर बढ़ रहा था। मोड़ पर अचानक चालक संतुलन नहीं बना पाया और ट्रक पलटता हुआ दुकानों से जा टकराया। रात का समय होने के कारण दुकानें बंद थीं, जिससे जानमाल के बड़े नुकसान से बचाव हो गया। फिर भी, हादसे के बाद चार दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना में जिन दुकानों को नुकसान पहुंचा है, उनमें नकुल ठाकुर की पान दुकान, छ्दु ठाकुर मिष्ठान भंडार, बिरजू ठाकुर का सैलून और मंगरु होटल शामिल हैं। दुकानदारों ने बताया कि ट्रक की जोरदार टक्कर से अलमारी, काउंटर, कांच, खाद्य सामग्री, कॉस्मेटिक सामान और अन्य स्टॉक पूरी तरह बर्बाद हो गया। कई दुकानों में दीवारें टूट गईं और दुकान का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। व्यापारियों ने अनुमान जताया कि नुकसान हजारों में नहीं बल्कि लाखों रुपए में है। ट्रक के हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति बन गई। उधर, पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर ट्रक को सड़क से हटाने में जुट गई। ट्रक के पलटने से सड़क पर बालू फैल गया था, जिसे साफ करने में भी काफी वक्त लगा। पुलिस ने प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और तीखे मोड़ को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया है। चालक भी हल्का घायल हुआ है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### कोडरमा में सड़क हादसा; युवक की मौत,बाइक पर लौट रहा था घर

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची-पटना एनएच-20 पर कोलटेक्स के समीप बीती रात हुए सड़क हादसे में एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटकीबागी निवासी विक्की भुइयां, पिता राजेश भुइयां के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक, विक्की दूधीमाटी चौक से अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। परिजनों के अनुसार, विक्की रात में मोटरसाइकिल से घर की ओर लौट रहा था। जब वह डॉ. उर्मिला चौधरी क्लीनिक के पास स्थित कोलटेक्स के समीप पहुंचा, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना कोडरमा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास पासवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुरी तरह घायल विक्की को तुरंत सदर अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां विक्की का शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि विक्की दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करता था। वह घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, ऐसे में उसकी मौत ने परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। परिजनों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर दोषी को गिरफ्तार करने तथा परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने की प्रक्रिया जारी है। थाना प्रभारी का कहना है कि वाहन और उसके चालक की पहचान जल्द कर ली जाएगी।

# मिर्जाचौकी-अंबापाली के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा आरओबी,

## एयरपोर्ट के लिए भी जमीन फाइनल



**साहिबगंज, एजेंसी।** मिर्जाचौकी-अंबापाली के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का प्रस्ताव है। रेलवे ने इसके लिए पहल की है। इस क्रम में रेलवे ने जिला प्रशासन से जमीन की दर के बारे में जानकारी मांगी है। इसके बाद आरओबी निर्माण पर होने वाले खर्च का आकलन किया जाएगा तथा आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

गौरतलब हो कि अगले कुछ वर्षों में मंडरो प्रखंड की सूरत बदलने वाली है। यहां के पहाड़पुर मौजा में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित की गई है। मिर्जाचौकी थाना भी यहीं शिफ्ट होगा। कई अन्य शैक्षिक संस्थान भी यहां खुलेंगे। इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए 27 एकड़ जमीन सितंबर में ही उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है।

ऐसे में जल्द ही टेंडर आदि होने की उम्मीद है। इसी मौजा में मेडिकल कॉलेज के लिए भी 25 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो अभियंत्रण कॉलेज की जमीन देखने के लिए रांची की एक टीम ने कुछ दिनों पूर्व पहाड़पुर मौजा का दौरा किया था। जमीन को उपयुक्त पाया।

इसके बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद जमीन को हस्तांतरित कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के लिए चिह्नित जमीन पर अभी बात आगे नहीं बढ़ी है। उधर, मिर्जाचौकी थाना के भवन निर्माण के लिए पुलिस विभाग की ओर से जमीन की मांग की गई थी। इसके लिए तीन एकड़ जमीन चिह्नित की गई है।

चिह्नित जमीन मिर्जाचौकी-मंडरो मुख्य मार्ग के किनारे मिर्जाचौकी से करीब 10 किलोमीटर की दूरी है। यह जमीन सरकारी है। इस वजह से उसके अधिग्रहण में सरकार को पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंडरो प्रखंड आदिवासी बहुल है तथा जिले के पिछड़े प्रखंडों में इसकी गिनती होती है। मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज खुलने से इस क्षेत्र का विकास काफी तेज गति से होगा।

मंडरो में ही विश्व प्रसिद्ध फासिल्स पार्क का निर्माण कुछ साल पहले कराया गया। हालांकि, आवागमन की सुविधा ठीक न होने से अब तक वहां लोगों का जाना आना कम है। जिले में मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए काफी समय से जमीन की तलाश की जा रही थी।

साहिबगंजः सदर प्रखंड के हाजीपुर भिट्ठा में एयरपोर्ट के लिए करीब 494 एकड़ जमीन को चिह्नित किया गया है। इनमें कुछ भूमि रैयती तो कुछ सरकारी है। ऐसे में रैयती भूमि के अधिग्रहण पर करीब चार सौ रुपये खर्च होंगे। इसका विस्तृत विवरण सरकार को भेज दिया गया है। अब एयरपोर्ट आथोरिटी आफ इंडिया की टीम जमीन का जायजा लेगी जिसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## जेएससीए के बाहर छह जगहों पर गाड़ी पार्क कर सकेंगे क्रिकेट प्रेमी



**रांची, एजेंसी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को वनडे मैच खेला जाएगा। रांची में होने वाले इस वनडे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मैच देखने के लिए पहुंचने वाले क्रिकेट प्रेमियों को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पार्किंग को लेकर हर बार जो किचकिच होती थी, इसे दूर करने के लिए इस बार एक की जगह छह पार्किंग की व्यवस्था होगी। एचईसी ने इसके लिए 6 मैदानों को चिह्नित भी कर लिया है।

इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। चिह्नित 6 मैदान को टेंडर के माध्यम से एचईसी एक दिन के लिए पार्किंग के लिए देगा। एचईसी अधिकारियों की मानें तो फिलहाल टेंडर प्रक्रियाधीन है। एक से दो दिनों में टेंडर फाईनल कर लिया जाएगा। पार्किंग शुल्क में ठेकेदार की मनमानी को रोकने के लिए भी इस बार विशेष प्लान तैयार किया गया है। टेंडर में ही कार व बाइक के लिए अलग-अलग पार्किंग शुल्क निर्धारित होगा।

9 अक्टूबर 2022 को भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए क्रिकेट मैच देखने के लिए पहुंचने वाले वाहन सवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पार्किंग स्थल पर खड़े युवकों द्वारा जेएससीए की पर्ची दिखाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगा था। पार्किंग के नाम पर मनमाना पैसा लेते हुए लाखों रुपए की अवैध वसूली की गई थी। मैच देखने के लिए पहुंचने वाले बाइक सवार से 100-200 रुपया जबकि कार सवार से 200-400 रुपए तक लिए गए थे। इस संबंध में जेएससीए ने स्टेडियम के बाहर का मामला होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया था। क्रिकेट मैच के लिए टिकट की बिक्री 25 या 26 नवंबर से शुरू होगी। क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम के पश्चिमी गेट के पास बने काउंटर से ऑफलाइन टिकट खरीद सकेंगे।

## गड़बड़ बिल आने पर विभाग को वास्तविक आंकड़ा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया



**गुमला, एजेंसी।** गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी आवेदनों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम करम टोली, गुमला के रिकी किरपोट्टा ने बताया कि सन्तमुनी देवी के नाम से दर्ज उपभोक्ता संख्या में अचानक 79,163 रुपए का विद्युत बिल प्राप्त हुआ है, जो बिलिंग त्रुटि का मामला प्रतीत होता है। डीसी ने विद्युत विभाग को बिल की जांच कर वास्तविक आंकड़ा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नवडीहा, घाघरा के नीलांबर प्रकाश भगत ने अपनी पैतृक भूमि के एक हिस्से को अपनी कंपनी निलंबर एग्री ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड में पूंजी अंशदान के रूप में शामिल किए जाने के लिए अनुमति का अनुरोध किया। उपायुक्त ने राजस्व व निबंधन संबंधित अधिकारियों को आवेदन की विधिसम्मत जांच कर आगे की आवश्यक प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोबजा टेढ़ा चुआं के कलेश तुरी, शंकर तुरी व कमलेश तुरी ने बताया कि उन्हें प्राप्त सरकारी आवास के निर्माण कार्य में स्थानीय विवाद के कारण लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही है, जबकि उनके पूर्वज उक्त भूमि पर लंबे समय से रह रहे हैं।

उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रायडीह, इसके संबंधित जांच के निर्देश दिए। भरनों फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा गुमला शहर में मक्का प्रसंस्कृत उत्पादों के विपणन के लिए एक आउटलेट की आवश्यकता व्यक्त की गई।

## हजारीबाग में साइबर गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई के दौरान 19 एटीएम कार्ड, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग साइबर ठगी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सदर के अपर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

### संदिग्ध रूप से खड़ी दो कारों को रोका

टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्राम डुमर के सरौनी खुर्द जंगल के पास संदिग्ध रूप से खड़ी दो कारों को रोका। कारों की तलाशी के दौरान राजू वर्मा और शिवा कुमार के पास से 19 एटीएम कार्ड, बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज, 11 स्मार्टफोन और 1.50 लाख रुपए नगद मिले। प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे ग्रामीणों को आसान लाभ का लालच देकर उनसे एटीएम कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद साइबर गिरोह द्वारा भेजी गई ठगी की रकम को विभिन्न एटीएम से निकालकर कमीशन के आधार पर अपने मास्टर माइंड तक पहुंचाते थे।

### दोनों लंबे समय से विभिन्न जिलों में सक्रिय थे

राजू और शिवा से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई का विस्तार करते हुए मो. जाकिर अंसारी और तस्लीम अंसारी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये दोनों पेशेवर साइबर अपराधी हैं और लंबे समय से विभिन्न जिलों में सक्रिय थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक गिरिडीह, एक देवघर और दो हजारीबाग जिले के निवासी बताए जा रहे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह गिरोह अंतर-जिला स्तर पर काम कर रहा था।

एसपी ने कहा कि यह कार्रवाई साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जिले में साइबर ठगी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

## अब मंत्री डॉ. इरफान अंसारी नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को बिना पूर्व सूचना रिम्स अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अपनी गंभीरता स्पष्ट कर दी। निरीक्षण के दौरान वे सीधे मेडिसिन विभाग के ओपीडी पहुंचे और वहां बैठकर कई मरीजों की जांच की। मरीजों का हाल जानने के साथ उन्होंने उन्हें उचित दवाइयों व उपचार संबंधी सलाह भी दी। अचानक मंत्री को अपने बीच पाकर मरीजों और उनके परिजनों में उत्साह देखा गया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल में मौजूद कई खामियों को बारीकी से परखा। दवाओं की कमी, कफ सिरप की अनुपलब्धता, व्हीलचेयर की कमी, डॉक्टरों की संख्या घटने, स्वच्छता व्यवस्था में ढिलाई सहित कई विषयों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार भी उनके साथ मौजूद थे। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन सभी कमियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

मीडिया से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने एलान किया कि अब वे न केवल रांची बल्कि झारखंड के हर जिले के सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी में बैठेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को समझना और अस्पतालों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना ही उनका उद्देश्य है। इसी दौरान वे खुद अस्पतालों के लिए नया रोस्टर तैयार करेंगे ताकि चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## गिरिडीह में हाथियों ने रौंद डाली धान की फसल, तेलोडीह पंचायत से जमुआ रोड तक हाथियों का उत्पात



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में मंगलवार देर रात जंगली हाथियों का एक बड़ा झुंड अचानक आबादी वाले इलाकों में सक्रिय हो गया। रात करीब 11 बजे से लेकर तड़के तक तेलोडीह पंचायत, खुट्टा मोहल्ला और जमुआ मुख्य मार्ग के आसपास हाथियों की लगातार हलचल बनी रही। 20 से 25 की संख्या में मौजूद इन हाथियों ने कई जगहों पर तबाही मचाई, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई।

हाथियों का झुंड सबसे पहले पंचायत सचिवालय के पास देखा गया, जहां से वे खुट्टा मस्जिद के बगल वाली गली में पहुंच गए। अचानक इस मोहल्ले में प्रवेश करते ही उन्होंने एक बाउंड्री वॉल तोड़ दिया। इसके बाद पूरा झुंड खेतों की ओर बढ़ गया, जहां धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी रातभर खेतों में घूमते रहे, जिससे कई किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। गांव में हाथियों के मूवमेंट की वजह से स्थिति इतनी भयावह हो गई कि लोग अपने घरों से बाहर ही नहीं निकल पा रहे थे। कई ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के जोरदार आवाज और खेतों में तोड़फोड़ की आवाज पूरी रात सुनाई देती रही।

हाथियों के गांव में आने की जानकारी मिलते ही तेलोडीह पंचायत के मुखिया शब्बीर आलम सहित ग्रामीण एक्टिव हो गए। उन्होंने रात में ही सभी मोहल्लों की मस्जिदों के माइक से घोषणा कर ग्रामीणों को घरों में रहने और सुरक्षित रहने की अपील की। इसके बाद ग्रामीणों ने हाथियों को सुरक्षित भगाने का प्रयास किया। मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद रही।

इसी बीच, देर रात गिरिडीह-जमुआ मुख्य मार्ग पर भी हाथियों का बड़ा झुंड देखा गया। घोरेंजो मेन रोड पार करते समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन भीड़ के बावजूद हाथियों ने किसी पर हमला नहीं किया। झुंड डुमरडीहा से होता हुआ बेंगाबाद की ओर निकल गया।

# झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला: 'राजनीतिक लड़ाइयों में मशीनरी क्यों लगाते हैं?'



**रांची, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्तियों और पदोन्नति में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए प्रारंभिक जांच शुरू करने की अनुमति मांगने वाली सीबीआई की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कड़े शब्दों में पूछा कि केंद्रीय एजेंसी राजनीतिक लड़ाइयों के लिए मशीनरी का इस्तेमाल क्यों कर रही है।

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष 14 नवंबर को झारखंड हाईकोर्ट के 23 सितंबर 2024 के उस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसमें सीबीआई को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के स्थान पर अब मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ सीबीआई की अंतरिम याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने सीबीआई से कहा कि आप अपनी राजनीतिक लड़ाइयों के लिए मशीनरी का इस्तेमाल क्यों करते हैं? हमने आपको कई बार बताया है। इसके साथ ही अदालत ने एजेंसी की याचिका खारिज कर दी। झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि जब भी कोई मामला आता है, सीबीआई उससे पहले ही अदालत में मौजूद रहती है।

**23 सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी :** सीबीआई की ओर से उपस्थित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने इसका खंडन करते हुए कहा कि इस मामले में ऐसा नहीं है। लेकिन सिब्बल ने दलील दी कि ऐसा कई मामलों में, विशेषकर पश्चिम बंगाल में, देखा गया है। राजू ने कहा कि सीबीआई तभी उपस्थित होती है जब किसी अपराध की आशंका होती है। इससे पहले भी जस्टिस गवई की पीठ ने हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाई थी, जिसमें नियुक्तियों और पदोन्नतियों में कथित अनियमितताओं की जांच का निर्देश दिया गया था। झारखंड विधानसभा सचिवालय और अन्य पक्षों ने हाईकोर्ट के 23 सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। 14 नवंबर 2024 के बाद इस मामले में कोई प्रभावी सुनवाई नहीं हुई थी।

अधिवक्ता तुलिका मुखर्जी के माध्यम से दायर एक याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने बिना किसी आपराधिक मामले या संज्ञेय अपराध के सीबीआई को जांच का आदेश दे दिया, जबकि यह पूरा मामला सिविल प्रकृति का है और इसमें सेवा संबंधी जटिल प्रश्न शामिल हैं।

याचिका के अनुसार, इस मामले में न कोई एफआईआर है और न ही कोई संज्ञेय अपराध बनता है। इसमें कहा गया कि पैसे के लेन-देन का कोई सबूत नहीं, धोखाधड़ी का कोई प्रमाण नहीं, कोई आपराधिकता स्थापित नहीं होती। याचिका में बताया गया कि झारखंड विधानसभा सचिवालय (भर्ती एवं सेवा शर्त नियम, 2003) 10 मार्च 2003 को अस्तित्व में आया, जिसके बाद सचिवालय और विभिन्न समितियों के कामकाज को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। विज्ञापन, एडमिट कार्ड और परीक्षा/साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2003-2007 के बीच नियुक्तियां और पदोन्नतियां की गईं।

**30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी :** इसके बाद कुछ लोगों की कथित बातचीत की अनवेरिफाइड ऑडियो रिकॉर्डिंग एक सीडी में बदलकर स्पीकर को सौंपी गई। अक्टूबर 2007 में पांच सदस्यीय समिति बनाकर मामले की जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट अगस्त 2008 में स्पीकर के सामने पेश हुई, लेकिन समिति के दो सदस्यों ने इसका विरोध किया। जुलाई 2014 में कैबिनेट सचिवालय एवं सतर्कता विभाग ने झारखंड हाईकोर्ट के एक पूर्व न्यायाधीश को इस पूरी भर्ती-पदोन्नति प्रक्रिया की जांच के लिए नियुक्त किया। इस आयोग ने 12 जुलाई 2018 को राज्यपाल को 30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी।

याचिका में कहा गया कि आयोग की रिपोर्ट आयोग जांच अधिनियम, 1952 के अनुसार राज्य सरकार को कभी भेजी ही नहीं गई। 10 सितंबर 2018 को राज्यपाल ने स्पीकर को रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा, जिसके बाद 26 अगस्त 2019 को दो अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की मंजूरी दी गई। अगस्त 2022 में कानूनी व्याख्या और तथ्यों की जटिलता को देखते हुए एक और आयोग गठित करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया कि हाईकोर्ट ने यह नहीं देखा कि विधानसभा सचिवालय इस रिपोर्ट और एटीआर के आधार पर कार्रवाई कर रहा था। यह याचिका सार्वजनिक रोजगार में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले पर दायर की गई थी।



# सुरभि चंदना ने शेयर किया टीवी से ब्रेक लेने का कारण

टीवी इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार रहे हैं, जिन्होंने एक समय में घर-घर में अच्छी पहचान बनाई है और दर्शकों के दिलों में राज भी किया है, लेकिन अब वे कई समय से टीवी की दुनिया से दूर हैं। उन्हीं में से एक अभिनेत्री सुरभि चंदना हैं। शनिवार को उन्होंने बताया कि उन्होंने टीवी की दुनिया से दूरी क्यों बना ली। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर बताया कि वे इतने दिनों से टीवी की दुनिया से क्यों दूर थीं। उन्होंने लिखा, टीवी सेट से लेकर थिएटर की रोशनी तकज्मुझे हमेशा से थिएटर में बहुत दिलचस्पी रही है। हर बार जब मैं कोई भी नाटक देखती थी, तो उसे पूरा देखकर आश्चर्य में पड़ जाती थी और खुद से ये सवाल करती थी कि एक अभिनेत्री के तौर पर क्या मैं इसका सामना कर पाऊंगी? अभिनेत्री ने बताया कि थिएटर में जाने के फैसले पर कई लोग उनसे सवाल करते रहते हैं कि उन्होंने टीवी से थिएटर को क्यों चुना?

अभिनेत्री ने लिखा, मुझे ऐसा लगता है कि थिएटर करने से मेरा अभिनय और भी बेहतर होगा। ये अब और सच साबित हो रहा है। अब मैं इस कला की दुनिया में कदम रख रही हूं, जहां कुछ भी कट या दोबारा नहीं किया जा सकता है। इसमें हर पल और भावनाएं लाइव चलती हैं और कहानियां मंच पर जीवित रहती हैं। अभिनेत्री ने थिएटर में अपने पहले नाटक के बारे में बताते हुए लिखा, मेरा पहला नाटक थिएटर की इस नई यात्रा की शुरुआत है। आप सब इसे जरूर देखें। उन्होंने आगे लिखा, मेरी प्यारी विजयलक्ष्मी को धन्यवाद, जिनसे मुझे ये प्यारे लोग मिले, हमारे निर्देशक और मेरे मेंटर आदित्य, जो मेरी सभी रिहर्सल में मेरी मदद करते रहे हैं; और हमारी प्रोड्यूसर प्रेरणा सिंह, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया कि मैं ये सब कर सकती हूं। इसके बाद अभिनेत्री ने पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त करते हुए लिखा, मुझे लोगों ने चेताया था कि एक वक्त के बाद सब नशा बन सकता है, और अब लगता है मैं अगले नाटक के लिए तैयार हूं।



# फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी जरूरी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने फिल्मों और ओटीटी सीरीज के जरिए अलग पहचान बनाई है। वह हमेशा उन कलाकारों में से रही हैं, जो न सिर्फ चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को स्वीकार करती हैं, बल्कि अपनी सोच और पसंद के अनुसार काम करने की आजादी को सबसे आगे रखती हैं। इस कड़ी में जागरण फिल्म फेस्टिवल के दौरान आईएएनएस से खास बातचीत में हुमा ने फिल्म इंडस्ट्री में रचनात्मक आजादी के महत्व पर अपने विचार रखे। आईएएनएस से बात करते हुए हुमा कुरैशी ने कहा कि एक मजबूत फिल्म इंडस्ट्री तभी संभव है, जब हर तरह की फिल्में बनाने का मौका मिले। इंडस्ट्री में सिर्फ बड़ी फिल्में या ब्लॉकबस्टर ही नहीं, बल्कि छोटी, मध्यम दर्जे की और इंडिपेंडेंट फिल्मों की भी काफी अहमियत होती है। फिल्म निर्माता दर्शकों को ध्यान में रखते हुए नई कहानी और शैली में तरह-तरह के प्रयोग कर सकते हैं। ऐसा करने से न केवल इंडस्ट्री मजबूत बनती है, बल्कि दर्शकों को भी अलग-अलग तरह की फिल्मों का अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा, हमें दर्शकों को देखकर फिल्म बनानी चाहिए। बड़ी फिल्में बननी चाहिए, छोटी फिल्में, सामान्य फिल्में, और इंडिपेंडेंट फिल्मों पर भी ध्यान देना चाहिए। जब हर तरह की फिल्मों को बनाने की आजादी होती है और लोग उन्हें देखने का मौका पाते हैं, तब ही फिल्म इंडस्ट्री मजबूत और जीवंत बनती है। हुमा ने दिल्ली क्राइम सीजन 3 में अपने खलनायिका के रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि यह उनके करियर में पहली बार था, जब उन्होंने इस तरह का नकारात्मक किरदार निभाया है। जब उन्हें इस शो के लिए कॉल आया, तो वह उस समय महारानी की शूटिंग कर रही थीं। उन्होंने कहा, मैं इस शो को लेकर पहले सोच रही थी कि शायद मुझे पुलिस वाले का मुख्य रोल मिलेगा, लेकिन मुझे बताया गया कि यह एक नेगेटिव रोल है। हुमा ने कहा, खलनायिका का रोल निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसे करने में बेहद मजा आया। दर्शक इस किरदार में मुझे एक बिल्कुल अलग अंदाज में देखेंगे। महारानी और दिल्ली क्राइम जैसे दोनों शोज लगातार आने की वजह से मुझे रोजाना कई कॉल और मैसेज मिल रहे हैं, जिसमें लोग दोनों किरदारों की तारीफ कर रहे हैं। दिल्ली क्राइम सीजन 3 13 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है।



# रजनीकांत की बहुचर्चित जेलर 2 में नजर आएंगी अपेक्षा पोरवाल

अनदेखी, हनीमून फ़ोटोग्राफ़र और इंटरनेशनल हिट स्लेव मार्केट में अपने दमदार और अलग-अलग किरदारों से छा चुकी अपेक्षा पोरवाल अब रजनीकांत की बहुचर्चित जेलर 2 में एक अहम रोल झटक ले गई हैं। पहली जेलर, जिसे सन पिक्चर्स ने बनाया और नेल्सन दिलीपकुमार ने डायरेक्ट किया था, ने दुनिया भर में 600 करोड़ से ज़्यादा की कलेक्शन पर तिलक लगाया था। ऐसे में इसकी सीक्वल की गूंज तो पैन-इंडिया फ़िल्म ब्रह्मांड में पहले से ही मचा रही है। और इसी शोर के बीच, यह फ़िल्म अपेक्षा का साउथ में पहला कदम भी बन रही है — यानी उनके करियर की कहानी का एक नया और दिलचस्प पन्ना खुल रहा है। अपनी बारीक और असरदार परफॉर्मेंसेज़ के लिए पहचानी जाने वाली यह युवा एक्ट्रेस अब इंडिया और ग्लोबल, दोनों स्क्रीन पर एक मज़ेदार सफ़र जारी रखे हुए है। पैन-इंडिया फ़िल्म लीग में बड़े-बड़े सितारों के साथ कदम मिलाते हुए, अपेक्षा बिल्कुल सही मोड़ पर जेलर 2 में एंट्री मार रही हैं — और यह एंट्री उनके सफ़र को एक नई सुपरचार्ज्ड स्पीड देने वाली है।



# दशा और दिशा बदलने आ रही है पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म राहु केतु

राहु केतु के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का एक मोशन पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। जानिए आप सिनेमाघरों में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म कब देख सकेंगे।

## कब रिलीज हो रही है फिल्म राहु केतु

राहु केतु के निर्माताओं ने फिल्म का एक मोशन पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, नए साल में, दशा और दिशा बदलने आ रहे हैं राहु केतु। राहु केतु 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म राहु-केतु के बारे में

फिल्म राहु केतु में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विपुल विग ने किया है। यह फिल्म जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक कॉमेडी और फैंटेसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग मुंबई और मनाली में हुई है।



# शेफाली शाह ने जयदीप अहलावत को बताया अपना पसंदीदा कलाकार



सिनेमाई दुनिया में अपने शानदार अभिनय के लिए पहचानी जानी वाली अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने फेवरेट एक्टर के बारे में बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उस एक्टर ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अलग पहचान दी है।

अभिनेत्री ने बोला कि जयदीप अहलावत उनके पसंदीदा कलाकार हैं। उन्होंने कहा, 'वह बहुत अच्छे हैं। ओटीटी ने हमारी जिंदगी बदल दी है। हम सभी को प्रतिभाशाली माना जाता था, लेकिन उन बड़ी व्यावसायिक फिल्मों में हमारी क्या जगह होती? इसलिए, जब मैं उनकी प्रगति देखती हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है।'

## अभिनेत्री ने जयदीप अहलावत की सफलता का किया जिक्र

अभिनेत्री ने आगे बात करते हुए याद किया कि जब 'पाताल लोक 2' रिलीज हुई, तो उन्होंने अमूल का एक होर्डिंग देखा जिसमें अहलावत दिखाई दे रहे थे, तो उन्हें बहुत गर्व महसूस हुआ था। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा कि वो सभी प्रशंसाओं के हकदार हैं। इसके अलावा बताया कि जयदीप अहलावत का उदय सिनेमा उद्योग में एक बदलाव का प्रतीक है।

## अपनी पहली किताब का भी किया जिक्र

आगे बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने एक किताब लिखी है, हालांकि मुझे यकीन नहीं है कि यह मेरी पहली किताब होगी। मैंने इसे पढ़ा है, मेरे दोस्तों ने इसे पढ़ा और उन्हें यह पसंद आई है। अब, यह प्रकाशित होगी या नहीं, यह पता चल जाएगा।' अभिनेत्री ने सभी से किताबें पढ़ने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ना हमें कहीं घूमने से भी ज्यादा प्रेरित करती हैं।

## इन फिल्मों में साथ नजर आए शेफाली और जयदीप अहलावत

अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित फिल्म थ्री ऑफ अस साल 2022 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शेफाली शाह और जयदीप अहलावत मुख्य भूमिका में थे। फिल्म को10 में से 7.5 रेटिंग मिली है, जो बताती है कि फिल्म अच्छी थी।



# अब तक की सबसे महंगी फिल्म हो सकती है वाराणसी



**फिल्ममेकर एसएस राजामौली की फिल्म वाराणसी अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। इसके बजट से लेकर स्टार्स की फीस तक के बारे में जानने के लिए हर कोई एक्साइटेड है। इस बीच, प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की सैलरी को लेकर खुलासा हो गया है।**

## प्रियंका ने फिल्म के लिए मांगी 30 करोड़ रुपये की फीस

फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी अगली मेगास्टार फिल्म वाराणसी के लिए पहली बार महेश बाबू के साथ हाथ मिलाया है। हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में भव्य टाइटल लॉन्च इवेंट हुआ, जहां फिल्म के नाम की घोषणा की गई। महेश बाबू के अलावा, फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल्स में हैं। प्रियंका वाराणसी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं और फैंस अब कलाकारों को दी गई फीस जानने के लिए एक्साइटेड हैं। प्रियंका चोपड़ा पहली बार फिल्ममेकर एसएस राजामौली के साथ वाराणसी में काम करेंगी। पहले इसका नाम SSMB29 रखा गया था। कोईमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका ने इस फिल्म के लिए 30 करोड़ रुपये की फीस मांगी है। इस तरह वह किसी भी निर्देशक के साथ काम करने वाली सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक बन गई हैं।



रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि प्रियंका ने अपनी फीस बढ़ा दी है। एसएस राजामौली की आरआरआर में आलिया भट्ट ने 9 करोड़ रुपये लिए थे, जबकि बाहुबली में अनुष्का शेट्टी ने 5 करोड़ रुपये लिए थे। प्रियंका कथित तौर पर दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ देंगी, जो अब तक सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस रही हैं।

## पृथ्वीराज सुकुमारन की फीस

साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फीस के बारे में अभी तक कोई खबर नहीं आई है। हालांकि प्रियंका चोपड़ा एक इंटरनेशनल आइकन हैं और उनकी स्टार पावर दुनिया भर में है, लेकिन उनकी ऊंची फीस उनके फैंस के साथ न्याय नहीं कर पा रही है।



दिलचस्प बात यह है कि न तो मेकर्स और न ही फिल्म के स्टार्स ने अभी तक उन्हें मिलने वाली फीस की पुष्टि की है।

## महेश बाबू लेंगे 40 परसेंट प्रॉफिट

रिपोर्ट और कोईमोई के एक करीबी सूत्र के अनुसार, महेश बाबू और फिल्ममेकर एसएस राजामौली नॉर्मल सैलरी नहीं लेंगे। राजामौली को महेश बाबू के काम पर बहुत भरोसा है जिसने उन्हें स्टारडम तक पहुंचाया। इसी वजह से दोनों ने ज़्यादा फीस न लेने का फैसला किया है। उनका मकसद वाराणसी के साथ एक विरासत बनाना है। इसलिए, महेश बाबू और एसएस राजामौली कथित तौर पर मेकर्स के साथ 40% प्रॉफिट समझौता करेंगे। रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि महेश बाबू कोई वेतन नहीं लेंगे और उन्होंने एसएस राजामौली के साथ एक शेयर प्रॉफिट समझौते पर बातचीत की है। इसका साफ मतलब है कि वाराणसी के लिए महेश बाबू की सैलरी पूरी तरह से फिल्म के मुनाफे पर निर्भर करेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### गैंगस्टर के कहने पर की थी गुरुग्राम के प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के एसपीआर रोड पर सेक्टर-77 के पास चार अगस्त दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलर रोहित शौकीन की हत्या में शामिल दो शार्प शूटर को अपराध शाखा मानेसर की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान शुरुआती पूछताछ में आरोपियों बताया कि विदेश में रहने के दौरान गैंगस्टर सुनील सरधानिया ने फोन और ऐप से संपर्क कर हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी। रोहित शौकीन की हत्या में वांछित चल रहे दोनों शूटर को अपराध शाखा मानेसर की टीम ने आगामी पूछताछ के लिए जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान पदम उर्फ राजा निवासी गांव झाझल, जिला सोनीपत और विनोद उर्फ पहलवान निवासी गांव नूना माजरा, जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। अगस्त में सेक्टर-77 में रात को कार के पास रोहित शौकीन खड़ा हुआ था। वह घर नोएडा जाने की बात बोलकर आया था। तभी रात नौ बजे के लगभग रोहित को गोली मारकर हत्या कर दी गई। गंभीर हालत में रोहित को अस्पताल में लेकर गए,जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शिकायत पर खेड़की दौला थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अपराध शाखा मानेसर गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने वाले शूटर को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया। दोनों शूटर ने रिमांड के दौरान खुलासा किया इन्होंने अन्य साथियों के माध्यम से सुनील सरधानिया के कहने पर रोहित शौकीन पर गोलियां चलाकर उसकी हत्या की थी। रोहित शौकीन की हत्या करने के बाद गैंगस्टर सुनील सरधानिया और गैंगस्टर दीपक नादंल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। जबकि रोहित शौकीन के परिजनों ने बताया था कि उसको दिल्ली से गुरुग्राम में गैंगस्टर दीपक नादंल ने बुलाया था। दोनों के बीच रुपयों को लेकर बीते काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी पदम उर्फ राजा पर डकैती करने, जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने व शस्त्र अधिनियम के तहत आठ मुकदमे जिला गुरुग्राम व सोनीपत में पहले भी दर्ज है। आरोपी विनोद उर्फ पहलवान पर धोखाधड़ी करने, लूटपाट करने, जान से मारने की धमकी देने के, शस्त्र अधिनियम व गैंबलिंग एक्ट के तहत कुल आठ मामले जिला रेवाड़ी, गुरुग्राम, हिसार व झज्जर में पहले से ही दर्ज है।

### कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? बिहार चुनाव की डेडलाइन खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार में सरकार गठन और शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां चरम पर है। सूत्रों के अनुसार 20 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई है। इन सब के बीच बिहार में मिली प्रचंड जीत से भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर है। भाजपा 89 सीटों के साथ राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। ऐसे में अब सबकी निगाहें भाजपा के बहुप्रतीक्षित फैसलों में से एक, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा पर जा टिकी हैं। इससे पहले नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा बयान दिया था। रक्षा मंत्री ने कहा था कि बिहार चुनाव खत्म होते ही पार्टी अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर देगी। राजनाथ सिंह ने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया था कि अध्यक्ष चुनने में पार्टी के सामने कोई बाधा नहीं है और इसे लेकर पार्टी और संघ के बीच कोई मतभेद नहीं है। बता दें कि जेपी नड्डा जनवरी 2020 से ही पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। उनका कार्यकाल जून 2023 में पूरा हो गया था, लेकिन नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रारंभिक विस्तार दिया गया था। इसके बाद महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबलों के दौरान स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकाल को फिर से बढ़ा दिया गया था। हालांकि अब उनके उत्तराधिकारी के नाम से पर्दा हटने में हो रही देरी पार्टी सदस्यों में बढ़ती बेचैनी का कारण बन रहा है। कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिन नेताओं के नामों पर चर्चा हो रही है उनमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम शामिल हैं।

# रायपुर से बचाए गए 120 बच्चे, बिना खाना दिए कराया जा रहा था काम

### एनएचआरसी समेत कई टीमों ने मारा छापा

**रायपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी), पुलिस और स्वयंसेवी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) की एक संयुक्त टीम ने बाल श्रम और तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में रायपुर स्थित एक मशरूम निर्माण प्लांट से 120 से अधिक बच्चों को बचाया गया। करीब चार घंटे तक यह अभियान चला और 14 से 17 वर्ष की आयु वर्ग की 80 से अधिक लड़कियों और 40 लड़कों को बचाया गया। जांच में सामने आया कि बचाए गए अधिकतर बच्चे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड और असम के आदिवासी इलाकों से थे। इन्हें तस्करी करके लाया गया था और उनसे काम करवाया जा रहा था। जांच में पता चला कि कुछ बच्चों की उम्र 17 साल से भी कम है और उनसे 6 सालों से काम करवाया जा रहा था। एनएचआरसी को लिखे एक पत्र में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ने



अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी और बताया था कि इस प्लांट में बच्चों को काम पर रखा जाता था और उनका शोषण किया जाता था या बंधुआ मजदूरी के हालात में काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। बच्चों ने बताया कि उन्हें फैक्ट्री के ही एक छोटे और गंदे कमरे में रखा जाता था और अक्सर 12-15 घंटे काम कराया जाता था। उन्हें रात का खाना भी ठीक से नहीं दिया जाता था। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो ने तुरंत रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से बातचीत की और डीएसपी नंदिनी ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम ने प्लांट पर छापा मारा। बच्चों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभु ने कहा, 'एक 14 साल के बच्चे की दुर्दशा की कल्पना कीजिए, जिसे कड़ाके की ठंड में दिन में 12-15 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह तस्करी के संगठित अपराध का सबसे बुरा चेहरा है और विकसित भारत के निर्माण में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। मैं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, स्थानीय पुलिस और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन को 100 से अधिक तस्करी किए गए बच्चों को बचाने के लिए बधाई देता हूं। '

मोजो मशरूम इकाई कम तापमान पर मशरूम उत्पादन के लिए जानी जाती है। यहां मशरूम के पैकेट रखने के लिए बड़ी मशीनों और पतली छड़ों वाली तीन मंजिला जालियों का इस्तेमाल किया जाता है। बच्चों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के इन जालियों पर चढ़कर मशरूम के पैकेट टांगने के लिए कहा जाता था। यहां कई ऐसे रसायनों का इस्तेमाल किया जाता था, जो कैंसरकारी होते हैं और सांस लेने से ही कैंसर का कारण बन सकते हैं। गुप्त सूचना पर जुलाई की शुरुआत में भी इसी इकाई पर छापेमारी की गई थी। तब भी बड़ी संख्या में मजदूरों को बचाया गया था।

# दस सेक्टरों की प्रमुख सड़कों को मॉडल बनाने की तैयारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) जल्द ही शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 180 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को हरी झंडी देने की तैयारी में है। निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफ एंड सीसी) की बैठक में 30 से अधिक महत्वपूर्ण एजेंडा रखे गए हैं, जो मुख्य रूप से सड़कों को मॉडल रोड बनाने पर केंद्रित हैं।

निगम की तरफ से दस से अधिक सेक्टरों की सड़कों को मॉडल और दोबारा से निर्माण करवाया जाएगा। बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम ने शहर के विकास के लिए 30 योजनाओं को एस्टीमेट तैयार कर लिया है। दस करोड़ से कम के यह 30 योजनाएं नगर निगम की वित्त एंव सविंदा कमेटी की बैठक में रखे जाएंगे।

बैठक में इन कार्यों को अनुमति के बाद निगम की तरफ से इनकी टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वित एंव सविंदा कमेटी की बैठक इसी सप्ताह आयोजित की जाएगी। इस योजना के तहत दस सेक्टरों और निजी कॉलोनियों की सड़कों को मॉडल रोड बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें वार्ड 17 (खेड़की दौला/बेगमपुर खटोला) के क्षेत्र को लगभग 12.50 करोड़ की लागत से 2.0 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) मिलेगा, जिससे जल प्रदूषण कम होगा। धरमपुर, बेरीबाग, बाजघेड़ा और दौलतबाद सहित विभिन्न स्थानों पर सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट्स (कूड़ा संग्रहण केंद्रों) के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 32 करोड़ के प्रस्ताव रखे गए हैं। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और बदबू की समस्या कम होगी। वार्ड 20 के गांव बलियावास में गौशाला के निर्माण के लिए 10 करोड़ का बड़ा प्रस्ताव भी एजेंडा में शामिल है, जो बेसहारा पशुओं के प्रबंधन में सहायक होगा। यह सभी एजेंडा आइटम जल्द ही वित्त एंव सविंदा कमेटी की मुहर लगने के बाद कार्यान्वयन के लिए आगे बढ़ाए जाएंगे। इन परियोजनाओं से शहर के बुनियादी ढांचे को एक बड़ी मजबूती मिलेगी, जिससे नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा। गुरुग्राम के निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि वित्त एंव सविंदा की बैठक में 30 विकास कार्यों का रखा गया है। जल्द ही बैठक में सभी कार्यों को अनुमति के लिए रखा जाएगा। जिन कार्यों की अनुमति मिलती है उनकी आगे टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री का दावा, जुबीन गर्ग को शराब पीने के लिए मजबूर किया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को जुबीन गर्ग के निजी जीवन के बारे में एक महत्वपूर्ण दावा करते हुए कहा कि दिवंगत सांस्कृतिक प्रतीक खुद शराब के खिलाफ थे। सरमा ने आरोप लगाया कि गायक के करीबी लोगों ने उसके सरल और भरोसेमंद स्वभाव का फायदा उठाकर उसे जबरन शराब पीने के लिए मजबूर किया। उन्होंने इसे उनकी संपत्ति को गलत तरीके से हड़पने की कथित साजिश का हिस्सा बताया।

मुख्यमंत्री सरमा ने दिवंगत संगीतज्ञ जुबीन गर्ग को उनकी 53वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा युवाओं से मार्मिक अपील की। मुख्यमंत्री ने इस प्रतिष्ठित गायक की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। मुख्यमंत्री सरमा ने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे हानिकारक आदतों में लिप्त होने के बजाय सामाजिक भलाई के कार्यों के माध्यम से जुबीन गर्ग के जीवन को



याद करें। उन्होंने कलाकार की भावना के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में रक्तदान और वंचित बच्चों की सहायता जैसी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। सरमा ने कहा कि इस तरह हम जुबीन गर्ग को हमेशा के लिए जीवित रख सकते हैं। उन्होंने प्रशंसकों के लिए अपने आदर्श को याद रखने के रचनात्मक मार्ग पर प्रकाश डाला। सीएम के इस नए बयान ने जुबीन गर्ग के अंतिम दिनों से जुड़ी सार्वजनिक बहस में एक नया आयाम जोड़ दिया है। इसने ध्यान का एक हिस्सा उनके करीबी लोगों की कथित भूमिका और इरादों पर केंद्रित कर दिया है।

# बिहार में बंपर जीत के बाद भाजपा ने बंगाल में फूंका चुनावी बिगुल, लोगों से एक अपील कर रही पार्टी

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों बिहार विधानसभा चुनावों में मिली बंपर जीत से गदगद है। हालांकि पार्टी बिना वक्त गंवाए अगले चुनाव यानी, बंगाल का किला भेदने की तैयारी में जुट गई है। बीजेपी ने बंगाल में चुनावी बिगुल फूंक दिया है और इसी क्रम में बिहार की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को राज्यभर में कई 'एकता यात्रा' रैलियों का नेतृत्व किया। इस



दौरान उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे आने और ''राष्ट्र-विरोधी जिहादी'' तत्वों को हराने का आह्वान किया है।

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी बीरभूम जिले के नानूर में आयोजित रैली का नेतृत्व किया। वहीं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक और रैली का नेतृत्व किया। शुभेंदु अधिकारी ने रैली की शुरुआत में कहा, ''17 से 19 नवंबर की अवधि के दौरान, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 121 स्थानों पर एकता यात्राएं आयोजित करने का आह्वान किया है। इसमें सभी राष्ट्रवादी और देशभक्तों से इसमें शामिल होने और राष्ट्र-विरोधी जिहादी तत्वों को करारा जवाब देने का अनुरोध किया गया है, और हजारों लोग स्वेच्छा से इसमें भाग ले रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम सभी राष्ट्र-विरोधी ताकतों और उन्हें बढ़ावा देने वालों को एक स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि बंगाल और देश ऐसी ताकतों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं हो सकते।'' वहीं तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं को काले झंडे दिखाए।

### मुमताज पटेल ने चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने पार्टी के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा है कि पार्टी पुराने तरीके से काम नहीं कर सकती है। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए थे कि वफादार कार्यकर्ताओं को कब तक सफलता देखने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। कांग्रेस ने बिहार में 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 6 सीटें जीती थीं। सबसे पहले उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था, 'कब तक अनगिनत वफादार जमीनी कार्यकर्ता, जो हर मुश्किल हालात में पार्टी के साथ रहे हैं... सफलता का इंतजार करेंगे...।

# खौफनाक घटना ! नाबालिग को ईंट से कुचलकर मार डाला; पकड़ा गया आरोपी

**गाजियाबाद , एजेंसी।** एनसीआर के गाजियाबाद में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर में दो दिन लापता 15 साल के किशोर का शव जगल में पड़ा मिला। किशोर की ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या की गई थी। हत्या के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना की खबर सुनने के बाद मां का रो रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कनकपुर नरेश कुमार अपनी पत्नी अनीता , पुत्र दीपांशु और हिमांशु के साथ रहते हैं।



उनका 15 साल का बेटा हिमांशु एक प्रॉपर्टी डीलर के पास काम करता था। दो दिन पहले किशोर अचानक लापता हो गया था। परी जिन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई और किशोर की तलाश रिश्तेदारी में शुरू कर दी। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले एक युवक की बहन के देवर पर शक जाहिर किया और उसके गांव पहुंचे। इसके बाद ग्राम इन्होंने उक्त युवक को भोजपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी ने बताया की हिमांशु की ईद से कूच कर हत्या कर दी गई है। सबको मुकीमपुर के जंगल में फेंका गया है और उसके कपड़े 2 किलोमीटर दूर फेंके गए हैं।

पुलिस ने निशानादेही के आधार पर गांव मुकीमपुर के जंगल से किशोर की नग्न अवस्था में सब बरामद कर लिया। किशोर की हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मां बेटे को याद करके बार-बार बेहोश हो रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना का कहना है एक आरोपी को हिरासत में ले रखा है। हत्या क्यों और किन कारणों से की गई है इसका खुलासा जल्द कर दिया जाएगा।

### सड़कों पर बढ़ते वाहन चढ़ा रहे वायु प्रदूषण का ग्राफ

# हर तीन सेकंड में 20 नई कारें और हो रही पंजीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाहनों की बढ़ती संख्या ने वायु प्रदूषण का ग्राफ बहुत तेजी के साथ बढ़ाया है। भारत में वायु प्रदूषण की असली जड़ अब उद्योग, पराली या कचरा नहीं, बल्कि सड़क पर उतरते निजी वाहनों की तेजी से बढ़ती संख्या बन चुकी है। जैसे-जैसे शहरों में कारों और दोपहिया वाहनों की संख्या



विस्फोटक रूप से बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे हवा की गुणवत्ता भी उसी रफ्तार से खतरनाक स्तरों पर पहुंच रही है। सीएसई की किताब सांसों का आपातकाल के अनुसार विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण में अब सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र का है और इसका प्रमुख कारण निजी वाहनों पर बढ़ती निर्भरता है।

देश में वाहनों का पंजीकरण जिस तेज रफ्तार से बढ़ रहा है, उसके सामने प्रदूषण नियंत्रण के हर प्रयास छोटे पड़ते जा रहे हैं। हर तीन सेकंड में 20 नई कारें और 70 दोपहिया वाहन रजिस्टर हो जाते हैं। जितनी देर में कोई व्यक्ति एक-दो घूंट पानी पिएगा उतनी देर में लगभग 100 गाड़ियां और सड़क पर आ चुकी होती हैं। प्रत्येक नई कार औसतन 3.15 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर उत्सर्जित करती है, जो हवा को सीधे तौर पर जहरीला बनाती है। यही नहीं, हर 15 सेकंड में इतने वाहन रजिस्टर हो जाते हैं कि उन्हें पार्क करने के लिए फुटबॉल के मैदान जितनी जगह की आवश्यकता होती है, जिससे शहरी योजना पर भी भारी दबाव बन रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 2.55 करोड़ वाहन पंजीकृत हुए, जिनमें 88 प्रतिशत निजी वाहन मुख्यतः कारें और दोपहिया थे। भारत में यातायात पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। बीते दस वर्षों में प्रति व्यक्ति यात्रा दर 17.5 प्रतिशत बढ़ी है और प्रति यात्रा दूरी में 28.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# चोरी करने के लिए नेपाल में तैयार हो रहे शातिर चोर, हर तरह के ताले को तोड़ने में माहिर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में विशेष रूप से गुरुग्राम में चोरी की वारदातों के पीछे एक संगठित और खतरनाक पैटर्न सामने आया है। अपराध शाखा की जांच में पता चला है कि चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए नेपाल के तीन जिलों में दस से अधिक गैंग शातिर चोरों को तैयार कर रहे हैं और उन्हें विशेष रूप से भारत भेज रहे हैं।

नेपाल के जिले गौरी फैंटा,धनगढ़ी और अच्छाम में सबसे ज्यादा गैंग सक्रिय और यहीं पर चोरी करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षित चोर पांच से सात मिनट में पूरे घर में चोरी कर लेते हैं और हर तरह के ताले को तोड़ने में माहिर होते है। चोरी के बाद भागने का रूट भी पहले से तैयार रखते है। नेपाल का धनगढ़ी जिला काफी छोटा है,लेकिन यहां पर सबसे ज्यादा दुकानें सोने की है। भारत से चोरी कर लाया गया सोना सबसे ज्यादा यहीं पर बेचा जाता है।

गुरुग्राम के अक्तूबर माह में सेक्टर-17 इलाके में हुई चोरी के एक मामले की जांच करने नेपाल गई पुलिस टीम को इस पूरे संगठित ऑपरेशन के बारे में चौंकाने वाली जानकारी मिली है।

**घर में साजिश के तहत काम करते है नेपाली नौकर:** गैंग चोरी के लिए घर में प्रवेश करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। निजी एजेंसियों के माध्यम से, या फिर किसी पुराने या भरोसेमंद नौकर के बदले दूसरे व्यक्ति को घर में प्रवेश दिलाते है। इसके अलावा चोरी की योजना बनाने के लिए फेसबुक के ज़रिए पुराने नौकरों से भी संपर्क साध कर लोगों के घरों बारे में जानकारी जुटाते है। निजी एजेंसी को भी



नेपाली लोग फर्जी दस्तावेज देते है और उनका सत्यापन तक नहीं होता है। इसके अलावा शातिर चोर ऐसे घरो को ज्यादा निशाना बनाते है,जहां पर ज्यादा नकदी और जेवरात मिले।

अपराध शाखा सेक्टर-43 के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि नेपाल से अपराधी को भारत लाने की कोई संधि नहीं है, जिससे कानूनी प्रक्रिया लंबी और जटिल हो जाती है। नेपाल में जाने के बाद चोर को वापस लाया नहीं जा सकता है। ऐसे में चोरी की बढ़ रही घटनाओं को सिर्फ जागरूकता से ही रोका जा सकता है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, गुरुग्राम पुलिस ने आम नागरिकों को नेपाल के लोगों को बिना जांच के घर पर न रखें।

चोरी के बाद ये गैंग दिल्ली-एनसीआर से कैब या बस पकड़ते हैं और उत्तर प्रदेश के लखीमपुर-खीरी बॉर्डर के रास्ते तेज़ी से नेपाल में प्रवेश कर जाते हैं। वारदात को अंजाम देने के 24 घंटे के भीतर चोर वापस नेपाल पहुंच जाते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। नेपाल पहुंचते ही वह एक होटल में रूकते है और वहीं पर सुनार को बुलाया जाता है। 48 घंटे के भीतर ही शातिर चोर चोरी किया गया सोने को बेच देते है और सुनार भी उस सोने का आकार बदल देता है,ताकि पकड़ा नहीं जा सके। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए ये अपराधी पहले घर में रह रहे लोगों को उनके खाने में नींद की दवा मिलाकर देते हैं। एक बार जब घर के सभी लोग बेहोश हो जाते हैं, तो ये शातिर चोर केवल पांच से सात मिनट के भीतर पूरे घर को खंगाल कर खाली कर देते हैं। इसके बाद फरार हो जाते हैं। फरार होने के दौरान कई बार मकान मालिक की कार को भी चोरी कर लेकर जाते है। सेक्टर-43 अपराध शाखा के प्रभारी नरेंद्र शर्मा नेपाली लोगों को घर पर काम करने के लिए बिल्कुल भी नौकर नहीं रखे। यह सिर्फ घरों में चोरी करने के लिए आते हैं। भारत की नेपाल से आरोपियों को पकड़कर लाने की कोई संधि नहीं है।

हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं...

# मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु भाकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने ढ्ढस्स्न्र विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। भाकर ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो। इस 23 साल की पिस्टल निशानेबाज (महिलाओं को प्रेरित करके खेल जगत में उपलब्धि हासिल करना) के सोशल मीडिया हैंडल के लॉन्च पर बोल रही थी। भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है।



# युवराज ने पहले राउंड में शानदार 65 का स्कोर बनाकर बढ़त बनाई

**डिगबोई (असम), एजेंसी।** पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे युवराज संधू ने अपने पसंदीदा स्थलों में से एक डिगबोई गोल्फ लिंक्स में वापसी की घोषणा की। उन्होंने शानदार सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर 1 करोड़ रुपए इनामी इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 के पहले राउंड में दो शॉट की बढ़त बना ली। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स (2021 और 2022) के दो बार विजेता रहे युवराज ने 67 के अपने शुरुआती राउंड में आठ बर्डी और एक बोगी का प्रदर्शन किया, उसी मैदान पर जहां उन्होंने 2021 में अपना पहला पीजीटीआई खिताब जीता था। पांच गोल्फ खिलाड़ी 67 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। इनमें पूर्व चैंपियन वीर अहलावत (2019), बीस वर्षीय अंशुल कबथियाल, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, युवराज सिंह और बांग्लादेशी मोहम्मद सोमरत सिकदर शामिल थे। इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो इस वर्ष अपनी ऐतिहासिक 25वीं रजत जयंती मना रहा है, भारतीय पेशेवर गोल्फ के इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि यह भारतीय घरेलू सर्किट और पीजीटीआई पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट पुरस्कार राशि, हर साल आने वाले मजबूत मैदान, उच्च-स्तरीय खेल परिस्थितियों और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख पेशेवर गोल्फ आयोजन के रूप में सुस्थापित है। इंडियनऑयल ने इस वर्ष इस आयोजन की पुरस्कार राशि को अब तक के सर्वोच्च 1 करोड़ रुपए तक बढ़ाकर भारतीय पेशेवर गोल्फ के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



## साउथ अफ्रीका को दोहरी मार, गुवाहाटी टेस्ट से बाहर होंगे साइमन हार्मर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने भारत को कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट में 30 रनों से हराया था. इस टेस्ट में बावुमा ब्रिगेड ने भारतीय टीम को जीत के लिए महज 124 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन शुभमन ब्रिगेड ये रन भी नहीं बना सकी. नतीजतन अफ्रीकी टीम ने भारत में 15 साल बाद टेस्ट मैच जीत में हासिल की. अब साउथ अफ्रीकी टीम भारत में टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक जीत के कगार पर है. क्योंकि अब गुवाहाटी में होने वाला दूसरा टेस्ट ड्रॉ भी कप्तान टेम्बा बावुमा की टीम को सीरीज जीत दिलाने के लिए काफी होगा. हालांकि उनकी तैयारियों में कुछ खलल भी पड़े हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता टेस्ट के 'प्लेयर ऑफ द मैच' साइमन हार्मर को कंधे की समस्या है, जबकि लेफ्ट-आर्म पेसर मार्को जानसेन जैनसन भी हल्की चोट से जूझ रहे हैं. दोनों खिलाड़ियों ने मंगलवार को कोलकाता के वुडलैंड्स अस्पताल में मेडिकल टेस्ट करवाए, वही अस्पताल जहां शुभमन गिल का गर्दन का इलाज हुआ था. मेहमान टीम ने ईडन गार्डन्स में शानदार जीत दर्ज करने के बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पयनिशिप (2025-27) पॉइंट टेबल में भी छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. उसकी यह जीत भारत में 2010 के बाद उनकी पहली टेस्ट जीत रही.

कोलकाता टेस्ट में बावुमा ने नाबाद 55 रनों की पारी खेली और साइमन हार्मर ने मैच में आठ विकेट हासिल किए. वहीं उन्होंने साउथ अफ्रीका को 1-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई. नियमित कप्तान शुभमन गिल हार्मर ने पहली पारी के 4/30 के बाद दूसरी पारी में 4/21 लेकर अपना कमाल जारी रखा, जबकि केशव महाराज ने दो विकेट झटके और जानसेन जैनसन ने दोनों भारतीय ओपनरों को आउट कर भारत को प्रेशर में डाल दिया था. दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल ने भारत को संभालने की कोशिश की, सुंदर ने 31 रन बनाए लेकिन एडेन मार्करम ने उन्हें आउट किया, जबकि पटेल की तेज तर्रार 26 रन की पारी महाराज का शिकार बनकर खत्म हुई.

विश्व मुक्केबाजी कपः

# प्रीति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन को हराया

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को प्रीति पवार (54 किग्रा) ने हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए फाइनल में प्रीति ने अरुंधति चौधरी, मीनाक्षी हुड्डा, अभिनाश जामवाल, अंकुश फंगल, नुपुर श्योराण, नरेंद्र बेरवाल, और परवीन सहित आठ भारतीयों के साथ फाइनल में जगह बनाई। हुआंग सियाओ-वेन के खिलाफ जीत के बाद प्रीति ने कहा, 'मुझे पता था कि वह विश्व चैंपियन हैं, लेकिन विश्व चैंपियन बनने के लिए आपको एक विश्व चैंपियन को हराना होगा। मुकाबले से पहले मेरी यही सोच थी। मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था।



दर्शकों ने जिस तरह मेरा समर्थन किया, उस वजह से ही जीत दर्ज कर पाई। अरुंधति ने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप के तीनों चरणों की पदक विजेता जर्मनी की लियोनी मुलर को हराया। पूर्व युवा विश्व चैंपियन और स्ट्रैंड्जा पदक विजेता, अरुंधति, डेढ़ साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। उन्होंने शुरुआती दोनों राउंड में पूरी आक्रामकता के साथ जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) ने कोरिया की बाक चो-रोंग पर शानदार जीत दर्ज की। दो बार के विश्व मुक्केबाजी कप पदक विजेता अभिनाश (65 किग्रा) ने यूक्रेन के एल्विन अलीएव को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नरेंद्र (90+ किग्रा) ने भी कजाकिस्तान के दानियाल सपारबे के खिलाफ अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया। अंकुश (80 किग्रा) ने अपनी गति और दबाव से ऑस्ट्रेलिया के मार्लन सेवेहोन को 5:0 से हराया। नुपुर (80+ किग्रा) ने यूक्रेन की मारिया लोवचिन्स्का को हराया। परवीन (60 किग्रा) ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पोलैंड की विश्व मुक्केबाजी कप रजत पदक विजेता रयगेल्स्का अनेटा एल्जबिएटा को 3:2 के कड़े मुकाबले में हराया। स्वीटी बूरा (75 किग्रा) ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, जबकि नवीन का सफर भी कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। चौथे दिन नौ भारतीय खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे, जिनमें दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा से और मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) का मुकाबला कजाकिस्तान की उल्जान सरसेनबेक से होगा।

बीसीसीआई ने दिया फिटनेस अपडेट

# भारतीय टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे कप्तान शुभमन गिल



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार से दूसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होगी, जिसके लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। हालांकि, सीरीज के निर्णायक मुकाबले में गिल के खेलने पर अभी तक मुहर नहीं लगी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी।

दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद निगरानी में रखा गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। शुभमन को दिए गए उपचार का अच्छा असर हो रहा है। वह 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा।' कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दूसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान गिल चोटिल हुए थे।

भारतीय पारी के 35वें ओवर में साउथ अफ्रीकी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर चौका लगाने के बाद गिल को गर्दन में परेशानी महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इसके बाद भारतीय कप्तान मैच में दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर सके। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद गिल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गर्दन में सर्वाइकल कॉलर लगा हुआ था। तीसरे दिन की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने घोषणा कर दी थी कि कप्तान गिल मैच के शेष हिस्से से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम को इस रोमांचक मुकाबले में 30 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। अब सीरीज बराबरी पर खत्म करने के लिए टीम इंडिया को गुवाहाटी टेस्ट जीतना होगा। इससे पहले अक्टूबर 2024 में गिल गर्दन में अकड़न की समस्या से जूझते नजर आए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले उन्हें यह समस्या हुई, जिसके कारण वह मैच से बाहर हो गए थे। इसी समस्या के कारण गिल जुलाई 2024 में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में भी नहीं खेल सके थे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के दूसरे दौर में प्रणय, आयुष और थारुन

**सिडनी, एजेंसी।** भारतीय शटलर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 में दमदार प्रदर्शन किया है। एचएस प्रणय, आयुष शेट्टी और थारुन मन्नेपल्ली ने 4,75,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 33 वर्षीय एचएस प्रणय शुरुआत में जूझते नजर आए। प्रणय शुरुआती गेम में लय में नजर नहीं आए और दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सॉट मार्सेलिनो से 6-21 से हार गए। इसके बावजूद एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता ने संयम बनाए रखते हुए अपने डिफेंस को मजबूत बनाया। उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण रखते हुए 57 मिनट तक चले मुकाबले में अगले दो गेम 21-12, 21-17 से जीत लिए।



अब 2023 के उपविजेता एचएस प्रणय का सामना इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से होगा। दूसरी ओर, कर्नाटक के 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन में अपनी पहली सुपर 300 जीत के बाद दुनिया के 32वें नंबर के खिलाड़ी ने कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 से शिकस्त दी। यह मुकाबला केवल 33 मिनट तक चला। आयुष शेट्टी विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता रहे हैं। उनका सामना चौथे वरीय कोडाई नाराओका और शियाओडोंग शेंग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। एक अन्य मुकाबले में थारुन मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन के खिलाफ 21-13, 17-21, 21-19 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 66 मिनट तक चला।

2023 के राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अब चीन ताइपे के पांचवीं वरीयता प्राप्त लिन चुन-यी से चुनौती का सामना करेंगे। वहीं, किरण जॉर्ज को जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत इस टूर्नामेंट में जल्द अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। देश को इन शटलर्स से खासा उम्मीदें हैं।

स्नूकर विश्व कपः

## पाकिस्तान के असजद इकबाल ने किया बड़ा उलटफेर, भारत के पंकज को 4-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4-0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। स्नूकर विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल ने भारत के तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को 4-0 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। शुरू से ही बेहतरीन फॉर्म में दिखे इकबाल ने मैच के दौरान लगातार शानदार ब्रेक लगाए और आडवाणी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इकबाल ने पहले फ्रेम में 81 का शानदार ब्रेक लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे फ्रेम में 45 का ब्रेक जोड़कर स्कोर 2-0 कर दिया। आडवाणी, जिन्होंने प्री-क्वार्टरफाइनल में ब्रिजेश दामानी को मात दी थी, इस मुकाबले में अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। तीसरे फ्रेम में इकबाल ने 68 और 49 के ब्रेक के साथ बढ़त को और मजबूत किया और चौथे फ्रेम में भी बढ़त बनाए रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।



## आईसीसी रैंकिंग : रोहित शर्मा से छिना नंबर 1 का ताज, अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी द्वारा 19 नवंबर बुधवार के दिन इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई हैं। तीन हफ्ते तक नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बने रहने के बाद हिटमैन रोहित शर्मा से यह ताज छिन गया है। न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल को लगातार शानदार प्रदर्शन का फल मिला है। लेकिन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा की लंबे समय से बादशाहत बरकरार है और वह नंबर 1 की कुर्सी पर काबिज हैं। मिचेल के 782 रेटिंग पॉइंट्स हैं तो रोहित के 781 अंक हैं। साथ ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में फ्लाप होने वाले यशस्वी जायसवाल को नुकसान उठाना पड़ा है। बाएं हाथ के भारतीय सलामी बल्लेबाज को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान का नुकसान हुआ है। यशस्वी अब टॉप 5 से बाहर होकर सातवें स्थान पर आ गए हैं। इस लिस्ट में जो रूट टॉप पर काबिज हैं।



**भारत के 2 गेंदबाजों के सिर नंबर 1 का ताज बरकरार**

गेंदबाजों की बात करें तो टी20 में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की बादशाहत इस हफ्ते भी बरकरार रही है। साथ ही स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट के नंबर 1 गेंदबाज बने हुए हैं। जबकि वनडे में अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर 1 गेंदबाज हैं।

एशियन कप क्वालिफायरः

# भारतीय फुटबॉल टीम की तीसरी हार, 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने भी दी मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम का एशियाई कप 2027 क्वालिफायर्स में लगातार खराब प्रदर्शन जारी है। पांच मैचों के बाद भी भारतीय टीम के लिए जीत का खाता नहीं खुल पाया है। टीम को तीसरी हार झेलनी पड़ी है। खास बात यह है कि फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर काबिज भारतीय फुटबॉल टीम को 183वीं रैंकिंग वाली बांग्लादेश की टीम ने हरा दिया।

मंगलवार 18 नवंबर को ढाका में हुए इस मैच को बांग्लादेश ने 0-1 से अपने नाम किया। एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से भारतीय फुटबॉल टीम पहले ही बाहर हो चुकी है। बांग्लादेश के लिए शेख मुरसलीन ने ग्रुप सी के इस मैच के 11वें मिनट में मुकाबले का इकलौता गोल दागा और यही भारत की हार का कारण बन गया। भारत को 31वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका मिला था जब बांग्लादेश के गोलकीपर मितुल मार्मा के गोल पोस्ट से दूर थे। इसके बावजूद लालियानजुआला चांगटे गोल करने से चूक गए। बॉक्स पास से दाएं पैर से लगाए गए उनके किक को हमजा चौधरी ने हेडर से रोक दिया। पहले हाफ में टच लाइन के पास दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की हुई लेकिन रेफरी ने स्थिति को काबू में कर लिया। भारत का अभियान 14 अक्टूबर को ही गोवा के मडगांव में सिंगापुर के खिलाफ 1-2 से हार के बाद समाप्त हो गया था।



यह मैच हालांकि किसी भी टीम के टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के हिसाब से महत्वहीन था, क्योंकि भारत के साथ बांग्लादेश की टीम भी 2027 के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की दौड़ से बाहर हो गई है। भारत पांच मैचों में तीन हार और दो ड्रॉ से दो अंक लेकर चार टीमों की ग्रुप तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। बांग्लादेश की यह पांच मैचों में पहली जीत है और टीम पांच अंक के साथ ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर है। दोनों देशों के बीच पहले चरण का मैच 25 मार्च को शिलांग में गोलरहित ड्रॉ पर छूटा था।

## संक्षिप्त समाचार

### 141 ली शराब बरामद , एक तस्कर गिरफ्तार,बाइक जब्त

**कोईलवर**। गीधा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोमवार देर रात एक शराब तस्कर को 141 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से शराब की तस्करी में उपयोग की जा रही एक बाइक को भी जब्त कर थाने ले आई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गीधा टोला निवासी नीरज कुमार अपने घर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपाकर रखता है और लंबे समय से अवैध तस्करी में शामिल है।सूचना की पुष्टि के हेतु एवं तस्कर की गिरफ्तारी के लिए सशस्त्र पुलिस बल के साथ देर रात उसके घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 141 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में स्पेशल ब्लेंड इंडियन व्हिस्की के 112 लीटर, आफ्टर डार्क ब्लू ग्रेन व्हिस्की के 3 लीटर, रॉयल स्टेग सुपीरियर व्हिस्की के 7.5 लीटर तथा रॉयल स्टेग सुपीरियर बैच नंबर 518 के 18 लीटर शामिल हैं। सभी शराब की बोतलों को जब्त कर थाने लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त नीरज कुमार, गीधा टोला निवासी सत्येंद्र राय का पुत्र है। उसके पास से एक बाइक भी बरामद की गई है, जिसका उपयोग शराब सप्लाई करने में किया जा रहा था। पूरे मामले में मद्य निषेध उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने स्पष्ट किया ।

### ईवीएम के सुरक्षित संधारण, निगरानी व अन्य प्रक्रियाओं की हुई समीक्षा

**आरा**। विधानसभा चुनाव समाप्ति होने के बाद भोजपुर जिला निर्वाचन कार्यालय मतदान और मतगणना में उपयोग की गई ईवीएम को सील कराने का काम कर रहा है। इस संदर्भ में मंगलवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया और पुलिस अधीक्षकराज ने मंगलवार को ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतगणना होने के बाद ईवीएम सीलिंग कार्य के दौरान किया गया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारीद्वय ने ईवीएम को सुरक्षित रखने, गोदाम के प्रवेश-निकास व्यवस्था, निगरानी व अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम सील करने के संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से किया जाए। ईवीएम सील करने में बिहार निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

### लाखों खर्च करने के बाद भी गांवों में नहीं सफाई

**गड़हनी**। लोहिया स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के लिये बगवा पंचायत में लाखों रुपए खर्च किए गए। लेकिन आज गांवों में स्वच्छता अभियान पूर्णतः फेल है। प्रखंड के बगवां में मुखिया के द्वारा पंचायत के प्रत्येक वार्ड में एक एक स्वच्छता कर्मी बहाल किया गया। स्वच्छता कर्मी को ठेला गाड़ी, झाड़ू भी दिया गया लेकिन आज बगवां पंचायत के कई वार्ड में सफाई कर्मी झाड़ू नहीं लगाते है। ना कचड़ा उठाते है। ग्रामीण मुन्ना पाण्डेय, योगेंद्र सिंह ने कहा कि पहले सफाई कर्मी कचड़ा उठाने व झाड़ू लगाने लगातार आते थे लेकिन इस समय कोई सफाई कर्मी गांवों में झाड़ू नहीं लगा रहे है न कचड़ा उठाते है। ग्रामीण खुद अपना कचड़ा फेकते है : खुद ग्रामीण अपना कचड़ा फेक रहे है। वहीं पंचायत के रामपुर व सिकटी गांव में सफाई कर्मी काम कर रहे है। पंचायत सचिव ने बताया कि सफाई कर्मी काम छोड़ भाग गए है, उन लोगों को भुगतान भी नहीं दिया जा रहा है। मुखिया मालती देवी ने कहा कि चुनाव के लिये जब से आचार संहिता लगा उस समय से पैसा नहीं आ रहा है उसके पहले प्रत्येक महीना में पैसा भुगतान किया गया है। वहीं कहा कि सफाई कर्मी ने ठेला तोड़ कर गांव में खड़ा कर दिया है और काम छोड़ दिया। जल्द ही दूसरा सफाई कर्मी को लगाया जाएगा।

### 20 को आईटीआई परिसर में लगेगा जॉब कैंप

**बक्सर**। 20 नवंबर को बक्सर स्थित आईटीआई परिसर में जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। जॉब कैंप में 76 पदों पर होगी बहाली होगी। जिला नियोजनालय की ओर से जॉब कैंप लगेगा। जॉब कैम्प में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अब तक नियोजनालय में निबंधित नहीं हो पाये वे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन अपना निबंधन करा सकते हैं। कैंप पूर्वाह्न11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक संचालित रहेगा।

### छात्र-छात्राएं सीख रहे रंगकर्म की बारीकियां

**आरा**। नाट्य संस्था सूत्रधार द्वारा आयोजित 10 दिवसीय रंगमंच (अभिनय) कार्यशाला में मध्य विद्यालय यादव विद्यापीठ, मौला बाग में छात्र-छात्राएं रंगकर्म की बारीकियां सीख रहे हैं। कार्यशाला की शुरुआत से ही बच्चों में उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षकों ने अब तक प्रतिभागियों को योगा, संवाद अदायगी, शारीरिक संचालन, बॉडी लैंग्वेज और मंच पर भाव-भंगिमाओं के सही उपयोग के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया है।संस्था के महासचिव नवाब आलम ने कहा कि सूत्रधार वर्षों से युवा पीढ़ी को बेहतर नाट्य प्रशिक्षण देने की दिशा में काम कर रहा है। हम लगातार इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन करते हैं, क्योंकि बच्चों में अभिनय सीखने की प्राकृतिक क्षमता होती है। एक कुशल प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में उनके व्यक्तित्व और अभिव्यक्ति में अद्भुत निखार आता हैं। नाट्यशास्त्र नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और संवाद कौशल को बढ़ाता है कार्यशाला निर्देशक अंबुज कुमार ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ नाट्यशास्त्र का संयोजन बच्चों को न सिर्फ संवेदनशील बनाता है, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और संवाद कौशल का विकास भी करता है। एक प्रशिक्षित कलाकार भविष्य में एक बेहतर नागरिक भी बनता है। कार्यशाला प्रबंधक बीरेंद्र ओझा ने बताया कि बच्चों में सीखने की ऊर्जा देखकर स्पष्ट है कि यह वर्कशॉप उनके लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। प्रशिक्षक जिस तरह पढ़ाई की भांति रंगकर्म की सूक्ष्म बारीकियां समझा रहे हैं, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मुख्य प्रशिक्षक अनिल कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को नाटक की उत्पत्ति, उसके ऐतिहासिक महत्व और नाट्य प्रस्तुति में उपयोग होने वाले विभिन्न सहायक तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभिनय की व्याख्या करते हुए बताया कि अभिनय वह कला है जिसमें अभिनेता या अभिनेत्री किसी कथा, भाव या परिस्थिति को अपनी अभिव्यक्ति और क्रियाओं से जीवंत बनाता है। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक भरत कुमार आर्या, शोएब कुरैशी, मुकेश कुमार और आसिफ हसन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्कशॉप के अंतिम दिनों में बच्चे मंच पर नाटक प्रस्तुति का अभ्यास भी करेंगे, जिससे उनके भीतर मंचीय आत्मविश्वास और प्रदर्शन क्षमता का विकास होगा।

### साइबर ठगी गई 50 हजार खाता धारक को वापस

**आरा**। साइबर थाना के थानाध्यक्ष सह डीएसपी सनेह सेतु और थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, साइबर ठग के द्वारा ठगी गई 50 हजार रुपया को पीड़ित के खाते में वापस करा दिया। डीएसपी सनेह सेतु ने प्रेस रिलीज कर बताया की टाउन थाना क्षेत्र के वली गंज मोहल्ला के निवासी सूरज कुमार पिता स्वर्गीय विश्वनाथ के द्वारा खाता से 50 हजार रुपया ठगी करने का आवेदन थाना में दिया गया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते से अवैध रूप से 50,000/- की निकल गई राशि को पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। डीएसपी सनेह सेतु ने आगे बताया की इस मामले में पूर्व में ही 3 अप्राथमिकी अभियुक्तों को दानापुर से गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर निवासी सौरभ कुमार, बेगमपुर निवासी अभय कुमार एवं पटना जिले के शाहपुर थाना के मड़ियापुर गांव निवासी अमन कुमार शामिल है। सभी अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के सदस्य है। सौरभ कुमार गैंग का मुख्य मास्टर माइंड है। यह गैंग बिहार के अलावा पंजाब के गुरुदासपुर, यूपी के प्रयागराज, ओडिशा एवं राजस्थान के जयपुर समेत अन्य राज्यों में आनॅलाइन ठगी करता था। सभी राज्यों से गैंग के विरुद्ध शिकायत प्राप्त है। यह गैंग पटना जिले के दानापुर के पास ई कामर्स आनॅलाइन के नाम से किराए पर एक अपार्टमेंट लेकर दफ्तर का संचालन करता था। गैंग के सदस्यों के पास से अलग-अलग बैंकों का आठ फर्जी मुहर, तीन पासबुक तीन स्कैनर, दो पर्स, सात एटीएम कार्ड, 13 चेकबूक, एक पावर बैंग को जब्त किया गया था।

# पुलिस ने विशेष अभियान में 9 को किया अरेस्ट

निज संवाददाता। बक्सर



♦ 2.36 लाख रुपये वसूला जुर्माना , 107.5 लीटर शराब बरामद

बक्सर पुलिस ने कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल 9 अभियुक्तों को अरेस्ट कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

**पुलिस ने अवैध शराब का सेवन करते 5 को धर दबोचा:** अभियान के दौरान शराब से जुड़े मामलों में भी प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस ने अवैध शराब का सेवन करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, तीन अलग-अलग मामलों में कुल 107.5 लीटर देशी शराब बरामद की गई। हालांकि, इस दौरान कोई विदेशी शराब जब्त नहीं हुई।एक बाइक की जब्त,16 वारंटों का किया निष्पादन पुलिस ने अन्य अवैध गतिविधियों पर भी शिकंजा कसा। एक मोटरसाइकिल जब्त की गई और 16 वारंटों का निष्पादन किया गया। इस अभियान में एक कुख्यात अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया, साथ ही एक वारंट की विशेष निष्पादन कार्रवाई भी पूरी की गई। वाहन चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 2,36,000 रुपये का जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना था।

**किसी भी आपात स्थिति में डायल-112 पर करें संपर्क:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा अवैध गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। बक्सर पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक डायल-112 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 06183-295039 और 9031826744 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। बक्सर पुलिस ने जनसेवा और सुरक्षा के प्रति अपनी निरंतर तत्परता का आश्वासन दिया है।

## ग्राहक बुलाने पर दुकानदारों में मारपीट

निज संवाददाता। आरा



♦ लाठी-डंडे से पिटाई, सगे भाई समेत चार जख्मी

भोजपुर के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार पर ग्राहक बुलाने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से सगे भाई सहित चार लोग जख्मी हो गए। घटना को लेकर आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कृष्णागढ़ पुलिस की ओर से चारों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां डाक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। घायलों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी स्व.राज कुमार साह का बेटा राहुल कुमार साह व मनोज कुमार साह और उसी थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी स्व. लाल बहादुर केसरी का बेटा राज कुमार केसरी व अशोक कुमार केसरी शामिल है।

**दोनों पक्ष आपस में भीड़े:** घटना के संबंध में बताया जाता है कि राहुल कुमार साह और अशोक कुमार केसरी का सरैया बाजार पर सब्जी दुकान है और बराबर ग्राहक बुलाने को लेकर कहासुनी होती रहती है। जब एक ग्राहक राहुल कुमार साह के दुकान पर सब्जी खरीदने आया। तभी उस ग्राहक को जबरन अशोक कुमार केसरी की ओर से अपने दुकान पर बुलाया जाने लगा। इसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। दोनों पक्ष आपस में भीड़ और जमकर मारपीट की। जिससे सभी जख्मी हो गए। मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने किया सुसाइड

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव स्थित बधार में मंगलवार को पत्नी से झगड़ा के बाद पति ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। इलाज के लिए आरा लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही तीयर थानाध्यक्ष राजीव रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव वार्ड नम्बर 14 निवासी रामेश्वर सिंह का 26 साल का बेटा धुरान कुमार है। वह किसान था। मृतक के पिता रामेश्वर सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह दोनों पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। वह गुस्से में घर से बाहर निकल गया और बधार में जाकर उसने जहर खा लिया। जहर खाने के बाद उसने फोन कर पत्नी और अपनी बहन से कहा कि मैं जहर खा लिया है। उसकी पत्नी व बहन ने इसकी जानकारी उन्हें दी।

**2 साल पहले की थी लव मैरिज:** परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। खोजबीन के दौरान जब वह बाजार में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वह बेहोश पड़ा हुआ है। परिजन उसे इलाज के लिए आरा आ रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। धुरान कुमार का बिहिया थाना क्षेत्र के साहब टोला निवासी सोनिया देवी से कुछ साल पहले से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों ने साल 2023 में लव मैरिज शादी कर ली थी और सब कुछ ठीक चल रहा था। मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था।

## हमने मुरई बोने वाले को उखाड़कर सत्ता से फेंक दिया

निज संवाददाता। बक्सर




♦ बक्सर में बोले जदयू नेता दिनेश सिंह, निवर्तमान विधायक अजीत कुशवाहा ने किया पलटवार

बक्सर के डुमरांव में जदयू नेता दिनेश सिंह के एक विवादित बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बीते दिनों मीडिया से बातचीत में दिनेश सिंह ने अपने नेता राहुल सिंह की जीत पर टिप्पणी करते हुए कहा था, "हम लोगों ने मुरई बोने वाले को उखाड़कर सत्ता से फेंक दिया है।"

इस बयान को एक जाति विशेष पर सीधा हमला माना जा रहा है। इस विवादित बयान पर डुमरांव के निवर्तमान विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह बयान "मनुवादी विचारधारा" का परिणाम है, जहां व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी क्षमता या कर्म के बजाय जाति के आधार पर किया जाता है।

**'व्यक्ति जाति के आधार पर छोटा या बड़ा नहीं होता':** डॉ. कुशवाहा ने जोर देकर कहा कि कोई भी व्यक्ति जाति के आधार पर छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसके कर्म उसे महान बनाते हैं। उन्होंने दिनेश सिंह के बयान को अपनी योग्यता के बजाय जाति के आधार पर निर्णय लेने वाली "मनुवादी सोच" बताया और इसका विरोध किया। उन्होंने मनुस्मृति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके रचनाकारों ने समाज को जातियों में विभाजित कर प्रत्येक जाति के लिए पारंपरिक कार्य निर्धारित कर दिए थे।

**'ऐसी विचारधारा का आज भी विरोध करते हैं':** डॉ. कुशवाहा ने उदाहरण देते हुए कहा कि आज कोई कुशवाहा पीएचडी कर ले, यादव डॉक्टर बन जाए, लोहार वैज्ञानिक बन जाए, या रविदास समाज का युवक जज बन जाए, फिर भी मनुवादी सोच रखने वालों के लिए उनका मूल काम 'मुरई उखाड़ना, दूध बेचना या मछली पकड़ना' ही रहता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसी विचारधारा का आज भी विरोध करते हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर बढ़ते विरोध के बाद, जदयू नेता दिनेश सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो संदेश जारी कर माफी मांगी।

**'मेरा उद्देश्य किसी जाति विशेष को ठेस पहुंचाना नहीं':** वीडियो में उन्होंने कहा, "मेरा उद्देश्य किसी जाति विशेष को ठेस पहुंचाना नहीं था। गलती से शब्द निकल गए। मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाजवादी विचारों में आस्था रखता हूं। यदि मेरे बयान से किसी समुदाय या व्यक्ति को कष्ट पहुंचा है, तो मैं हृदय से क्षमा मांगता हूं।" उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक आलोचना मर्यादा के भीतर होनी चाहिए और यदि उनके शब्दों से किसी को असुविधा हुई है, तो वह विनम्रतापूर्वक क्षमा प्रार्थी हैं। क्षेत्र में राजनीतिक तापमान बरकरार एक ओर जहां यह विवाद सोशल मीडिया पर जारी है, वहीं राजनीतिक हलकों में भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं।

# अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में समस्याओं को ले प्राचार्य का किया घेराव

निज संवाददाता। आरा



एसबी कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य का घेराव किया। नेतृत्व अध्यक्ष उज्ज्वल तिवारी ने की। कहा कि हमारी संगठन की मुख्य मांग इंटर्नशिप में अवैध वसूली पर रोक लगाना है। दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों की सभी मांग उचित है। विगत एक महीने पहले से सभी छात्रों की समस्या को प्राचार्य डॉ आभा सिंह से अवगत कराया गया था। प्राचार्य डॉ आभा सिंह ने 15 नवम्बर तक सभी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक एक भी मांग पूरा नहीं हुआ है। इसलिए महाविद्यालय का घेराव किया गया है। वही विभाग संगठन मंत्री दिनेश कुमार ने कहा कि अगर छात्रों की मांग 7 दिनों के अंदर पूरा नहीं हुआ तो पूरे महाविद्यालय को अनिश्चित कालीन बन्द कर देंगे। मौके पर नगर मंत्री राहुल कुमार, नगर सह मंत्री कल्पना, भारती विक्रम ओझा, नगर खेलों भारत प्रमुख राहुल तिवारी, कॉलेज उपाध्यक्ष गौरभ कुमार, जुली कुमारी, चंदन सिंह, सतीश दुबे, शिवम राय, हैप्पी किशोर, अनीश सोहनी सिंह, विकाश कुमार, सोनू कुमार, आदित्य पाठक कुमार, धीरज कुमार और निशांत कुमार सहित कई शामिल थे। इन मांगों को लेकर हुआ घेरावः सभी छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के लिए स्मार्ट आईडी कार्ड की व्यवस्था, महाविद्यालय परिसर में आई. कार्ड के साथ प्रवेश अनिवार्य, सभी विषयों की कक्षा का ससमय संचालन, महाविद्यालय में वाई-फाई की व्यवस्था सुचारू ढंग से, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए महाविद्यालय स्तर पर प्लेसमेंट सेल का गठन, समय-समय पर सेमिनार,. स्नातक (न्यू कोर्स) की आंतरिक परीक्षाओं के लिए सभी विभाग का एक साथ रूटिंग जारी किया जाए, एनएसएस के सूची अनुसार कार्यक्रम एवं विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया जाए। सभी खेल से संबंधित आवश्यक खेल सामग्री अभिलंब उपलब्ध कराया जाए।छात्रो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाए। पार्किंग का एक स्थान चिन्हित किया जाए।

## ट्रकों की टक्कर में ड्राइवर की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर-पटना मुख्य सड़क पर मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई। सहचालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। औद्योगिक थाने की पुलिस ने बताया कि कथकौली लड़ाई मैदान गेट के समीप पटना की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने आगे चल रहे बालू लदे ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गया और वाहन का अगला हिस्सा तहस-नहस हो गया। केबिन में फंसे चालक और सहचालक को स्थानीय लोगों तथा पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों को तत्काल अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक मध्यप्रदेश निवासी छावा लाल भेल का पुत्र जगदीश भेल है। गंभीर रूप से जख्मी सहचालक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतक चालक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना में शामिल दोनों ट्रकों को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है । जॉब के लिए जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर कृषि भवन,आरा कैंपस में संपर्क कर सकते है । यह जॉब कैंप 19 नवंबर दिन बुधवार की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला नियोजनालय कार्यालय परिसर,आरा में निजी क्षेत्र की कंपनी ऑन द स्पॉट कैंपस में चयन करेंगी । यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी है। जॉब कैम्प में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। कैम्प जिला नियोजनालय की तरफ से लगाया जा रहा है । इस कैम्प में निजी क्षेत्र की कंपनी Pram Corporation(Bajaj Electricals Ltd.) में अभ्यर्थियों के योग्यतानुसार कैंपस में चयन करेगी । जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदकों से अनुरोध किया गया है की वे NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर अवश्य निबंधित हो ले । कंपनी की ओर से आयोजित इस कैंप में सम्पूर्ण भोजपुर लिए बहाली की जाएगी ।

**सभी पत्र की मूल कॉपी जरूरी:** कैंपस चयन के बाद कंपनी की ओर से इस कैम्प में 18 साल से 28 साल तक के पुरुष और महिला बेरोजगारों को प्रोडक्शन क्वालिटी इंचार्ज पद के लिए होनहार युवाओं को ऑन स्पॉट रोजगार मिलेगा । इसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र,पासपोर्ट साइज का फोटो,बायोडाटा (रिज्यूम) और सभी पत्र की मूल कॉपी जरूरी है ।

**कम्पनी की पूरी जानकारी इस तरह से है :** कम्पनी का नाम :—Pram Corporation(Bajaj Electricals Ltd.), पद :-- प्रोडक्शन क्वालिटी इंचार्ज, सीटः— 72, शैक्षणिक योग्यताः- न्यूनतम 10 वीं,12 वीं,ITI एवं डिप्लोमा पास, सैलरी :—21500, उम्र :- 18 साल से 28 साल तक, आवेदक :-- पुरुष और महिला, स्थान :—जिला नियोजनालय,कृषि भवन कैंपस,आरा, समयः-सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक इस जॉब कैम्प में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए नियोजनालय में निबंधन होना जरुरी है। जो अभ्यर्थी अब तक नियोजनालय में निबंधित नही हो पाए है वे नेशनल करियर सर्विस पोर्टल www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन अपना निबंधन करा सकते है । साथ ही जिला नियोजनालय,भोजपुर में ऑनलाइन निबंधन करा सकते है और कैम्प में भाग लेकर रोजगार के अवसर का फायदा ले सकते है । जॉब कैम्प में प्रवेश मुफ्त है । जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय की भूमिका ई पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधा प्रदाता के रूप में होगी ।

## नियोजनालय में 20 नवंबर को एक दिवसीय जॉब कैंप

♦ प्रोडक्शन क्वालिटी इंचार्ज के 76 पदों पर होगी भर्ती, 21,500 रुपए मासिक वेतन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में जिला नियोजनालय द्वारा 20 नवंबर 2025 को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड, बक्सर परिसर में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस जॉब कैंप में प्रेम कॉर्पोरेशन (बजाज इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) द्वारा प्रोडक्शन क्वालिटी इंचार्ज के 76 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए मासिक वेतन 21,500 रुपए निर्धारित है। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष तय की गई है, जबकि शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई या डिप्लोमा पास रखी गई है। पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

**कैंप में शामिल होने के लिए निबंधन अनिवार्य:** जॉब कैंप में शामिल होने के लिए नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल – www.ncs.gov.in पर ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं। कैंप में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क है और किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड और सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां लेकर कैंप स्थल पर उपस्थित होना होगा। जॉब कैंप का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**बेरोजगार युवाओं से लाभ उठाने की अपील:** प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ऐसे कैंप युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियोजनालय केवल एक सुविधा प्रदाता की भूमिका में है और नियुक्ति से जुड़ी सभी शर्तों के लिए नियोजक संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी। जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इस जॉब कैंप के माध्यम से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और यह आयोजन उनके भविष्य को संवारने में सहायक सिद्ध होगा।